मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 23.4 | 23.8 |
| जमशेदपुर | 29.1 | 19.2 |
| डालटनगंज | 30.1 | 16.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* * * *




पेज 8-9


www.lagatar.in | मंगलवार, 05 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 8, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 227 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


## सुर्खियां

**इंटरनेशनल**
- इमरान खान के खिलाफ 12 दिसंबर को तय होंगे आरोप
- इजराइल ने दो दर्जन इलाकों को खाली करने को कहा
- इजराइल को विमानों के पुर्जों की आपूर्ति रोकने की अपील
- कनाडा में हमले के मामले में 4 भारतीयों की तलाश

**नेशनल**
- संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 11 दिसंबर तक बढ़ी
- जीएसटी संग्रह में लगातार हो रही बढ़ोतरी : वित्त मंत्री
- देश में घायलों को कैशलेस इलाज देने की तैयारी
- सुकेश चंद्रशेखर की याचिका पर सुनवाई 6 दिसंबर को

**स्टेट**
- झारखंड में जंगली जानवरों की संख्या सिर्फ 29 हजार
- झारखंड से टॉप लेवल के अफसरों का हो रहा मोह भंग
- 4401 उर्दू शिक्षकों में मात्र 689 शिक्षकों की हुई नियुक्ति
- सांसद निशिकांत दुबे को हाईकोर्ट से राहत बरकरार

**स्पोर्ट्स**
- जू.विश्व चैंपियनशिप में नौ भारतीय स्वर्ण पदक की दौड़ में
- देश में बना खेलों का शानदार माहौल : योगी आदित्यनाथ
- स्मिथ और वॉर्नर हमारे हीरो हैं : उस्मान ख्वाजा
- श्रीलंका में एसएलसी ने की रणसिंघे के खिलाफ शिकायत

## किसने क्या कहा

- सरकार सशस्त्र बलों में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : **नरेंद्र मोदी**
- देश की जरूरत को जनता ने भारी मतों से जीत दिलाई : **-सुदेश महतो**
- झारखंड सरकार की अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है : **-प्रतुल शाहदेव**

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,400 |
| चांदी (किलो) | 79,000 |

## ब्रीफ खबरें

### झारखंड सरकार बर्खास्त की जाए : निशिकांत दुबे

**नई दिल्ली।** भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने सोमवार को लोकसभा में झारखंड सरकार पर आदिवासियों के लिए राज्य में खराब माहौल बनाने, बांग्लादेशी घुसपैठियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए केंद्र से उसे बर्खास्त करने की मांग की. दुबे ने शून्यकाल में कहा कि राज्य के सुंदरपहाड़ी क्षेत्र में पिछले दिनों एक जनजाति के 20 बच्चों की मौत किसी संक्रमण से हो गई, लेकिन जाने पर पता चला कि वहां डॉक्टर ही नहीं है. जब उन्होंने उस क्षेत्र का दौरा किया, तो पता चला कि वहां न एक भी पीएम आवास है, न मेडिकल सुविधा. सड़कों की हालत भी खराब है. बांग्लादेशी घुसपैठियों को बढ़ावा देने वाली सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए.

### इंडिया की बैठक का मुझे पता नहीं: ममता

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए विपक्षी दलों की ओर से बनाए गए इंडिया गठबंधन की अगली बैठक 6 दिसंबर को होनी है. इस बारे में सवाल पूछे जाने पर बंगाल की सीएम और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बैठक की जानकारी से इनकार कर दिया. उन्होंने 6 दिसंबर को होने वाली इंडिया की बैठक को लेकर कहा, मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है और मेरे उत्तर बंगाल के कुछ कार्यक्रम तय हैं, अगर इस बारे में जानकारी होती, तो मैं उत्तर बंगाल के कार्यक्रम में नहीं जाती. मैं दौरे पर जा रही हूं. टीएमसी सुप्रीमो ने कहा, मुझे पता नहीं है. अगर जानकारी होती तो हम कार्यक्रम नहीं रखते. हम जरूर जाते.

### रेवंत रेड्डी तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री होंगे

**हैदराबाद।** तेलंगाना में कांग्रेस ने सीएम का नाम तय कर लिया है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी राज्य के अगले सीएम होंगे. सूत्रों ने ये जानकारी दी है. तेलंगाना की कुल 119 सीटों में 64 सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है. बीआरएस ने 39 और बीजेपी ने आठ सीटों पर जीत दर्ज की है. रेवंत रेड्डी ने कोडंगल विधानसभा क्षेत्र से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के पी नरेंद्र रेड्डी को 32000 से अधिक मतों के अंतर से हराया है. विधानसभा चुनाव रिजल्ट के बाद से ही रेवंत सीएम के रेस में सबसे आगे चल रहे हैं.

### सिमडेगा: पीएलएफआई के दो सदस्य गिरफ्तार

**सिमडेगा।** जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित पीएलएफआई संगठन के दो सदस्यों को एक नियमित सुरक्षा अभियान के दौरान गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. उसने बताया कि दोनों को राज्य की राजधानी से लगभग 110 किमी दूर साहुबेड़ा मोड़ इलाके में रविवार को पकड़ा गया था. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, माओवादियों से जब वाहन जांच स्थल पर रुकने के लिए कहा गया था, तो उन्होंने भागने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके. उन्होंने बताया कि माओवादियों के पास से एक पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद किए गए हैं.

## सरकार आपके द्वार : गिरिडीह में सीएम ने 336 करोड़ की 147 योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन, युवाओं को सौगात

# 40 हजार नौकरियां

**संवाददाता। गिरिडीह**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड से कोयला लिया जाता है. अगर झारखंड का बकाया है, तो लाइन कटनी शुरू हो जाती है. जो फंड केंद्र सरकार रोके हुए है, उसे नहीं दिया जा रहा. जो अधिकार है उसे भी नहीं देना है. केंद्र सरकार को अपने बकाए की चिंता रहती है. हम लोगों की चिंता नही है. अब राज्य सरकार खुद से बिजली उत्पादन करने के प्रयास में है. ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण किया जा रहा है. सीएम सोमवार को गिरिडीह के झंडा मैदान में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे. इस दौरान सीएम ने 335.71 करोड़ की लागत से 47 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. विभिन्न योजनाओं के 64728 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. कई लाभुकों को सांकेतिक चेक भी सौंपा गया.

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही राज्य के युवाओं को हजारों नौकरियां मिलेंगी. जेपीएससी के माध्यम से 40 हजार बहाली का विज्ञापन निकाला जाएगा. बच्चियों के लिए सावित्री बाई फुले योजना को लागू किया गया है. निर्णय लिया गया है कि जिन घरों में एक से अधिक बिटिया भी हैं, तो उनके माता-पिता को चिंता करने की जरूरत नहीं है. सरकार उनके लिए फिक्रमंद है. सरकार पेंशन से वृद्ध और विधवा बहन को आत्मनिर्भर करने में जुट गई है.

**महामारी से संभले तो विपक्ष सरकार गिराने में जुट गया :** सीएम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि महामारी के बाद राज्य सरकार जनता को संभालने में जुटी, तो विपक्ष सरकार गिराने में जुट गया. लेकिन राज्य सरकार इसकी फ्रिक किए बिना नए तरीके से योजनाओं को लागू करने में जुटी हुई है. हक अधिकार के लिए राज्य सरकार लड़ाई लड़ रही है.



**बोले सीएम**

**64728** लाभुकों के बीच किया गया परिसंपत्तियों का वितरण

**केंद्र ने रोक रखा है हमारा 1 लाख 36 हजार करोड़ का फंड**

**केंद्र के भरोसे नहीं रहेंगे, खुद करेंगे बिजली का उत्पादन**

### मुख्यमंत्री ने कहा - संस्थान प्रखंड स्तर पर स्थापित किए गए



मुख्यमंत्री ने कहा कि जो संस्थान जिला स्तर पर संचालित होते थे, वैसे संस्थानों को प्रखंड स्तर पर भी संचालित किया जाने लगा है. इसका प्रतिफल है कि कौशल प्राप्त हजारों युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया गया. नियुक्ति प्रक्रिया भी जारी है. आनेवाले दिनों में अन्य नियुक्तियां निकली जाएंगी. नियुक्ति नियमावली की अड़चनों को दूर कर कार्य किया जा रहा है. इस अवसर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बेबी देवी, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक डॉ. सरफराज अहमद, बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उपायुक्त गिरिडीह, आरक्षी अधीक्षक गिरिडीह एवं हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे.

### राज्य के पैसे को केंद्र ने रोक दिया

सीएम ने कहा कि राज्य के पैसे को केंद्र की मोदी सरकार ने रोक दिया है. एक लाख 36 हजार करोड़ का फंड रोका हुआ है. अगर ये फंड सरकार देती है, तो राज्य में अबुआ आवास योजना का विस्तार होता. गैस सिलिंडर भी कम कीमत में उपलब्ध कराया जाता. युवाओं को उनके घरों में ही रोजगार देते. बेहतर शिक्षा दिया जाता. दस लाख पदों पर बहाली की जाती. उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार ने स्टॉल खोल कर पेंशन नहीं वितरण किया. यह राज्य की जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार में ही हो रहा है. कर्मचारी तक परेशान थे, लेकिन उनके पेंशन योजना को लागू कर परेशानियों को दूर किया गया.

**गांव हमारी आत्मा हैं**

सीएम ने कहा कि गांव किसी भी राज्य की जड़ होते हैं. गांव सशक्त होगा, तभी राज्य मजबूत होगा. सरकार की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी. इसी कड़ी में "आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. वर्तमान सरकार के गठन से पूर्व ऐसा किसी सरकार ने नहीं किया था. आज पदाधिकारी आपकी समस्या का समाधान आपके द्वार पर कर रहें हैं. चंद घंटों में आपकी समस्याओं का समाधान हो रहा है.

## राजकोट किले में शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण



पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया. फिर वे नौसेना दिवस 2023 पर आयोजित इवेंट में शामिल हुए. उन्होंने परेड की सलामी भी ली.

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, 13 लोगों की मौत

**इंफाल।** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है. यह हिंसा राज्य के तेंगनोउपल जिले में हुई. यहां सोमवार को दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग में 13 लोगों की मौत हो गई. एक अधिकारी ने बताया कि जिले के लेतीथू गांव के पास दो समूहों के बीच फायरिंग हुई. फायरिंग की सूचना मिलने पर सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे, जहां से 13 शव बरामद किए गए. शवों के पास से कोई हथियार नहीं मिले हैं. मृतक स्थानीय निवासी नहीं लग रहे. ऐसा लगता कि ये लोग कहीं और से आए थे और फायरिंग में शामिल थे. रिपोर्ट के मुताबिक, अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है. बता दें कि 3 दिसंबर को तेंगनोउपल जिले में कुकी-जो जनजातीय समूहों ने भारत सरकार और यूएनएलेफ के बीच हुए शांति समझौते का स्वागत किया था. यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब रविवार को ही राज्य में सात महीने के बाद मोबाइल इंटरनेट सेवाओं से प्रतिबंध हटा दिया गया था.

## हार का गुस्सा सदन में न निकालें : मोदी

**नयी दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया. पीएम नरेंद्र मोदी ने संसद के बाहर मीडिया को संबोधित किया. उन्होंने कहा, राजनैतिक सरगर्मी बड़ी तेजी से बढ़ी है. चार राज्यों के चुनाव के नतीजे आए. नतीजे उत्साहजनक हैं - उनके लिए उत्साहजनक हैं जो आम लोगों के कल्याण के लिए, देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए कमिटेड हैं. लोकतंत्र का ये मंदिर जन आकांक्षाओं के लिए, विकसित भारत की नींव को अधिक मजबूत बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण मंच है. विपक्ष को नसीहत देते हुए मोदी ने कहा, अगर मैं चुनाव नतीजों पर कहूं, तो ये विपक्ष के लिए अच्छा मौका है. सदन में हार का गुस्सा निकालने के बजाय, इससे सीखकर, 9 साल में चलाई गई नकारात्मकता की प्रवृत्ति को छोड़ कर अगर सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ेंगे, तो देश उनकी तरफ देखने का नजरिया बदलेगा. देश ने नकारात्मकता को नकारा है. हम सबके सहयोग के लिए हमेशा आग्रह करते हैं.

## मिजोरम विस चुनाव के नतीजे घोषित: जेडपीएम को बहुमत

# 40 में से 27 सीटें जीत कर रचा इतिहास

**एजेंसियां। आइजोल**

जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने मणिपुर विधानसभा की 40 में से 27 सीटें जीतकर सोमवार को राज्य में बहुमत हासिल कर लिया. चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी. जीतने वालों में जेडपीएम के सीएम पद के उम्मीदवार लालदुहोमा शामिल हैं. उन्होंने सेरछिप सीट पर एमएनएफ के जे. माल्सावमजुआला वानचावंग को 2,982 मतों से हराया. मिजो नेशनल फ्रंट को 10 सीटों पर जीत मिली है. भाजपा ने पलक और सैहा सीट अपने नाम कर ली है. कांग्रेस ने लांग्तलाई वेस्ट सीट पर जीत हासिल की.

मिजोरम विस के लिए मतदान 7 नवंबर को हुआ और राज्य के 8.57 लाख वोटरों में से 80% से अधिक ने अपने वोट का प्रयोग किया. 18 महिलाओं समेत 174 लोग मैदान में थे. एमएन एफ, जेडपीएम व कांग्रेस ने 40-40 सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि भाजपा ने 23 पर उम्मीदवार उतारे. मिजोरम में पहली बार चुनाव लड़ने वाली आम आदमी पार्टी ने चार सीटों पर चुनाव लड़ा. इसके अलावा 17 निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में थे.

### मंत्री, सीएम-डिप्टी सीएम भी हारे

चुनाव में जिन नेताओं को हार का सामना करना पड़ा उनमें डिप्टी सीएम और तावंलुइया शामिल हैं जो तुइचांग में जेडपीएम से हार गए. स्वास्थ्य मंत्री आर लालथंगलियाना दक्षिण तुईपुई में जेडपीएम के जेजे लालपेखलुआ से हार गए और ग्रामीण विकास मंत्री लालरुआत्किमा को आइजोल वेस्ट-द्वितीय सीट पर जेडपीएम के लालनघिंगलोवा हमार से हार झेलनी पड़ी. सीएम जोरमथंगा आइजोल ईस्ट-प्रथम सीट पर जेडपीएम उम्मीदवार लालथनसांगा से 2,101 मतों से हार गए.

| | |
|---|---|
| मिजोरम | 40 कुल सीटें |
| एमएनएफ | 10 |
| जेडपीएम | 27 |
| भाजपा | 02 |
| कांग्रेस | 01 |
| अन्य | 00 |

**मुख्य बातें**
- लालदुहोमा संभालेंगे मिजोरम की कमान
- सत्तारूढ़ एमएनएफ सिर्फ 10 सीटों पर सिमटी
- भाजपा को दो और कांग्रेस को मिली दो सीटें



**कौन हैं लालदुहोमा :** दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित होने वाले पहले सांसद से लेकर मिजोरम के सीएम बनने जा रहे 73 वर्षीय लालदुहोमा का राजनीतिक सफर बाधाओं से जूझते हुए बीता है. पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के सुरक्षा अधिकारी के तौर पर सेवा दे चुके पूर्व आईपीएस अधिकारी रहे लालदुहोमा जोरम पीपल्स मूवमेंट (जेडपीएम) की तरफ से सीएम पद के उम्मीदवार हैं. 2019 में राजनीतिक दल के तौर पर पंजीकरण कराने वाली जेडपीएम ने निर्वाचन आयोग के मुताबिक सोमवार को हुई मतगणना में मिजोरम की 40 विधानसभा सीट में से 27 पर जीत हासिल कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है. लालदुहोमा मिजोरम में दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित होने वाले पहले विधायक थे, हालांकि वह 2021 में सेरछिप सीट पर उपचुनाव जीतने में कामयाब रहे. कांग्रेस के अलावा, वह एक समय एमएनएफ का भी हिस्सा थे.

# तूफान से चेन्नई बेहाल, भारी बारिश से तबाही

## सौ से अधिक ट्रेनें रद्द, एयरपोर्ट पर भरा पानी, हवाई सेवाएं डायवर्ट, स्कूल-कॉलेज बंद

**एजेंसी। चेन्नई**

चक्रवाती तूफान 'मिगजॉम' के प्रभाव से चेन्नई और उसके आसपास के जिलों में सोमवार को जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. लगातार बारिश के कारण राज्य के विभिन्न हिस्सों में पानी भर गया, जिससे 2015 की बाढ़ की पुनरावृत्ति की आशंका पैदा हो गई. बारिश से लोगों को पीने के पानी तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के लिए भागदौड़ करनी पड़ रही है. -शेष पेज 13 पर

**हम नहीं सुधरे तो....**

### इस साल के तीन तूफान



**09 मई 2023:** इस साल का यह पहला चक्रवाती तूफान था. इसका नाम था मोका. मोका बंगाल की खाड़ी में उठा था. इस तूफान का असर आंध्रप्रदेश, ओड़िशा और तमिलनाडु में दिखा था. मोका तूफान ने जबरदस्त तबाही मचाई थी. 145 से 150 लोगों की मौत हो गई थी. डेढ़ लाख से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा था. करीब आठ लाख लोग इस तूफान से प्रभावित हुए थे.

**06 जून 2023:** अरब सागर में उठे बिपरजॉय इस साल का दूसरा तूफान था. इस तूफान ने गुजरात में भारी तबाही मचाई थी. बड़े पैमाने पर फसलों का नुकसान हुआ था. हालांकि तूफान की वजह से हुई बारिश से मूंगफली और सोयाबीन की बुआई में मदद मिली थी. आम और खजूर का उत्पादन प्रभावित हुआ था. बड़ी संख्या में मवेशियों की जान गई थी.

**04 दिसंबर 2023:** इस तूफान का नाम है मिचौंग. तूफान की वजह से तमिलनाडु में भारी बारिश हुई है और जन-जीवन अस्त-व्यवस्त हो गया है. सड़क पर वाहन तैरते देखे गए और चेन्नई एयरपोर्ट के रनवे पर पानी भर गया है.

**सूरते हाल** झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सुरक्षा पदाधिकारी पर अवैध वसूली का आरोप

# फर्जी गार्ड के नाम पर सुरक्षा पदाधिकारी उठाते हैं पैसा

**अमित सिंह। रांची**

झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सुरक्षा पदाधिकरी तरुण कुमार अवैध वसूली करते हैं. सुरक्षाकर्मियों को बाध्य कर गलत काम कराते हैं. उनके साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं. अवकाश पर रहने वाले सुरक्षाकर्मियों की उपस्थिति बनाकर यूनिवर्सिटी से पैसा उठाते हैं. वेतन भुगतान के पूर्व सुरक्षा पदाधिकारी, सुरक्षा कर्मियों से पैसों की मांग करते हैं. ऐसे आरोप तरुण कुमार पर यूनिवर्सिटी में सेवा दे रहे दो दर्जन से ज्यादा सुरक्षा कर्मियों ने लगाए हैं.

सुरक्षा पदाधिकारी के व्यवहार से तंग आकर सुरक्षा कर्मियों ने विश्वविद्यालय के कुलपति से न्याय की गुहार लगायी है. सुरक्षा कर्मियों ने लिखित शिकायत कर सुरक्षा पदाधिकरी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

कुलपति को सौंपे गए शिकायती पत्र में सुरक्षाकर्मियों ने बताया है कि उनसे यदि कोई छोटी-मोटी गलती हो जाए, तो सुरक्षा पदाधिकरी तरुण इसे मुद्दा बनाकर ड्यूटी करने से मना कर देते हैं. सजा के बहाने वैसे सुरक्षाकर्मी से मोटी रकम लेकर फिर उन्हे ड्यूटी पर लगा दिया जाता है. इंटेलिजेंस सिक्यूरिटी कंपनी के माध्यम से विश्वविद्यालय में कार्यरत सुरक्षाकर्मी वरीय पदाधिकारी के आदेश का अनुपालन करते हुए सभी सेवा दे रहे हैं. नियमित और ईमानदारी से सेवा करने के बावजूद सुरक्षा पदाधिकारी सभी सुरक्षाकर्मियों से गलत काम कराते हैं. इतना ही नहीं सुरक्षा पदाधिकारी गार्डस से घर का काम भी करवाते हैं.



**फर्जी गार्ड के नाम पर उठाते हैं पैसा**

### सुरक्षाकर्मियों के आरोप बेबुनियाद

सुरक्षाकर्मियों ने मेरे खिलाफ शिकायत की है, इसकी मुझे जानकारी नहीं है. उन्होंने जो आरोप लगाया है, मैं उसका खंडन करता हूं. सुरक्षाकर्मी शिकायत कर मेरे ऊपर दबाव बनाना चहते हैं. मैने किसी भी तरह का कोई गलत काम नहीं किया है.

**तरुण कुमार, सुरक्षा पदाधिकारी, सीयूजे**

### एक-दो गार्ड के नाम पर हर माह लेते हैं पैसा

इंटेलीजेंस सिक्योरिटी ऑफ इंडिया के सुरक्षा कर्मी दीपक कुमार सहित अन्य ने शिकायती पत्र में बताया है कि तरुण कुमार मना करने के बाद भी हर माह एक-दो सुरक्षाकर्मी का अतिरिक्त मासिक वेतन उनके बैंक खाते में डलवा देते थे. मना करने के बाद भी एटीएम से कैश निकलवा कर अवैध तरीके से लिया गया वेतन भुगतान का पैसा खुद रख लेते हैं. मना करने पर नौकरी से हटवा देने की धमकी देते हैं.

# चुरगी में एक परिवार के 7 बच्चे मलेरिया पीड़ित मिले

**संवाददाता। मनोहरपुर**

पश्चिम सिंहभूम जिले के सुदूरवर्ती सारंडा के गांव चुरगी में मलेरिया बुखार का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है. सोमवार को चुरगी गांव में मनोहरपुर सीएचसी मेडिकल टीम द्वारा ग्रामीणों का मलेरिया जांच किया गया. इनमें रक्त जांच में माता जानो, पिता कूदा लागुरी को छोड़ उनके सातों बच्चे मलेरिया पॉजिटिव पाये गये. जिसमें मलेरिया से पीड़ित बच्चे दोसमा, गोमाय, सोहराई, बुधराम, मुग़ली, गालु लागुरी एवं सीमा लागुरी माह की शिशु भी संक्रमित मिले हैं.

मलेरिया से संक्रमित सभी बच्चों को उनके घर पर ही रख कर चिकित्सा टीम द्वारा इलाज किया जा रहा है. इस बीच, मेडिकल टीम गांव में मलेरिया की रोकथाम को लेकर स्थिति पर नज़र रखे हुए है. साथ ही ग्रामीणों को बचाव के लिए घर के आस पास साफ़ सफ़ाई का निर्देश दिया है. मेडिकल टीम पूरे इलाके लोगों की जांच कर रही. सबको मच्छरदानी लगाने की सलाह दी गई है. इसके साथ ही ताजा भोजन, उबाले हुए पानी का उपयोग करने को कहा है. किसी प्रकार की गंभीर स्थिति उत्पन्न होने पर मनोहरपुर सीएचसी से संपर्क करने को कहा है.

**खास बातें**
- बच्चों को घर पर ही रख कर डॉक्टर कर रहे इलाज
- लोगों से मच्छरदानी लगा कर सोने की अपील की

## नहीं दिख रहे नेवले, बचे सिर्फ 140, लोमड़ी, हड्डा और भेड़िया भी हो रहे लुप्त

# 5 साल पहले 63 हजार से ज्यादा थे जंगली जानवर, अब हैं 29 हजार

### जानवरों के संरक्षण में सालाना खर्च 23 करोड़

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड के आइएफएस अफसरों से संभाले नहीं संभल रहा है वन विभाग. वन भूमि के संरक्षण पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं. घने जंगलों के दायरे में भी दो किलोमीटर की कमी आ गई है. वहीं जानवरों का संरक्षण करने में वन विभाग विफल रहा है. राज्य में आइएफएस अफसरों के 141 पद स्वीकृत हैं. इसके बावजूद भी वन्यप्राणी लुप्त होते जा रहे हैं. पांच साल पहले जहां जंगली जानवरों की संख्या 63500 थी, अब घट कर 29500 हो गई है. वहीं जानवरों के संरक्षण में वन विभाग सालाना 23 करोड़ रुपए खर्च करता है.



### जानवरों के संरक्षण का एक्शन प्लान धरा का धरा ही रह गया

वन विभाग ने जंगली जानवरों के संरक्षण के लिए एक्शन प्लान भी तैयार किया था. एक्शन प्लान के तहत जानवरों के संरक्षण के लिए तहत जंगल का दायरा बढ़ाने के लिए पौधारोपण को अहम बताया गया है. जानवरों के पीने के पानी के लिए चेकडैम का निर्माण और भोजन की व्यवस्था करने को प्लान में शामिल किया गया. लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है.

### 27 जंगली जानवरों की तैयार की गई है सूची

एक्शन प्लान के तहत तैयार की गई सूची में 27 जंगली जानवरों को शामिल किया गया है. वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार इनकी संख्या 29500 बताई गई है. जंगली जानवरों का संरक्षण नहीं होने के कारण इन जानवरों पर मौत का साया भी मंडरा रहा है. इनके रखरखाव को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं.

### क्या है वन विभाग का तर्क

वन विभाग का तर्क है कि वन्य जीवों के पुनर्वास का अभाव है. विभाग के अनुसार बढ़ती आबादी, जानवरों द्वारा नुकसान पहुंचाये जाने के विरुद्ध प्रतिक्रिया, नई बस्तियों का विकास, रेलवे लाइन का निर्माण, सड़क निर्माण और बिजली लाइन के निर्माण के कारण जानवरों का पलायन हो रहा है.

### पांच साल पहले जंगली जानवरों की संख्या

चीतल: 2000, कोयल: 25000, सूअर: 5500, नीलगाय: 20, कोटरा: 600, हड्डा: 70, भेड़िया: 400, बंदर: 22000, हाथी: 700, भालू: 300, मोर: 1000, खरहा: 1000,लोमड़ी: 200, नेवला: 400, सियार: 555, जंगली बिल्ली: 265, साहिल :15, जंगली कुत्ता: 80, जंगली गिलहरी: 400, जंगली मुर्गा :2200, धनेश: 10, माउस डियर: 500

### वर्तमान में क्या है जंगली जानवरों की संख्या

बंदर: 17304, बंदर :4711, हाथी: 688, भालू: 153, खरहा: 513, मोर: 858, लोमड़ी: 72, नेवला: 140, गिद्ध: 300, सियार: 266, जंगली बिल्ली: 26 और साहिल: 02, जंगली कुत्ता: 27, जंगली गिलहरी: 202, जंगली मुर्गा: 927, धनेश: 00, माउस डियर: 16 .चीतल: 867, सांभर: 45, जंगली सूअर: 2604, भौर: 147, नीलगाय: 03, कोटरा: 477, तेंदुआ: 50, हड्डा: 19, भेड़िया: 135

> जंगल क्षेत्र में इस प्रोटेक्टेड एरिया को बढ़ाने की जरूरत है. तभी जानवरों का संरक्षण हो पाएगा. टाइगर रिजर्व पलामू में भी प्रोटेक्टेड एरिया को बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया है. पूरे देश में जंगल क्षेत्र का 22% ही प्रोटेक्टेड एरिया है. सूबे में पूरे जंगल क्षेत्र का सिर्फ 9% ही प्रोटेक्टेड एरिया है.
> – एलआर सिंह, पीसीसीएफ वन्य प्राणी

## आपकी बात



> संगीत एक ऐसी कला है, जो लय, माधुर्य, सामंजस्य से विचारों को महत्वपूर्ण रूपों में व्यक्त करती है

**नाम : रेखा झा**
पेशा : गायिका
जन्मस्थल : सीतामढ़ी (बिहार)
कार्य क्षेत्र : हजारीबाग

साहित्यिक और सांस्कृतिक जिला हजारीबाग में रेखा झा किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं. उनकी गायिकी का पूरा झारखंड दीवाना है. शास्त्रीय गीत-संगीत में जब उनका सुर छिड़ता है, तो श्रोता मंत्रमुग्ध होकर तब तक सुनते रहते हैं, जब तक उनकी गायिकी पूरी नहीं हो जाती है. मैथिली, भोजपुरी और हिन्दी भाषा में उनके गाए गीत कानों में मिश्री घोलते हैं. हजारीबाग के हुरहुरू में रहनेवाली रेखा झा का रूझान बचपन से ही गायिकी के प्रति रहा. स्कूल व कॉलेज जीवन में कई कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी झोली में सम्मान पाया. वर्ष 2001 में शादी के बाद हजारीबाग में शिक्षक पति राजीव झा के सहयोग से उनकी गायिकी का रंग और भी बिखरा. उन्होंने शास्त्रीय गायन का प्रशिक्षण गुरु राजकिशोर से लिया था. बाद में गुरु आनंद दुबे से गायिकी की बारीकियां सीखी. प्रयाग संगीत समिति, प्रयागराज से शास्त्रीय संगीत व भाव संगीत में संगीत विशारद की डिग्री हासिल की. वर्ष 2004 में प्रसार भारती, आकाशवाणी रांची से भजन, गजल, गीत गायिकी के लिए सफलता प्राप्त की. रांची और हजारीबाग आकाशवाणी से उनके गाए भजनों, गजलों और लोकगीतों का प्रसारण भी हुआ. एनटीपीसी, डीवीसी, बैंक ऑफ इंडिया, संस्कार भारती, राष्ट्रीय कवि संगम आदि के कार्यक्रम में उन्होंने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति दी. रेखा झा ने वर्ष 2008 में प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका महाराष्ट्र की आरती अंकलेकर के साथ हजारीबाग महोत्सव में तानपुरा पर संगत दिया. साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित सियाराम झा 'सरस' के मैथिली गीत और गजल में उन्होंने आवाज दी. हितनाथ झा की मैथिली बाल कविता की पंक्तियों को भी रेखा झा ने अपनी आवाज में पिरोया. इसी वर्ष विद्यापति स्मारक समिति, रांची की ओर से उन्हें विशिष्ट मिथिला-पुत्री सम्मान सहित कई पुरस्कार से नवाजा गया है. वह कहती हैं कि संगीत एक प्रकार की साधना है. यह एक ऐसी कला है जो लय, माधुर्य, सामंजस्य और रंग के तत्वों के माध्यम से विचारों और भावनाओं को महत्वपूर्ण रूपों में व्यक्त करती है.

## ब्रीफ खबरें

### डॉ बिजय व डॉ महेंद्र ने व्याख्यान दिया

रांची। झारखंड केंद्रीय विवि में आइसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित 10 दिवसीय शोध कार्यशाला के सातवें दिन डॉ बिजय प्रसाद और डॉ महेंद्र सिंह ने व्याख्यान दिया. डॉ बिजय प्रसाद वेल्लोर बिजनेस स्कूल में कार्यरत हैं. उन्होंने व्यवस्थित साहित्य समीक्षा और ग्रंथ सूची विश्लेषण पर अपना व्याख्यान दिया. डॉ महेंद्र सिंह ने पीएचडी में विश्वसनीयता और वैधता टेस्ट पर व्याख्यान दिया. कार्यक्रम में डॉ. प्रणय, डॉ. अजय, डॉ. शशि सिंह, डॉ. अमित आदि उपस्थित थे.

### भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार पर बोला हमला

रांची। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में शानदार सफलता के बाद भाजपा ने हेमंत सरकार पर हमला बोला है. भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रामधारी सिंह दिनकर की कविता को ज़िक्र करते हुए कहा कि अहंकारी सरकारों का जाना तय होता है. प्रतुल ने कहा कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ की अहंकारी, विवेकहीन सरकारों का अंत हुआ. वहां भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और महिला उत्पीड़न चरम पर था.

### सांसद निशिकांत दुबे को हाईकोर्ट से राहत बरकरार

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है. झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम चौधरी की अदालत में निशिकांत दुबे की याचिका पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने उनके मामले को दूसरी बेंच में हस्तांतरित करने का निर्देश देते हुए पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार दिया है.

## प्रदूषण बोर्ड की चुप्पी : कई जिलों में प्रदूषण का इंडेक्स 70 डेसिबल कर चुका है पार

# झारखंड के कारखानों से रोजाना निकलती है 9000 टन से अधिक राख

रवि भारती। रांची

प्रदूषण के मामले में झारखंड भी दिल्ली के साथ कदम ताल करता हुआ नजर आ रहा है. राज्य के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लिए इस पर नियंत्रण कर पाना चुनौती बन गई है. हाल यह है कि राज्य के निजी और सरकारी उपक्रमों की फैक्ट्रियों से रोजाना 9000 टन से अधिक राख निकलती है. इस कारण राज्य के चार जिले धनबाद, रामगढ़, चाईबासा और सरायकेला-खरसांवा की स्थित काफी गंभीर हो गई है. इन जिलों में प्रदूषण का इंडेक्स 70 डेसीबल पार कर चुका है. इस वजह से स्थिति गंभीर हो गई है. धनबाद का इंडेक्स 78.63 तक पहुंच गया है. झारखंड के शेष जिलों का इंडेक्स 60 से कम है. 70 डेसीबल तक इंडेक्स जाने की स्थिति को गंभीर माना जाता है.

### केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइन का पालन नहीं करती हैं

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइन का पालन भी नहीं हो रहा है. गाइडलाइन के अनुसार राख का डिस्पोजल सही तरीके से करने का निर्देश दिया गया था. लेकिन ऐसा नहीं होने के कारण दामोदर, नलकरी, बराकर और स्वर्णरेखा नदी प्रदूषित हो गई है. बोर्ड ने कहा था कि डिस्पोजल ऐश (राख) पांड (तालाब) में होना चाहिए. इसका भी अनुपालन नहीं किया जा रहा है.



### झारखंड में बढ़ रहा प्रदूषण

झारखंड के विभिन्न शहरों में बेंजिन, सल्फर डाईऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा में वृद्धि होती जा रही है. सबसे भयावह स्थिति कोयलांचल की है. कोयलांचल में कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 2000 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक हो गई है. पार्टिकुलेट मैटर (धूलकण सहित अन्य धातू) की मात्रा खतरे के निशान से 10 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर अधिक है. ओजोन की मात्रा 6.7 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर आंकी गई है. अगर ओजोन की मात्रा में वृद्धि हुई तो ऑक्सीजन में कमी हो जाएगी.

### झारखंड के 80 उद्योग सबसे अधिक प्रदूषित

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने झारखंड में 80 उद्योगों को सबसे अधिक प्रदूषित माना है. इसमें कॉस्टिक सोडा की एक, 18 थर्मल पावर प्लांट, एक डिस्टलरी, तीन आयरन स्टील प्लांट, 48 स्पंज आयरन इंडस्ट्रीज, छह सीमेंट फैक्ट्री और दो कॉपर इंडस्ट्रीज शामिल हैं.

### ये इंडस्ट्रीज हैं सबसे प्रदूषित

ग्रासिम इंडस्ट्रीज व कैप्टिव पावर प्लांट : रेहला पलामू, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज व कैप्टिव पावर प्लांट- छोटामूरी,तेनुघाट थर्मल पावर प्लांट : ललपनिया, बोकारो, बोकारो थर्मल पावर स्टेशन : बोकारो,चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन : चंद्रपुरा, बोकारो,बोकारो पावर सप्लाई : बोकारो स्टील सिटी, मैथन पावर लिमिटेड : मैथन धनबाद,टाटा पावर लिमिटेड : पूर्वी सिंहभूम, थर्मल पावर, आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज : गम्हरिया, खरसांवा, कोडरमा थर्मल पावर : कोडरमा, डिवाइन विद्युत लिमिटेड : सरायकेला-खरसांवा,टाटा स्टील वेल्ट बोकारो : 20 मेगावाट थर्मल पावर, इंलैंड पावर : गोला : थर्मल पावर,मोनीडीह कैप्टिव पावर प्लांट : धनबाद, इंडस्ट्रीयल एनर्जी लिमिटेड : जमशेदपुर, थर्मल पावर.इंपेरियल फास्टनर : कथरा बोकारो, थर्मल पावर,अंकुर बायो केमिकल्स लिमिटेड : धुबी, स्पांज आयरन, बोकारो स्टील : आयरन एंड स्टील प्लांट, टाटा स्टील : जमशेदपुर, आयरन एंड स्टील, इलेक्ट्रो स्टील : सियालजोरी, आयरन एंड स्टील प्लांट, बिहार स्पंज आयरन लिमिटेड : चांडिल,बलाह स्टील : आदित्यपुर, स्पंज आयरन,आधुनिक एलोयस एंड पावर : कांड्रा, सरायकेला-खरसांवा, खरसांवा, नीलांचल आयरन एंड पावर, कांड्रा : सरायकेला, स्पंज आयरन,रूंगटा माइंस : सरायकेला-खरसांवा, स्पंज आयरन, कोहिनूर स्टील : बंसा, सरायकेला-खरसांवा, स्पंज आयरन, एएमएल स्टील : कोलेबिराः स्पंज आयरन इमार एलोयस : चौका, सरायकेला-खरसांवा, स्पंज आयरन,बालाजी इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग लिमिटेड : पश्चिमी सिंहभूम, स्पंज आयरन. सिद्धी विनायक मेटकॉम : चौका, सरायकेला खरसांवा, स्पंज आयरन जयमंगला स्पंज आयरन, कुर्ली : सरायकेला-खरसांवा, स्पंज आयरन, समृद्धि स्पंज आयरन : सरायकेला खरसांवा, स्पंज आयरन,साईं स्पंज आयरन : पश्चिमी सिंहभूम, स्पंज आयरन,शाह स्पंज एंड पावर लिमिटेड : पूर्वी सिंहभूम, स्पंज आयरन, विमलदीप स्टील : आदित्यपुर, स्पंज आयरन, नरसिंह इस्पात : चौका, सरायकेला-खरसांवा, स्पंज आयरन,सुंदरम स्टील : इंडस्टींयल एरिया, बोकारो, स्पंज आयरन,कॉरपोरेट इस्पात अलोयस : सरायकेला खरसांवा, स्पंज आयरन, केवाइएस स्पंज : गम्हरिया, स्पंज आयरन,चांडिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, चांडिल, स्पंज आयरन, झारखंड स्पंज आयरन : चांडिल, स्पंज आयरन,आर्शीवाद स्टील : गम्हरिया, स्पंज आयरन,उषा एलोयस एंड स्टील डिविजन : सरायकेला-खरसांवा, स्पंज आयरन, सलूजा स्टील एंड पावर सिमिटेड : टुंडी, गिरिडीह, स्पंज आयरन, विश्वनाथ फेरो एलोयस : माजिलडीह, गिरिडीह, स्पंज आयरन, हर्षित पावर एंड इस्पात लिमिटेड : चतरो, टुंडी रोड, गिरिडीह, स्पंज आयरन, वेंकेटश्वरा स्पंज आयरन : टुंडी रोड, गिरिडीह, स्पंज आयरन,संतपुरिया एलोयस : गिरिडीह, स्पंज आयरन,बालमुकुंद स्पंज एंड आयरन लिमिटेड : गिरिडीह, स्पंज आयरन, चितपुरानी स्टील : मांडू, रामगढ़, स्पंज आयरन, श्री वेकेंटेश आयरन एंड एलोयस : रामगढ़, स्पंज आयरन, नरसिम्हा आयरन एंड स्टील एलोयस : हजारीबाग, स्पंज आयरन,मां छिन्नमस्तिका स्पंज आयरन : हजारीबाग, स्पंज आयरन,झारखंड इस्पात : अरगड्डा, हजारीबाग, स्पंज आयरन,आनंदिता ट्रेडर्स एंड इंवेस्टमेंट लिमिटेड : हजारीबाग, स्पंज आयरन,श्रीराम पावर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड : रामगढ़, स्पंज आयरन, विशाल स्पंज : रामगढ़, स्पंज आयरन, ब्रह्मपुत्रा मेटालिक्स : गोला रामगढ़, स्पंज आयरन,आलोक स्टील इंडस्ट्रीज : रामगढ़, स्पंज आयरन,रामगढ़ स्पंज आयरन : हजारीबाग, स्पंज आयरन,गायत्री इस्पात प्राइवेट लिमिटेड : नवाडीह, हजारीबाग , स्पंज आयरनजगत तारणी इस्पात : नवाडीह, हजारीबाग, स्पंज आयरन,बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग यूनिट : मेरार, रामगढ़, स्पंज आयरन,झारखंड सेल्स एजेंसी प्राइवेट लिमिटेड : हजारीबाग, स्पंज आयरन, जय दुर्गा आयरन प्राइवेट लिमिटेड : झुमरीतिलैया, स्पंज आयरन,शिवम आयरन एंड स्टील : चंदवारा, कोडरमा, स्पंज आयरन, एसीसी सिमेंट : झींकपानी, पश्चिमी सिंहभूम, स्वाति उद्योग : पूर्वी सिंहभूम, सीमेंट, शिव शक्ति सीमेंट : डेमोटांड, हजारीबाग, सीमेंट,दुर्गा सीमेंट : रामगढ़, सीमेंट,बर्नपुर सीमेंट : पतरातू, रामगढ़, सीमेंट, हिंदुस्तान कॉपर : घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम, कॉपर और टाटा पिगमेंट लिमिटेड : जमशेदपुरः कॉपर.







## राज्य में सीएस और प्रिंसिपल सेक्रेटरी रैंक के सिर्फ चार-चार अफसर ही

# झारखंड से मोह भंग: सीएस-प्रिंसिपल सेक्रेटरी रैंक के 16 अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

- 31 दिसंबर को सीएस रैंक के अफसर अरुण कुमार सिंह भी हो जाएंगे रिटायर
- प्रोन्नति के लिए अबतक नहीं हो सकी है डीपीसी की बैठक

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड से टॉप लेवल के आइएएस अफसरों का मोह भंग होता जा रहा है. इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मुख्य सचिव रैंक के आठ अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं. वहीं प्रिंसिपल सेक्रेटरी रैंक के भी आठ अफसर दिल्ली का रुख कर लिए. राज्य में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के अलावा अरुण कुमार सिंह, एल खियांग्यते और अविनाश कुमार ही सीएस रैंक के अफसर हैं. इनमें एपी सिंह नवंबर में रिटायर हो गए. अरुण कुमार सिंह 31 दिसंबर को रिटायर हो जाएंगे. वहीं अफसरों के प्रमोशन के लिए अब तक डीपीसी की बैठक नहीं हो पाई है.



### केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं राज्य कैडर के कई अफसर

राज्य में प्रिंसिपल सेक्रेटरी रैंक के सिर्फ चार अफसर ही कार्यरत हैं. इनमें राजीव अरुण एक्का, अजय सिंह, नितिन मदन कुलकर्णी और बंदना दादेल का नाम शामिल हैं. वहीं सत्येंद्र सिंह, एमआर मीणा, सुनील कुमार वर्णवाल, राहुल शर्मा, केके सोन, हिमानी पांडेय और राधना पटनायक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं.

### विनय कुमार चौबे सहित तीन अफसर प्रिंसिपल सेक्रेटरी रैंक में होंगे प्रोन्नत

प्रिंसिपल सेक्रेटरी रैंक में तीन अफसरों को प्रोन्नति दी जाएगी. इसमें सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे, पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार व उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार शामिल हैं. इन तीनों को प्रधान सचिव रैंक में प्रमोशन मिलने वाला है. राज्य सरकार ने इनको प्रमोशन देने के लिए भारत सरकार से तीन रिक्तियां मांगी हैं. इन अधिकारियों को सुपरटाइम स्केल में प्रमोट किया जाएगा.

### राजीव अरुण एक्का को भी प्रोन्नत करने की तैयारी, सीएस रैंक में मिलेगी प्रोन्नति

राजीव अरुण एक्का को मुख्य सचिव रैंक में प्रोन्नति मिलेगी. राज्य सरकार उन्हें प्रमोशन देने की तैयारी कर रही है. कार्मिक मंत्रालय से सीएस रैंक में प्रमोशन देने के लिए एक रिक्ति मांगी गई है. केंद्र से रिक्तियां मिलते ही राजीव अरुण एक्का को प्रमोशन देने के लिए राज्य सरकार डीपीसी की बैठक करेगी. इसके बाद यूपीएससी को अनुशंसा की जाएगी. सारी प्रक्रिया पूरी करके उन्हें सीएस रैंक में प्रमोशन दिया जाएगा. प्रमोशन 1 जनवरी 2024 से प्रभावी होगा. वे 31 मार्च 2024 को रिटायर भी होने वाले हैं. ऐसे में महज तीन माह ही वे मुख्य सचिव के पद पर रह पाएंगे. राजीव अरुण एक्का फिलहाल प्रधान सचिव के पद पर पंचायती राज विभाग में कार्यरत हैं. इसके अलावा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक ओर पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का भी प्रभार दिया गया है.

### सीएस रैंक के ये अफसर हैं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

सीएस रैंक के जो अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं, उनमें राजीव गौबा, एनएन सिन्हा, अलका तिवारी, मुखमित सिंह भाटिया, एसकेजी रहाटे, शैलेश कुमार सिंह, निधि खरे और सुरेंद्र सिंह मीणा का नाम शामिल हैं.



राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | मंगलवार, 05 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 8, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 227 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

**अमन सिंह हत्याकांड**



## हत्या से कुछ घंटे पहले अमन की गांधी से हुई थी बकझक व धक्का-मुक्की, फिर दनादन दाग दीं 7 गोलियां

# बाहर बना प्लान, वार्ड नं 3 में दिया अंजाम

**संवाददाता। धनबाद**

जेल के वार्ड नं 3 में अमन सिंह की हत्या की साज़िश को अंतिम रूप दिया गया. कोर्ट में पेशी के दौरान ही अमन सिंह को मारने की योजना थी, लेकिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेशी होने के कारण ऐसा नहीं हो पाया. जेल सूत्रों के अनुसार दीपावली के आस-पास अमन की अपने ही गैंग के गुर्गों के साथ झड़प हुई थी. जिसके बाद से दोनों पक्षों में विवाद बढ़ता चला गया. ऑडियो वायरल कर अमन की हत्या की जिम्मेदारी लेने वाला अमन के गुर्गे आशीष रंजन उर्फ छोटू को यह डर सताने लगा था कि कहीं अमन उसकी हत्या ना करा दे. सूत्रों का कहना है कि यही डर था कि आशीष ने गैंग के कुछ सदस्यों के साथ मिल कर अमन की ही हत्या की साजिश रच दी.

साजिश के तहत ही सुंदर महतो को जेल भेजा गया, सूत्र बताते हैं कि दरअसल सुंदर महतो, उत्तर प्रदेश का एक शूटर है, जिसका नाम कोई यादव है, वह जाली पहचान पत्र बना कर इस घटना को अंजाम देने की योजना में शामिल हुआ, योजना के अनुरूप सुंदर जेल जाने के बाद वार्ड 3 में ही ठहरा. जहां पहले से ही आशीष रंजन का दोस्त अमर रवानी और सतीश गांधी भी मौजूद था. जानकारी के मुताबिक उक्त वार्ड में सुंदर के साथ अमर रवानी समेत मात्र पांच लोग ही थे. अमन हत्याकांड में अमर रवानी की संलिप्तता से भी इंकार नहीं किया जा सकता है, ये सभी अमन गैंग के ही गुर्गे थे. जेल सूत्रों की मानें तो हत्या से कुछ घंटे पहले जेल के अस्पताल वार्ड में अमन की सतीश गांधी से बकझक हुई थी. जिसमे दोनों के बीच धक्का मुक्की भी हुई थी. समझा जाता है कि झड़प के बाद गांधी ने ही सुंदर को उकसाया और सुंदर ने पिस्टल की सारी गोलियां अमन के भीतर खाली कर दीं.

***गांधी ने ही सुंदर को उकसाया और सुंदर ने उस पर खाली कर दीं पिस्टल की गोलियां***




### आशीष का नाम आने से व्यवसायियों में फैली दहशत

जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के बाद वायरल ऑडियो के बाद धनबाद के व्यवसाइयों में अलग तरह की आशंका है. बता दें कि पिछले दो साल से अमन गैंग के नाम से रंगदारी के लिए व्यवसाइयों को आशीष ही फोन किया करता था. आशीष कई बार ऑडियो और वीडियो वायरल कर के अपनी दहशत कायम करने की कोशिश कर चुका है. लाला हत्याकांड में मुख्य शूटर के रूप में आशीष का नाम आने के बाद से ही वह फरार चल रहा है.

### हत्या से पहले ही अमन को हो गया था मारे जाने का अंदेशा

सूत्रों के अनुसार अमन को हत्या से पहले ही अपनी हत्या की आशंका हो गई थी. मिली जानकारी के अनुसार हत्या के दिन ही अमन ने अपने किसी करीबी को कहा था कि अपराध का अंजाम यही होता है. अमन ने कहा था कि हम हों, रिंकू सिंह हो या आशीष रंजन हो, सबका अंजाम यही होता है. अमन को अपने अंतिम समय में यह बोध हुआ था कि अपराध का अंत ऐसे ही होता है. सूत्र कहते हैं कि अमन बात-बात में कहता था कि मेरी भी मौत गोली से ही होगी.

### हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, आज सुनवाई, जेल आईजी तलब

धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के मामले पर झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है. हाईकोर्ट ने इस मामले में जेल आईजी को मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया है. अदालत ने इस मामले को सुनवाई के लिए मंगलवार को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है. साथ ही राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता को सरकार से निर्देश लेने का निर्देश दिया है. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में इस मामले की सुनवाई होगी. सोमवार को राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने अदालत को बताया कि सरकार ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है और वरीय अधिकारियों की टीम घटनास्थल पर जा कर जांच कर रही है.

- दो कक्षपालों की संविदा रद्द, जबकि 5 कक्षपाल निलंबित, चलेगी विभागीय कार्यवाही
- धनबाद जेल में बंद 23 कैदियों को अब राज्य की अन्य जेलों में किया जाएगा शिफ्ट
- घटना की होगी न्यायिक जांच, जल्द नियुक्त होंगे मजिस्ट्रेट खंगाली गई पूरी जेल
- जेलर भी विभागीय कार्यवाही की जद में, जेल में चौबीसों घंटे होगी सीसीटीवी से निगरानी

## 2 पिस्टल बरामद, जेलर निलंबित, एक्शन में महकमा

**संवाददाता। धनबाद**

अमन सिंह की हत्या के मामले में महकमा एक्शन में है. जिला एवं जेल प्रशासन ने अलग अलग टीमें बना कर सभी वार्डों, सेल व परिसर की सघन तलाशी ली. इस दौरान छह मोबाइल और 18000 रुपए जब्त किए गए. वहीं कैदियों में आपसी टकराव एवं गैंगवार की संभावना को देखते हुए अलग-अलग गुटों को अलग अलग सेल में भेजा गया. डीएम लॉ एंड आर्डर, अपर समाहर्ता, सिटी एसपी की त्रिस्तरीय समिति बना कर पूरे घटनाक्रम एवं सुरक्षा चूक की जांच के लिए निर्देशित किया गया है.

जेल के सीसीटीवी की जांच के बाद घटना में प्रयुक्त हथियार को ट्रेस करते हुए जेल परिसर से दो पिस्टल बरामद की गई हैं. उक्त मामले में 4 प्राथमिकी दर्ज की गई है. जेल के हॉस्पिटल की बेरीकेडिंग करते हुए उसे सेनीटाइज किया गया है. जेल प्रशासन ने वैसे पदाधिकारी व कर्मी को चिन्हित किया है जिनकी लापरवाही से घटना हुई. इसे गंभीर चूक मानते हुए लापरवाही करने वाले 2 कक्षपालों (एक्स आर्मी मैन) की छुट्टी कर दी गई, जबकि 5 कक्षपालों को निलंबित करते हुए इन्हें केंद्रीय जेल हजारीबाग में उनका मुख्यालय निर्धारित करते हुए विभागीय कार्रवाई के अधीन रखा गया है. मंडल कारा धनबाद में कक्षपालों की कमी को देखते हुए 7 को दूसरी जेल से धनबाद लाया गया है. धनबाद के जेलर मो. मुस्तकीम अंसारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित एवं स्थानांतरित करते हुए विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्देश दिया गया है. मंडल कारा, चतरा के जेलर को तत्काल प्रभाव से मंडल कारा, धनबाद के जेलर के रूप में पदस्थापित किया गया है. घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए जेल सुपरिटेंडेंट एवं डीसी की अनुशंसा के आलोक में कुल 23 कैदियों को राज्य के अन्य कारा में स्थानांतरित करने का निर्देश कारा निरीक्षणालय, रांची के द्वारा दिया गया है.

### जेल व सीआईडी आईजी ने लिया जायजा

राज्य सरकार के निर्देश पर आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज (आइपीएस) एवं आइजी प्रिजन उमाशंकर सिंह (आइएएस) के द्वारा संयुक्त रूप से मंडल कारा धनबाद का निरीक्षण कर जांच की गयी एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया. राज्य स्तर से कारा निरीक्षणालय के द्वारा सहायक कारा महानिरीक्षक - 1, सहायक कारा महानिरीक्षक - 2 एवं विशेष कार्य पदाधिकारी, कारा निरीक्षालय की त्रिस्तरीय समिति बनाकर जांच के लिए निर्देशित किया गया है. जिला प्रशासन द्वारा सीसीटीवी फुटेज की जांच एवं वार्डो और सेल में सघन छापेमारी के लिए तीन टीम का गठन कर मंडल कारा में प्रतिनियुक्त किया गया है. उपायुक्त धनबाद के द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, धनबाद को उपरोक्त घटना की न्यायिक जांच करने के लिए न्यायिक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने का अनुरोध किया गया है.

**ब्रीफ खबरें**

### सीएम आज कोडरमा में देंगे कई सौगात

**कोडरमा।** 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बाघीटांड स्टेडियम में आयोजित शिविर में आने वाले हैं. सीएम यहां जिलावासियों को योजनाओं की सौगात देंगे और परिसंपत्तियों का वितरण भी करेंगे. मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है. जिला मुख्यालय स्थित बाघीटांड स्टेडियम में जर्मन हैंगर टेंट बनकर तैयार हो गया है. उपायुक्त मेघा भारद्वाज के नेतृत्व में जिले वरीय पदाधिकारी समय-समय पर स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लेते नजर आए.

### पलामू केंद्रीय कारा में दो घंटे चली छापेमारी

**पलामू।** धनबाद जेल में अमन सिंह की हत्या के बाद पूरे राज्य में पुलिस अलर्ट मूड में है. डीजीपी के आदेश के बाद सभी जिलों में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में पलामू केंद्रीय कारा में बीती रविवार देर रात 12 बजे के बाद छापेमारी की गई. छापेमारी टीम में दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारी शामिल थे. बता दें कि पलामू केंद्रीय कारा में कुख्यात गैंगस्टर अमन साव बंद है. दो घंटे से भी अधिक समय तक छापेमारी चली. एसपी रीष्मा रमेशन ने पुष्टि करते हुए बताया कि छापेमारी के क्रम में पलामू केंद्रीय कारा के अंदर से किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई.

**महाजुटान : विभिन्न विभागों के कर्मचारी संगठन के सदस्य हुए एकजुट**

## अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का प्रदर्शन

**खास बातें**

- मोरहाबादी मैदान में कर्मियों का महाजुटान, राजभवन पर प्रदर्शन
- सीएमओ में सौंपा मांग पत्र, सीएम से मिलने का मांगा समय

**संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 11 सूत्री मांगों को लेकर राज्य भर के विभिन्न विभागों के कर्मचारी संगठनों का महाजुटान राजधानी के मोरहाबादी मैदान में हुआ. यहां से राजभवन मार्च करते हुए सीएम ऑफिस में 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा. राजभवन पर प्रदर्शन में नेताओं ने अपनी मांगों पर आवाज बुलंद की. इसमें राज्य के कोने-कोने से लिपिक, पंचायत सचिव, जनसेवक, राजस्व उप निरीक्षक, स्वास्थ्य, समाहरणालय, चतुर्थ वर्गीय, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, पोषण सखी, सहिया साथी, एसटीटी, बीटीटी, एई वर्कर, एमपीडब्लू एनएचएम कर्मी, अनुबंध, संविदा व मानदेय कर्मी जुटे थे. मोरहाबादी में सभा के बाद हजारों कर्मचारी राजभवन के लिए कूच कर गए. फिर राजभवन पर प्रदर्शन के बाद महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने सीएमओ में मांग पत्र सौंपा और सीएम से मुलाकात का समय मांगा. मौके पर संघ के महामंत्री अशोक सिंह ने कहा कि हम लोगों ने एकजुटता सरकार को दिखाई है. अपनी मांगों को सरकार के प्रतिनिधि के समक्ष रख दिया. अब सीएम हमारी मांगों पर फैसला लेंगे.

### ये हैं कर्मचारी महासंघ की मुख्य मांगें

- राज्यकर्मियों की सेवानिवृति की उम्र सीमा 65 वर्ष की जाए. जनवरी 2020 से जून 2021 तक के बकाया महंगाई भत्ता का भुगतान किया जाये. उप समाहर्ता सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में ग्रेड- पे की बाध्यता समाप्त करते हुए नियमित परीक्षा ली जाए. सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर को नियमित करते हुए तत्काल मानदेय में समानता लायी जाए.
- तृतीय वर्ग के सभी राज्य कर्मियों (लिपिक, पंचायत सचिव, राजस्व उप निरीक्षक व अन्य) का न्यूनतम ग्रेड पे 2400 रुपये किया जाये. चतुर्थ वर्ग के कर्मियों को तृतीय वर्ग के रिक्त कुल पदों के 50 प्रतिशत पदों पर प्रोन्नत किया जाए.
- जनसेवक (वीएलडब्लू) के ग्रेड-पे में की गई कटौती को निरस्त करते हुए 2400 रुपये ग्रेड पे यथावत रखा जाए. समाहरणालय लिपिकों की तरह मुफ्फसिल के सभी संवर्ग के कर्मियों की प्रोन्नति, सेवाशर्त, नियमावली लागू की जाए.
- स्वास्थ्य विभाग के सहिया, सहिया साथी, बीटीटी, एसटीटी, पारा मेडिकल कर्मियों, एएनएम कर्मियों के लिए संवर्गीय नियमावली बनायी जाए व पद के अनुरूप वेतन, मानदेय में सम्मानजनक बढ़ोत्तरी करते हुए प्रोन्नति का मार्ग प्रशस्त करने के साथ सेवा नियमित की जाए.
- एनएचएम अंतर्गत सभी एएनएम, जीएनएम, पारा चिकित्सा अनुबंध कर्मी को 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के मद्देनजर 15 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी की जाए.
- सभी कर्मचारियों का ईपीएफ खाता अपडेट किया जाये. योगा शिक्षक को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए. कोविड काल के दौरान सहिया, सहिया साथी, एसटीटी, बीटीटी द्वारा किये गए कार्य के बदले प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाए. कोविड-19 से मृत सहिया सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मुआवजा राशि भुगतान की जाए.
- आगंनबाड़ी सेविका सहायिका के लिए निर्गत नियमावली की त्रुटियों में सुधार किया जाये, केन्द्रांश की राशि में बढोत्तरी करते हुए बकाया सहित नियमित भुगतान किया जाए. आंगनबाड़ी सेविका को तृतीय वर्ग व सहायिका को चतुर्थ वर्ग कर्मचारी घोषित करते हुए समस्त सुविधा के साथ वेतनमान सुनिश्चित किया जाये.
- जल सहिया का मानदेय वापसी आदेश रद्द कर न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानदेय निर्धारित करते हुए संविदा या अनुबंध कर्मी घोषित किया जाये और सामाजिक सुरक्षा के तहत महंगाई भत्ता, बीमा, भविष्यनिधि व पेंशन की सुविधा मिले
- झारखंड में आउटसोर्स कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाई जाए और सभी विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को अनुबंध कर्मचारी घोषित करते हुए विभागीय स्तर पर मानदेय का भुगतान किया जाए. राजभाषा विभागीय कर्मियों को समाहरणालय संवर्ग में समाहित करते हुए जिला संवर्ग घोषित किया जाए और प्रोन्नति दी जाए.



*ये थे शामिल : महासंघ के अध्यक्ष डॉ मनोज सिन्हा ने कहा कि हमारे सब्र का बांध टूट रहा. अशोक सिंह, संजुत सहाय, मनौव्वर आलम, वीरेंद्र पासवान बमशंकर शर्मा समेत हजारों कर्मचारी शामिल थे.*

**चार राज्यों के रिजल्ट के बाद संगठन शीर्ष ने की भाजपा सांसदों के साथ बैठक, दिया निर्देश**

## क्षेत्र न छोड़ें, बूथ पर जोर दें

**संवाददाता। रांची**

मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना के चुनावी रिजल्ट फाइनल होने के तुरंत बाद भाजपा के नेता लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं. पार्टी संगठन के एक शीर्ष पदाधिकारी ने बिना देर किए रविवार देर रात झारखंड के सांसदों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिग की मार्फत बैठक की. सांसदों से स्पष्ट कहा गया कि अब समय नहीं बचा है. किसी भी परिस्थिति में क्षेत्र ने छोड़ें. समिति की बैठक या विदेश दौरे के नाम पर किसी भी कीमत पर क्षेत्र न छोड़ें. आकलन किया जा रहा है. काम के बल पर टिकट की मांग करें. जिनका काम संतोषजनक होगा, उन्हें ही पार्टी का टिकट मिलेगा. जो संगठन का आदेश है, उसे हरस्तर पर मानने के लिए तैयार रहिए.

पार्टी के एक सूत्र ने बताया कि रात में अचानक सभी सांसदों को वीडियो कांफ्रेंसिग पर जुड़ने के लिए कहा गया. जब अधिकांश सांसद ऑनलाइन जुड़ गए, तब संगठन के एक शीर्ष अधिकारी ने सांसदों से बातचीत की. सांसदों से साफ-साफ कहा गया कि क्षेत्र में समय बिताएं. किसी भी हालत में क्षेत्र न छोड़ें. लोगों से खुद को जोड़ें और बूथ स्तर पर व्यवस्था को दुरुस्त करें. टिकट का आधार सिर्फ काम होगा. क्षेत्र छोड़ने का अब कोई बहाना नहीं करें. जानकारी के मुताबिक इस बैठक को बेहद गोपनीय रखा गया था. यही कारण है कि इस बारे में किसी भी सांसद ने कुछ भी कहने से इन्कार किया है. शीर्ष अधिकारी की बैठक के बाद सांसदों और पार्टी के बड़े पदाधिकारियों के बीच तरह-तरह की चर्चा शुरू हो गई है. पार्टी पदाधिकारियों में अब कुछ सीटों से प्रत्याशी बदले जाने को लेकर भी चर्चा छिड़ी है. 14 लोकसभा सीटों में से 12 सीटें भाजपा के पास हैं, वहीं गिरिडीह सीट सहयोगी आजसू के पास है. पार्टी की सभी 14 सीटों पर नजर है. दो सीटें जो झामुमो-कांग्रेस के कब्जे हैं, उस पर कैसे जीत दर्ज की जाए, इसकी रणनीति भी तैयार कर ली गयी है.

## बाईबल पुस्तक मेले का आज अंतिम दिन

**संवाददाता। रांची**

शहर के एचआरडीसी हॉल में पांच दिवसीय बाईबल पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है. किताबों के शौकीनों के लिए यह बेहद खास है. वर्ल्ड ऑफ क्राइस्ट द्वारा मेला लगाया गया है. जहां बाईबल, अध्ययन बाईबल. आध्यत्मिक किताबे, जीवनी, थियोलॉजिकल किताबे शामिल हैं. इस पुस्तक मेले में पाठकों को अपनी पसंदीदा की बाईबल खरीदने का अवसर है. यह पुस्तक मेला गोस्ननर कम्पाउंड स्थित एचआरडीसी हॉल में 2 दिसम्बर से 5 दिसम्बर तक चलेगा. जहां हिंदी लेखकों की 400 किताबें और अंग्रेजी की 500 किताबे शामिल हैं. जिसमें एनके जेवी, एन आईवी, एनआरएसवी,एनएलटी की बाईबल वेराईटी को शामिल किया गया है.

**उम्मीद** | **एडवांस धनुष 2.5 लाख का, पिता ने बाइक बेच कर बेटी को दिलाया 25 हजार का धनुष**

## किराए के धनुष से सिमरन ने जीता गोल्ड, अब तक नहीं मिली धनुष

**शुभम किशोर। रांची**

झरिया की दोबारी कोलयरी की दो बहनें तीरंदाजी में राज्य का नाम रौशन कर रहीं है. भुइयां बस्ती में चाय नाश्ते की दुकान चलाने वाले गुड्डू भुइंया की दोनों बेटियां तनीषा कुमारी और सिमरन कुमारी राष्ट्रीय तीरंदाजी में राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहीं है और राज्य को मेडल दिला रहीं है. आर्थिक स्थिति दोनों की राह में रोड़ा बन कर सामने आ रही है. आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण दोनों के पास अपना एडवांस धनुष नहीं है. शिव भुइयां ने बताया की उनके बच्चे शुरुआत में बांस का धनुष बना कर घर के पास अभ्यास करते थे. अच्छे धनुष की कीमत लगभग 2.5 लाख रुपए है. लेकिन गरीबी के कारण बड़ी बेटी तनीषा को उन्होंने अपनी बाइक 25 हजार में बेच कर बिगिनर धनुष दिलाया था. अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए एडवांस धनुष ज्यादा कारगर होगी.





### सात महीने पहले विधायक ने की थी अनुशंसा

झामुमो के टुंडी विधायक और पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो ने दोनों खिलाड़ियों को धनुष देने के लिए खेल मंत्री हफीजुल हसन से अनुशंसा की थी, जिसे मंत्री ने खेल निदेशक को फॉरवर्ड किया था. लेकिन लेटलतीफी के चलते सिमरन को सात महीने बीत जाने के बाद भी दोनो को धनुष नहीं मिल सका है.

### 3 हजार रुपये/माह किराए पर ली धनुष

गुड्डू भुइंया ने अपनी छोटी बेटी सिमरन को 3 हजार प्रति महीने किराए पर धनुष लेकर दिया. जिससे इसी वर्ष राष्ट्रीय अंडर 9 तीरंगदाजी में कंपाउंड इवेंट में गोल्ड जीता था. दोनों बहनों का प्रशिक्षण डिगवाडीह टाटा स्टील फाउंडेशन के आर्चरी फीडर में नि: शुल्क हो रहा है.

### नहीं मिला कैश अवार्ड

बीते 2 महीनों में लगभग 300 खिलाड़ियों के बीच कैश अवार्ड वितरित हुआ. जिस स्पर्धा में सिमरन में गोल्ड जीती थी उस स्पर्धा में उनके टीम के खिलाड़ियों को कैश अवार्ड मिल गया है. लेकिन सिमरन को अब तक 75 हजार रुपए का कैश अवार्ड नहीं मिला है.

## जियो और जीने दो जैन समाज का लक्ष्य : राज्यपाल

**राज्यपाल नंदप्रभा मंदिर में आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में शामिल हुए**

**संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के बराकर नदी के तट पर स्थित नंदप्रभा मंदिर में आयोजित पंच कल्याणक प्रतिष्ठा सह दीक्षा महोत्सव में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन सोमवार को शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने कहा कि जियो और जीने दो जैन समाज का मुख्य उद्देश्य है. इस धर्म का इतिहास बहुत ही पुराना है. गिरिडीह की धरती जैन धर्म के लिए काफी पवित्र है.

इस धरती से ही जैन धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकरों ने इसी पवित्र धरती से निर्वाण को प्राप्त किया है. उन्होंने कहा कि जैन धर्म के लोग हमेशा सामाजिक कार्यों से जुड़े रहते हैं. राज्यपाल ने करीब एक घंटे तीस मिनट तक इस स्थान पर अपना समय व्यतीत किया. कार्यक्रम के बाद वे रांची के लिए प्रस्थान कर गए. राज्यपाल ने मंदिर परिसर से निकलते वक्त सभी का अभिवादन स्वीकार किया. गुजरात कच्छ के हंसराज साह ने बताया कि आगामी 8 दिसंबर को प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया है. इस महोत्सव में झारखंड, बिहार के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र,राजस्थान और मध्यप्रदेश से जैन धर्म के श्रद्धालु यहां पहुंचे हुए हैं.



## अनुसंधानकर्ता ने कोर्ट में आवेदन देकर सुंदर महतो को दस दिनों की रिमांड पर देने का आग्रह किया था

# अमन हत्याकांड में सुंदर 5 दिन की पुलिस रिमांड पर





शूटर अमन सिंह की फाइल फोटो

संवाददाता। धनबाद

धनबाद जेल में बंद यूपी के गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी बोकारो जिले के तेलो निवासी सुंदर महतो को अदालत ने 5 दिन की पुलिस रिमांड भेजने का आदेश जेल प्रशासन को दिया है. मामले के अनुसंधानकर्ता विनय कुमार ने आदालत में आवेदन देकर सुंदर महतो को दस दिनों की रिमांड पर देने का आग्रह किया था.

कोर्ट में दिए आवेदन में उन्होंने कहा था कि पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान घटना में शामिल अन्य अरोपियों का पता चल सकता है. साथ ही हथियार की बरामदगी भी हो सकती है. प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव कुमार त्रिपाठी की अदालत ने सहायक लोक अभियोजक समित प्रकाश की दलीलें सुनने के बाद सुंदर महतो को पांच दिनों की रिमांड देने का आदेश जेल प्रशासन को दिया. अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि पुलिस सुंदर महतो के साथ थर्ड डिग्री का इस्तेमाल नहीं करे. हिरासत से वापस आने पहले उसकी मेडिकल जांच कराने को भी कहा.

### अमन की हत्या में प्रशासन ने रविवार को दूसरी प्राथमिकी दर्ज कराई थी

शूटर अमन सिंह की हत्या के मामले में प्रशासन ने रविवार को अज्ञात के खिलाफ दूसरी प्राथमिकी दर्ज कराई है. यह प्राथमिकी कार्यपालक दंडाधिकारी अंशु कुमार पांडे की लिखित रिपोर्ट के आधार पर कारागार अधिनियम की धारा 41 व 42 के तहत जेल में अवैध रूप से मोबाइल फोन रखने व इस्तेमाल करने के आरोप में दर्ज की गई. इसके मुताबिक 3 दिसंबर को जेल में छापेमारी के दौरान कैदी वार्ड संख्या तीन के शौचालय की जांच-पड़ताल में दीवार पर लगे बल्ब के पीछे से 5 मोबाइल फोन जब्त किए गए. उस वक्त गवाह दिलीप कुमार साव व रंजीत कुमार मौजूद थे.

### फोरेंसिक टीम ने खून के सैंपल लिए

धनबाद। रांची से आई फोरेंसिक विभाग की टीम ने जेल के अस्पताल में जहां अमन सिंह को गोली मारी गई थी, वहां से साक्ष्य के तौर खून के सैंपल जब्त किए हैं. ब्लड सैंपल के अलावा फिंगर प्रिंट, जूतों के निशान आदि सैंपल भी इकट्ठा किए गए हैं. घंटों तक मौका-ए-वारदात को सील कर रखा गया था. ताकि साक्ष्य के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जा सके.

## शूटर अमन सिंह की हत्या में बाइक चोर सुंदर व कई अज्ञात पर एफआईआर

**धनबाद।** जेल में बंद यूपी के कुख्यात शूटर अमन सिंह की हत्या मामले में जेलर मुस्तकीम अंसारी के बयान पर धनबाद पुलिस ने नामजद सुंदर महतो समेत उसके कई अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है. प्राथमिकी के अनुसार, सुंदर महतो बोकारो जिले के तेलो निवासी गुरुचरण महतो का पुत्र है. जेलर ने प्राथमिकी में कहा है कि दिन के करीब 2.45 बजे धमाकों की आवाज सुनकर उन्होंने जेल का सायरन बजा दिया. फिर, पता चला कि अस्पताल के वार्ड में भर्ती अमन सिंह को गोलियां मारी गई हैं. उसे तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. दफा इंचार्ज रंजीत कुमार ने सुंदर महतो को गोली चलाते हुए पहचान लिया था. सुंदर जेल के वार्ड नंबर चार में था, जहां से उसे चिह्नित कर लिया गया. पुलिस ने घटनास्थल से आठ खोखा बरामद किए हैं.

**बाइक के साथ पकड़ा गया था**
ज्ञात हो कि बाइक चोरी के आरोप में सुदंर महतो धनबाद जेल में बंद है. उसे मुनिडीह इलाके से संदिग्ध अवस्था में बाइक के साथ पकड़ा गया था. 26 नवंबर को उसे धनबाद जेल भेजा गया था. पुलिस महकमा सुंदर महतो के बारे में तफ्तीश में जुट गया है. पुलिस को यकीन है कि बाइक चोरी का बहाना बनाकर सुंदर साजिश के तहत धनबाद जेल आया था. उसका मकसद अमन सिंह को मारना था. पुलिस सुंदर महतो का कनेक्शन तलाशने में जुटी है.

**जेल के शौचालय में छिपाकर रखे थे 5 मोबाइल :** जिला प्रशासन की टीम ने धनबाद जेल में छापेमारी की थी. तलाशी के दौरान टीम ने जेल के वार्ड नंबर तीन के शौचालय से 5 मोबाइल फोन बरामद किए. शौचालय की दीवार को तोड़कर वहां जगह बनाई गई थी.

### 9 एमएम की दो पिस्टल का इस्तेमाल किया गया था

धनबाद। शूटर अमन सिंह की हत्या में दो पिस्टल के प्रयोग होने की खबर है. मौके-वारदात पर यानी जेल अस्पताल वार्ड में जहां अमन सिंह भर्ती था, वहां से पुलिस ने आठ खोखे बरामद किए हैं, जबकि उसके शरीर में गोलियों के नौ छेद मिले हैं, कमर के पास अन्य दो गोलियों के रगड़ खाने के निशान हैं, जख्मों को देखकर माना जा रहा है कि अमन पर कम से कम 11 गोलियां दागी गई थीं. सभी गोलियां नाइन एमएम पिस्टल से चली थीं. बरामद खोखे का मेक नंबर भी अलग-अलग है. जेल वार्ड में इतनी बड़ी साजिश रचने वाले किसी तरह की भी लापरवाही नहीं चाहते थे, जरा सी चूक का अंजाम उन्हें पता था, इस कारण अमन को पूरी तरह से खत्म करने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी.

### प्वाइंट ब्लैंक से मारी थी चार गोली, जो बनी मौत की वजह

**धनबाद।** अमन सिंह की बॉडी के पोस्टमार्टम में यह खुसासा हुआ है कि उसके शरीर में कुल 11 गोलियां मारी गई थी. इनमें से चार गोली पेट में, कंधे में एक गोली व सिर में चार गोलियां दागी गई थीं. जो महज 04 इंच की दूरी से चलाई गई थी. अमन के शरीर में गोलियां के नौ छेद मिले हैं. इनमें दो गोली कमरे के पास से शरीर को छेदती हुई पार हो गई थी. इनमें से सिर पर लगी गोली से अमन की मौत हुई थी. 11 में से मात्र एक गोली शरीर में फंसी रह गई थी. ये गोली सिर में थी. पोस्टमार्टम के दौरान इस गोली को निकाल लिया गया.

### अमन का शव लेने लखनऊ से धनबाद आया भाई अजय सिंह

धनबाद। अमन सिंह की हत्या की खबर ने पूरे जिले में सनसनी मचा दी है. व्यापारी वर्ग समेत कोयलांचल के दो प्रमुख स्तंभ माने वाले परिवार में एक खुश है. वहीं छोटे भाई की लाश लेने के लिए धनबाद पहुंचे उसके बड़े भाई सह लखनऊ निवासी ठेकेदार अजय सिंह ने कहा कि कोयले में बहुत कमाई का लालच देकर उसे धनबाद लाया गया था, लेकिन यहां की राजनीति में उसे फंसा कर मौत के घाट भी उतरवा दिया गया. उसने कहा कि उसके भाई अमन सिंह को रिंकू ने ही फंसवाया था. 2017 में रिंकू ने उसे मिलने के लिए मिर्जापुर जेल बुलाया था.

### नीरज सिंह की हत्या को लेकर भाई ने दी सफाई

**धनबाद।** अजय सिंह ने बताया कि जब धनबाद जेल में वह बंद था, तब अजय धनबाद आया था. अब तक वो सिर्फ एक बार ही अमन से मिलने के लिए आया था. तब जेल में मुलाकात के दौरान अमन ने उन्हें बताया था कि उसने नीरज सिंह पर गोली नहीं चलाई थी. क्योंकि वह किसी ठाकुर का वध नहीं कर सकता है. बड़े भाई को आज भी अमन की इस बात पर यकीन था. उन्होंने कहा कि नीरज सिंह हत्याकांड में वह शामिल रहा होगा, लेकिन उसने गोली नहीं चलाई होगी.

## आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- एक रुपये का सिक्का किसने जारी किया था – **ईस्ट इंडिया कंपनी**
- ध्वनि की प्रबलता किस पर निर्भर करती है – आयाम
- अंडमान निकोबार को किस नाम से जाना जाता है – **एमराल्ड आइलैंड**
- किस साल म्यांमार भारतवर्ष से अलग हुआ था –1937
- टिक्का रोग किस फसल से संबंधित है – **मूंगफली**
- पौधे के किस भाग से हल्दी मिलती है – **तना**
- अशोक का साम्राज्य कितने राज्यों में था – **पांच**
- मानव का वैज्ञानिक नाम क्या है – **होमोस्पेनिश**
- भारत में कहवा सबसे अधिक कहां होता है – **कर्नाटक**
- उत्तरापथ की राजधानी क्या थी – **तक्षशिला**

## 2 करोड़ में बन रहा है 4 मीटर चौड़ा ब्रिज

# नए साल में चालू हो जाएगा गोमो स्टेशन का फुट ओवरब्रिज



सतीश गोस्वामी। गोमो

धनबाद रेल मंडल के गोमो स्टेशन पर दो करोड़ रुपये की लागत से बन रहे फुट ओवरब्रिज का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है. फिलहाल, ब्रिज की सीढ़ी की सतह पर टाइल्स लगाने का काम चल रहा है. एक पार्ट का काम दो सप्ताह में पूर्ण होने की उम्मीद है. इसके बाद दूसरे पार्ट का काम पूरा किया जाएगा.
वहीं, ब्रिज के ऊपर शेड निर्माण का काम भी तेजी से चल रहा है. इसे इस माह के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है. इसके बाद नए साल में इस आधुनिक फुट ओवरब्रिज को चालू कर दिया जायेगा. फुट ओवरब्रिज की चौड़ाई 4 मीटर है. इस पर दो लिफ्ट भी लगाई जा रही है. एक प्लेटफॉर्म नंबर दो पर और दूसरी प्लेटफॉर्म नंबर एक पर होगी.

### निर्माण पिछले छह वर्षों से चल रहा है

ज्ञात हो कि फुट ओवरब्रिज का निर्माण पिछले 6 वर्षों से चल रहा है. कोरोना काल के दौरान दो साल तक काम बंद था. ओवरब्रिज का निर्माण वर्ष 2018-19 में स्टेशन के उत्तरी छोर के सर्कुलेटिंग एरिया से प्लेटफॉर्म नंबर 2 तक शुरू किया गया था. दूसरे पार्ट में स्टेशन की दक्षिणी दिशा का काम भी वर्ष 2018-19 में ही शुरू हुआ था. लेकिन कोरोना के दौरान निर्माण कार्य पूरी तरह ठप रहा.

## गैंगस्टर अमन सिंह के पिता उदय भान सिंह स्कूल के प्रिंसिपल से रिटायर हैं

# जेल में मारे गये गैंगस्टर अमन सिंह के पिता ने कहा- बड़ी साजिश

संवाददाता। धनबाद





जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या को परिजनों ने बड़ी साजिश बताया है. जैसे ही परिजनों को इसकी सूचना मिली कि गैंगस्टर अमन सिंह की जेल में गोली मारकर हत्या कर दी गई है, वैसे ही पिता और भाई अहले सुबह धनबाद के एसएनएमएमसीएच पहुंचे. जहां अमन को मृत देख भाई की आंखें नम हो गई, तो पिता भावुक हो गए. वहीं पिता ने कहा कि वह अपराधी नहीं था, अपराधी बनाकर जेल के अंदर किया गया. गैंगस्टर अमन सिंह के पिता उदय भान सिंह स्कूल के प्रिंसिपल से रिटायर हैं. उन्होंने कहा कि जेल के अंदर अमन पर 25 से 30 मुकदमा दर्ज किया गया है. कहा कि जेल के अंदर जाकर कोई एक भी अपराध करके दिखा दे. वहीं अमन के बड़े भाई अजय सिंह ने कहा कि जेल के अंदर पिस्टल जाना कोई छोटी बात नहीं है. अमन सिंह की हत्या एक बड़ी साजिश के तहत की गई है. उसकी हत्या के पहले पूरी प्लानिंग की गई. उन्होंने बताया कि अमन ने कई बार अपनी जान का खतरा बताया था, इसके लिए उसने आवेदन भी दिया था. प्रशासन और जेल की सुरक्षा पर एक बड़ा सवाल खड़ा होता है. उन्होंने कहा कि मामला जेल के अंदर का है, इसलिए इस मामले में कुछ कहना ठीक नहीं है. लेकिन उसकी हत्या के पीछे एक बहुत बड़ी साजिश है. गेट पर सुरक्षा के लिए स्कैनर लगा हुआ है. इसके बाद चेकिंग भी की जाती है.

### जमीन विवाद के बाद गया जेल, बना अपराधी

जैसा कि गैंगस्टर अमन सिंह के परिजनों और गांव से आए लोगों ने बताया कि अमन पढ़ाई-लिखाई में बहुत ही अच्छा था और बात व्यवहार में सालीन था. अमन के पिता ने बताया कि मैं जूनियर हाई स्कूल में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत था, जहां से चार साल पहले रिटायर हुआ हूं. गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि गांव के प्रधान सिंह से जमीन विवाद हुआ था, जिसमें अमन के मंझले भाई अमरजीत सिंह ने गोली चला दी थी. जिसमें तीनों भाईयों पर केस दर्ज हुआ था. उसी में जेल भी गया था.

### अमन घर का छोटा बेटा था

अमन भाई-बहन में छोटा था और हैदराबाद में रहकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा था. बड़े भाई अजय सिंह जो कि लखनऊ में कंस्ट्रक्शन का काम कर रहे हैं, तो मंझला भाई गांव में खेतीबारी का काम देखते हैं, बहन के बारे में बताया गया कि वो यूपीएससी की तैयारी कर रही है. अमन का विवाह 2015 में उत्तरप्रदेश के माव गांव में हुआ था.

## ब्रीफ खबरें

### एसएचजी की महिलाओं को मिला 3 लाख का ऋण

**धनबाद।** तोपचांची प्रखंड के दुमदुमी पंचायत में सोमवार को आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के शिविर में जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह को तीन लाख रुपए का सीसीएल ऋण प्रदान किया गया. इस दौरान बीडीओ व सीओ ने समूह की महिलाओं के बीच फलदार पौधे का भी वितरण किया.

### 2310 यात्रियों से 10.87 लाख जुर्माना वसूला

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल के ग्रैंडकॉर्ड और सीआईसी सेक्शन में कई ट्रेनों के अलावा स्टेशनों पर स्पेशल चेकिंग अभियान चलाया गया. जिसमें 2310 यात्रियों से 10 लाख 87 हजार 625 रुपये जुर्माना वसूली की गई. रेल सूत्रों के अनुसार डीआरएम केके सिन्हा के निर्देश पर धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज स्टेशनों पर पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया.

### हलाल सर्टिफिकेशन के खिलाफ आंदोलन जल्द

**धनबाद।** पिछले दिनों शहर के शक्ति मंदिर में हुए दो दिवसीय हिंदू राष्ट्र अधिवेशन में 42 हिंदू संगठनों की सहमति से हिंदू राष्ट्र समन्वय समिति का गठन किया गया है. यह समिति अपने अपने संगठनों का करते हुए हिंदू राष्ट्र निर्माण का भी काम एक साथ मिलकर करेगी. यह जानकारी सोमवार को हिंदू जनजागृति समिति के पूर्व एवं पूर्वोत्तर भारत से समन्वयक शंभू गवारे ने दी.

## अयोध्या से आए कलश का भव्य स्वागत

संवाददाता। बाघमारा



अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए भेजा गया पूजित कलश सोमवार को बाघमारा पहुंचा. यहां ठाकुरबाड़ी मंदिर में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कलश का स्वागत किया. पूजा व मंत्रोच्चार के बीच हुए अनुष्ठान के बाद कलश को तोपचांची के लिए रवाना किया गया. ज्ञात हो कि पूजित कलश महुदा, चिटाहीधाम राम मंदिर, हरिना हनुमान मंदिर समेत क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों का परिभ्रमण करते हुए बाघमारा पहुंचा था. मौके पर बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद के सुरेश बजरंगी, रंजीत कुमार, सत्यनारायण पांडे, अशोक मिश्रा, सीताराम चौधरी, दिनेश ठक्कर, विनय पाण्डेय, अजीत रवानी, शशिकांत शरण, सुबोध गुप्ता, अशोक राय, पससं उषा देवी, संजय साव, विशु रवानी, तारा महतो आदि मौजूद थे.




CLASSIFIED
























## ब्रीफ खबरें

### बाल विज्ञान कांग्रेस में डीपीएस बोकारो का दबदबा

**बोकारो ।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के विद्यार्थियों ने अपनी विलक्षण प्रतिभा से 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस एवं 26वीं बाल अधिकार कांग्रेस में शानदार प्रदर्शन किया. स्कूल की कुल तीन टीमों ने राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली है. राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं साइंस फॉर सोसाइटी, झारखंड द्वारा पुंदाग (रांची) में आयोजित राज्य स्तरीय एनसीएससी के सीनियर वर्ग में विद्यालय की एक तथा सीआरसी में दो टीमें चुनी गईं.

### शिविर में 95 मरीजों को किया गया चिह्नित

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत करगली बाजार स्थित दुर्गा मंदिर परिसर मे सोमवार को स्वर्गीय राम प्रसाद जी और राम किशोर गोयल जी के पुण्यतिथि के अवसर पर निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. इसमें मोतियाबिंद के मरीजों का भी चयन किया गया. इस शिविर में बोकारो के बारी कोऑपरेटिव कॉलोनी स्थित संजीव नेत्रालय के डॉ. दीपिका और डॉक्टर अतिस प्रधान फेको सर्जन की टीम के विशेषज्ञों ने मरीजों की बारीकी से जांच की.

### कर्मी की मौत, शव के साथ दिया धरना

**तुतलीमारी ।** बीसीसीएल एरिया पांच अंतर्गत निचितपुर कोलियरी में संचालित डेको आउटसोर्सिंग कंपनी के सुरक्षाकर्मी महेश सिंह की मौत हो गयी. इसके बाद आक्रोशित लोगों ने सोमवार की सुबह शव को कंपनी गेट पर रखकर धरना दिया, साथ ही काम भी ठप रखा. धरना दे रहे लोग परिजनों को मुआवजा देने की मांग पर अड़े रहे. शव के साथ धरना दे रहे लोगों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी. लोग अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने लगे.

### कार्यकर्ताओं को सीएम हेमंत ने दिए टिप्स

**गिरिडीह ।** गिरिडीह कॉलेज ग्राउंड में सीएम हेमंत सोरेन ने प्रदेश के चार राज्यों के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया . इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को कई टिप्स दिए . इस संवाद कार्यक्रम में गिरिडीह, धनबाद, बोकारो और कोडरमा जिले के कार्यकर्ता शामिल हुए . इस दौरान आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव पर चर्चा की गई . इस संवाद कार्यक्रम में मंत्री बेबी देवी,पूर्व मंत्री मथुरा महतो, विधायक डॉ सरफराज अहमद, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू मौजूद थे.

### लॉकर कांड में फरार आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो ।** बोकारो जिले के सिटी थाना क्षेत्र के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में लॉकर तोड़कर करोड़ों रुपए के गहने की चोरी के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपी का नाम सरफराज शेख बताया जा रहा है, जो कि इस घटना के मुख्य आरोपी कुख्यात हसन चिकना का ड्राइवर है. ज्ञात हो कि यह घटना 26 दिसंबर 2017 में घटी थी. इस मामले में हसन चिकना समेत अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं. गिरफ्तार आरोपी सरफराज शेख की गिरफ्तारी साहेबगंज जिले के राजमहल से की गई है.

---

समस्याओं से रूबरू हुए पदाधिकारी, स्टॉल लगाकर योजनाओं की दी गई जानकारी

# ऑन स्पॉट मामलों की हुई सुनवाई पदाधिकारियों ने दिए जरूरी निर्देश

**संवाददता ।बेरमो**



बोकारो जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों, नगर निगम/नगर परिषद क्षेत्र में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जहां जिला स्तरीय पदाधिकारियों के अलावा संबंधित प्रखंडों के बीडीओ, अंचलाधिकारियों की अगुवाई में आन स्पाट दर्जनों मामलों का निष्पादन कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया. कार्यक्रम का आयोजन चास प्रखंड के सतनपुर, सिजुआ, चंदनकियारी प्रखंड के भोजुडीह पूर्वी, भोजुडीह पश्चिमी पंचायत, बेरमो प्रखंड के बोड़िया दक्षिणी पंचायत, नावाडीह प्रखंड के कंजकिरो पंचायत, चंद्रपुरा प्रखंड के तरंगा पंचायत, पेटरवार प्रखंड के चलकरी द. पंचायत, जरीडीह प्रखंड के चिलगड्डा पंचायत, चास नगर निगम के वार्ड संख्या 33,34,35 एवं नगर परिषद फुसरो के वार्ड संख्या 09 में किया गया.

### योजनाओं का लाभ सीधे जनता को मिले

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन व आम नागरिकों के बीच किसी प्रकार की दूरी नहीं रहें, सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे जनता को मिले. इस कार्यक्रम में आपकी समस्याओं का समाधान करने का ऑन द स्पॉट प्रयास किया जा रहा है. सभी प्रखंडों में पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया. सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की क्रमवार जानकारी दी.

### विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया

पदाधिकारियों ने परिसर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों, ग्रामीणों का जिला स्तरीय, बीडीओ, सीओ एवं अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने समस्या सुनी और समाधान को लेकर जरूरी दिशा - निर्देश दिया. मौके पर विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई. मौके पर लाभुकों के बीच कंबल भी वितरित किया गया. आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जिला ग्रामीण विकास, जेएसएलपीएस, मनरेगा, खाद्य आपूर्ति, सेवा की गरांटी, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता, कृषि, गव्य एवं पशुपालन आदि विभागों से संबंधित हजारों आवेदन प्राप्त किये गए.

---

### स्कूली बच्चों ने किया फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता का प्रदर्शन

**बोकारो ।** बोकारो के सेक्टर वन सी स्थित संत जेवियर्स विद्यालय के कक्षा छठीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों ने फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन किया. इस दौरान बताया गया कि बच्चों के लिए आग रहित खाना पकाने की विधियां एक आवश्यक जीवन कौशल तैयार करती हैं. यह उन्हें अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने, एकाग्रता बढ़ाने और मापने, गिनने, निर्देशों का पालन करने और समस्या-समाधान जैसे कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है. इस गतिविधि के अंतर्गत बच्चों ने फल, नट्स, बीज और सब्जियों के साथ रोमांचक तरीके से बिना आग का प्रयोग किए स्वादिष्ट व्यंजन बनाए. इसका आयोजन एक प्रतियोगिता के रूप में रखा गया था. इसके बावजूद कक्षा छठीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों ने जिस प्रकार से विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को तैयार करने में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वह उत्कृष्ट व अतुलनीय था. इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों से व्यंजन बनवाना मात्र नहीं है, बल्कि उन्हें यह शिक्षा देना कि भोजन का महत्व और समय अनुसार हमारे खानपान में आने वाले विभिन्न प्रकार के बदलावों के साथ भोजन की गुणवत्ता को बनाए रखना सबके लिए अत्यंत आवश्यक है.

---

आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- एक रुपये का सिक्का किसने जारी किया था - **ईस्ट इंडिया कंपनी**
- ध्वनि की प्रबलता किस पर निर्भर करती है - आयाम
- अंडमान निकोबार को किस नाम से जाना जाता है - **एमराल्ड आइलैंड**
- किस साल म्यांमार भारतवर्ष से अलग हुआ था -1937
- टिक्का रोग किस फसल से संबंधित है - **मूंगफली**
- पौधे के किस भाग से हल्दी मिलती है - **तना**
- अशोक का साम्राज्य कितने राज्यों में था - **पांच**
- मानव का वैज्ञानिक नाम क्या है - **होमोस्पेनिश**
- भारत में कहवा सबसे अधिक कहां होता है - **कर्नाटक**
- उत्तरापथ की राजधानी क्या थी - **तक्षशिला**

---

# योजनाओं से लाभ के लिए श्रमिकों का बायो-मैट्रिक सत्यापन जरूरी

**संवाददाता ।बोकारो**

झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड एवं झारखण्ड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के सभी कर्मकारों व श्रमिकों का बायो-मैट्रिक सत्यापन कराना जरुरी है. बायोमैट्रिक सत्यापन के बाद ही कर्मकारव श्रमिक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं. इसकी जानकारी सोमवार को बोकारो के सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार ने दी. उन्होंने अपील किया कि जिले के सभी श्रमिकजन शीघ्र अपना बायोमैट्रिक सत्यापन करवाएं, ताकि बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सके.

**योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा :** सहायक श्रमायुक्त ने कहा कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 के धारा 60 के तहत बोर्ड के सभी निबंधित कर्मकारो व श्रमिकों का बायो-मैट्रिक सत्यापन कराया जाना है. जब तक झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड एवं झारखण्ड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के निबंधित श्रमिक बायो-मैट्रिक सत्यापन नहीं करवाते है तब तक उन्हें किसी प्रकार का योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा.

### लाभ मिलता है

उल्लेखनीय हो कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार के निबंधित श्रमिकों को श्रमिक औजार सहयता योजना, पारिवारिक पेंशन, साइकिल सहायता योजना, नि :शक्तता पेंशन, चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना, अनाथ पेंशन, पेंशन योजना, सेफ्टी कीट, मातृत्व प्रसुविधा योजना, मेधावी पुत्र व पुत्री छात्रवृत्ति,विवाह सहायता, अंत्येष्टि सहायता, चिकित्सा सहायता, झारखंड निर्माण कर्मकार मृत्यु व दुर्घटना सहायता योजनाओं का लाभ मिलता है. वहीं झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के निबंधित श्रमिकों को चिकित्सा सहायता योजना, मृत्यु दुर्घटना सहायता योजना, मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना का लाभ मिलता है.

---

# मंत्री आलमगीर का चपुआडीह में किया गया भव्य स्वागत

**बेंगाबाद ( गिरिडीह) ।**

झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज के मंत्री आलमगीर आलम का भव्य स्वागत चपुआडीह के मुंढेरी मोड़ पर मुखिया मो शमीम की अगुवाई में किया गया. मंत्री आलमगीर आलम गिरीडीह में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शरीक होने जा रहे थे. इसी दौरान वह कुछ देर के लिए चपुआडीह में रूके और लोगों से मुलाक़ात की. इस दौरान बदवारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रघुनंदन कुशवाहा ने मंत्री को पारडीह मोड़ से बदवारा पतरो नदी तक एवं बदवारा मोड़ से चौरा होते हुए सहियारी खोसोखार तक कालीकरण रोड का सुद्धिकरण कार्य के लिए आवेदन दिया. वहीं चपुआडीह पंचायत के मुखिया मो. शमीम ने चपुआडीह से बिराजपुर तक रोड मरम्मत से सम्बंधित आवेदन दिया. मौके पर मंत्री आलमगीर आलम ने जनहित के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया. मौके पर सुखदेव रविदास, मो मन्नान, मो मुस्तकीम, मो सुल्तान, मो सोएब सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

# ओडिशा के राज्यपाल से मिले बोकारो के भाजपा नेता लक्ष्मण नायक

**संवाददाता ।बोकारो**



बोकारो जिला बीस सूत्री समिति के पूर्व उपाध्यक्ष व भाजपा नेता लक्ष्मण कुमार नायक ने सोमवार को पुरी में राजभवन जाकर ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास से शिष्टाचार मुलाकात की. इस दौरान लक्ष्मण नायक ने उन्हें तीन राज्यों राजस्थान, मध्यप्रादेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड जीत पर बधाई दी. लक्ष्मण नायक के अनुसार, मुलाकात के दौरान राज्यपाल रघुवर दास ने कहा कि झरखंड में उनका एक लंबा राजनीतिक इतिहास रहा है, इसलिए झारखंड के साथ उनका आत्मिक लगाव व जुड़ाव हमेशा बना रहेगा.

---

### चिलगड्डा पंचायत में हुआ शिविर का आयोजन

**जरीडीह (बोकारो)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को जरीडीह प्रखंड के चिलगड्डा पंचायत भवन परिसर में शिविर का आयोजन किया गया. आयोजित शिविर में पंचायत के सुशीला देवी के पति स्वर्गीय रामविलास महतो का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाते हुए ऑन द स्पॉट कार्रवाई करते हुए विधवा पेंशन की स्वीकृति दी गई. कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक के निजी सचिव विनोद महतो ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से जनता को तुरंत सरकारी सेवा का लाभ मिल रहा है. यह ग्रामीणों के लिए सहूलियत की बात है. पंचायत के मुखिया संतोष महतो ने कहा कि आम जनता की समस्या और आवेदन का निष्पादन कार्यक्रम स्थल से ही करने का प्रयास प्रखंड प्रशासन करें.

**कार्यक्रम स्थल पर ही समाधान :** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष पंकज मरांडी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत के अंतिम व्यक्ति की समस्या का समाधान कार्यक्रम स्थल पर ही हो रहा है. शिविर को मुखिया संतोष महतो, पंसस सिथोनी मुर्मू, आयुष माथुर, राजेश सिंह, जिला परिषद सदस्य सुनीता टुडू, देवनारायण भगत, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अशोक मंडल ने भी संबोधित किया.

# सुरक्षा के सभी मापदंड लिखित तौर पर अंकित हों



**संवाददाता ।बेरमो**

खान सुरक्षा समिति सीसीएल के ढोरी एरिया आफिसर क्लब में बैठक संपन्न हुई. इस बैठक में कोडरमा रीजन के डीएमएस (माइनिग) एनपी देवड़ी, डीडीएमएस (एम) नरेश तेजावत, डीडीएमएस (मैकेनिकल) कौशिक सेनगुप्ता, आईएसओ श्याम किशोर कुमार, जीएम सेफ्टी सीसीएल इ कार्तिककेन, ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल शामिल हुए. बैठक में श्री देवड़ी ने खदान सुरक्षित रखने व स्थाई मजदूरों सहित ठेका मजदूरों का जीवन सुरक्षित रखने का निर्देश दिया. सुरक्षा से संबंधित सभी अधिकारियों ने प्रबंधन को माइंस, कॉलोनी आदि स्थानों में सुधार लाने का कहा. सुरक्षा के सभी मापदंड लिखित तौर पर अंकित होना चाहिए. उन्होंने बड़ी मशीनों में सीसीटीवी कैमरा लगाने को कहा. ढोरी प्रक्षेत्र के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि यूनियन व डीजीएमएस के अधिकारियों द्वारा दिए गए सुझावों का पूरा ध्यान रखा जाएगा.

**सदस्यों ने उठाया सवाल :** खान सुरक्षा समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह, धीरज कुमार पांडेय, राजू भूखिया, पवन कुमार सिंह, हीरालाल रविदास, जवाहरलाल यादव, बिगन सोनी, बैजनाथ महतो, महारुद्र सिंह, महेंद्र चौधरी, हरखलाल महतो आदि ने प्रबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रायः खदानों में वर्टीकल माइंस है. लाइट की कमी है. पेयजल का अभाव है. प्रदूषण से जनता व मजदूर त्रस्त हैं. कहा कि प्रबंधन सुरक्षा उपकरण समय पर उपलब्ध कराया जाए.

---

गोमिया विधायक के चचेरे भाई सुकदेव महतो के निधन पर शोक

# विधायक लंबोदर ने दी श्रद्धांजलि पाड़ी गांव में हुआ अंतिम संस्कार

**संवाददाता।कसमार (बोकारो)**

कसमार प्रखंड के पाड़ी निवासी व गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के चचेरे भाई सुकदेव महतो (उम्र 42 वर्ष) का शव सोमवार दोपहर सीएमसी वेल्लोर से कसमार प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव पाड़ी पहुंचा. शव पहुचते हीं परिजनों के चीत्कार से पूरा गांव गमगीन हो गया.

अपने चचेरे भाई की निधन की खबर मिलते ही गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो अपने पूरे परिवार के साथ पैतृक गांव पहुंचे और मृतक को भावभीनी श्रद्धांजलि दी. अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्रदांजलि दी. सोमवार दोपहर पाड़ी गांव से सटे स्थानीय श्मशान घाट में मृतक के एकलौते पुत्र पिंटू कुमार ने मुखाग्नि दी.

**काफी संख्या में लोग पहुंचे :** इस दौरान गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, समाजसेविका कौशल्या देवी, गंगाधर महतो, विष्णुचरण महतो, अधीरचंद्र चक्रवर्ती, सुनील कुमार महतो, कमलेश हजाम, घनश्याम महतो, हरिदेव महतो, लक्ष्मीकांत महतो, रूपेश महतो, संजय महतो, मनोज कुमार महतो, राजकिशोर जायसवाल, अजित महतो, कैलाश महतो, कपिलेश्वर महतो, त्रिलोचन महतो, सोनाराम मुंडा, अखिलेश्वर मुंडा, नरेश ठाकुर, बैंककर्मी मनोज करमाली समेत काफी संख्या में लोग पहुंचे.

### इलाज करा लौटते वक्त रास्ते में ही दम तोड़ दिया

मालूम हो कि सुकदेव महतो सीएमसी, वेल्लोर से इलाज कर घर लौटने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया. वह बैंक ऑफ इंडिया, खैराचातर में प्राइवेट कर्मी के रूप में कार्यरत थे. बताया गया कि लीवर कैंसर की शिकायत सामने आने के बाद छह नवंबर को सीएससी ले जाया गया था. वहां चिकित्सकीय जांचोपरांत दो सप्ताह के बाद बायोप्सी जांच की रिपोर्ट देने की बात चिकित्सकों ने कही थी.

### सीएम से मुखिया ने किया सीधा संवाद

**बेंगाबाद( गिरिडीह) ।** बेंगाबाद प्रखंड के फिटकोरिया पंचायत सचिवालय में सोमवार को आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पंचायत की मुखिया तरन्नुम परवीन से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया. बात चीत में आपकी योजना आपकी सरकार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत में लगाये गए शिविर के बारे में सीएम ने मुखिया से जानकारी लिया. मुख्यमंत्री ने मुखिया से विकास योजनाओं एंव समस्या के बारे में भी पुछा. मुखिया द्वारा पंचायत में विकास योजनाओं समेत अन्य चीजें ठीक ठाक चलने की जबाब से मुख्यमंत्री संतुष्ट हुए. इस क्रम में सीएम ने एक स्कूली छात्रा से भी संवाद किया. स्कूली छात्रा ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लाभ मिलने पर सीएम को धन्यवाद दिया.

---

### डीएवी नेशनल गेम्स का समापन

**बेरमो ।** डीएवी पब्लिक स्कूल टीटीपीएस ललपनिया में दो दिवसीय खो खो चैंपियनशिप प्रतियोगिता का समापन हो गया. इस प्रतियोगिता में 9 विद्यालयों की 22 टीमें भाग ली थी. डीएवी ललपनिया के साथ डीएवी तेनुघाट, डीएवी स्वांग, डीएवी कथारा, डीएवी ढोरी, डीएवी बोकारो सेक्टर फोर, डीएवी बोकारो सेक्टर सिक्स, डीएवी डाल्टेनगंज, डीएवी भंडारीदह के छात्र छात्राओं ने खो खो की स्पर्धाओं में भाग लिया. अंडर 14 में डीएवी स्वांग ने, अंडर 17 में डीएवी ललपनिया, अंडर 19 में डीएवी कथारा ने स्वर्ण पदक जीता. खो खो प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चंदन यादव और सानू गुप्ता को घोषित किया गया. सर्वश्रेष्ठ खो खो टीम डीएवी स्वांग, अंडर 14, ललपनिया अंडर 17 डीएवी कथारा अंडर 19 को घोषित किया गया.







## ब्रीफ खबरें

### साप्ताहिक हाट से हुई दो मोबाइल की चोरी

**धलभूमगढ़ (घाटशिला)।** नरसिंहगढ़ साप्ताहिक हाट में रविवार को एक बार फिर से मोबाइल चोर गिरोह सक्रिय हो गया है. रविवार को नरसिंहगढ़ साप्ताहिक हाट से रूआशोल के शंकर टुडू एवं पांडूदा के मुनि राम पाल का मोबाइल हाट से चोरी हो गया. दोनों ने धालभूमगढ़ थाना में मोबाइल चोरी का सन्हा दर्ज कराया है. रूआशोल के शंकर टुडू ने बताया कि वे रविवार को हाट बाजार करने गये थे. खरीदारी के बाद फोन की तलाश की तो पॉकेट से गायब था.

### दुमका का कैदी अस्पताल से हुआ फरार, हड़कंप

**धनबाद।** दुमका का कैदी एसएनएमएमसीएच अस्पताल से हुआ फरार . बताया जाता है कि दुमका जेल से धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में इलाज करवाने आया चंदन नायक नामक अपराधी रविवार की देर रात अस्पताल से फरार हो गया . वह रविवार की सुबह लगभग 8 बजे बेड नंबर 27 पर भर्ती हुआ था. जानकारी के मुताबिक चंदन नायक पर एक बुजुर्ग से पैसा छिनने का आरोप था. चंदन नायक का उम्र लगभग 26 वर्ष है. जो दुमका जेल से आया था.

### कार्ड मशीन में फंसा, निकल गए 20 हजार

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर हाउसिंग कॉलोनी एमआईजी 3/23 निवासी ज्योति सिंह के साथ एसबीआई के एटीएम सेंटर में धोखाधड़ी हुई है. जिसकी शिकायत उसने आदित्यपुर थाना में लिखित रूप से किया है. उसने बताया कि रविवार को एटीएम कार्ड से पैसे की निकासी करने इमली चौक गया था. जहां एटीएम से 20 हजार रुपये की निकासी की. जिसके बाद उसका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया. कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर पैसे की निकासी का मैसेज आया.

### बाइक, साइकिल और ट्रक में टक्कर, 4 घायल

**बहरागोड़ा।** श्याम सुंदरपुर थाना क्षेत्र के एनएच 18 पर बांसदा और केरूकोचा के बीच अवस्थित पलपला नाला पुलिया के ऊपर साइकिल, बाइक तथा ट्रक में भीषण टक्कर हो गई. इसमें बाइक चालक गगन (34) गिरि, पत्नी लिजा गिरि (28) और उनकी ढाई साल की लड़की शांति गिरि घायल हो गए हैं. दुर्घटनाग्रस्त ट्रक का मोबिल चैंबर फट जाने से गरम मोबिल के कारण तीनों बुरी तरह से झुलस गए. वहीं, साइकिल सवार चुनका टुडू (31) ट्रक और पुलिया के बीच फंस गया.

### दो बाइक में टक्कर, शिक्षक समेत दो घायल

**घाटशिला।** घाटशिला थाना क्षेत्र के गोपालपुर ओवर ब्रिज के समीप सोमवार की देर शाम दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में शिक्षक समेत दो युवक घायल हो गया. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर घाटशिला थाना की पहुंची पुलिस में बाइक सवार को निजी नर्सिंग होम लेकर गया जबकि शिक्षक को अनुमंडल अस्पताल में लाया गया. अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ आर एन टुडू ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया.

### जहरीला पदार्थ खाकर दंपती ने की आत्महत्या

**पलामू।** सामाजिक प्रतिष्ठा तार तार होने के कारण अपनों से दूरी बनने पर एक अधेड़ दंपती ने आत्महत्या कर ली. मामला पलामू जिले के पाटन थाना के मनिका गांव का है. यहां के निवासी नवल किशोर दुबे (58) एवं चम्पा देवी (55) ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली. हालांकि दोनों को इलाज के लिए एमएमसीएच में लाया गया, लेकिन यहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. सामाजिक प्रतिष्ठा पर अपनों के कारण लगातार आघात होने से दंपती तनाव में चल रहा था.

### डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्लाह लाइन हाजिर

**कोडरमा।** एसपी अनुदीप सिंह ने सोमवार को आदेश जारी कर डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान को लाइन हाजिर कर दिया है. ज्ञात हो कि उनपर कई संगीन आरोप थे, जिसको लेकर विभिन्न दलों के द्वारा भी एसपी को शिकायत की गई थी. वहीं डोमचांच के अजय कृष्ण, बसंत मेहता, मुकेश रजक और संतोष यादव ने एसपी को ज्ञापन देकर कहा था कि अब्दुल्लाह खान को नहीं हटाने पर सीएम के आगमन पर काला झंडा दिखाया जाएगा.

# घर से 12.50 लाख के जेवर व 5 हजार नगद ले भागे चोर

संवाददाता। आदित्यपुर




आरआईटी थाना क्षेत्र के एमआईजी 146 में रविवार की रात एसएन हाई स्कूल की पूर्व हेडमास्टर सुचिता चंदा के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने साढ़े 12 लाख के जेवरात और 5 हजार नगदी की चोरी कर ली. रविवार देर रात सुचिता घर में ताला लगाकर शादी समारोह में हिस्सा लेने गयी हुई थे. मजे की बात है कि चोरी करने सभी 4 चोर टेंपो में आए थे जिनकी हरकत पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. हरे और पीले रंग के टेंपो में आये 4 युवक पहले रात सवा 10 बजे और दोबारा रात ढाई बजे आये हैं. सुबह जब सुचिता वापस आये तो मुख्य द्वार का ताला टूटा पाया, घर के अंदर घुसे तो अलमीरा टूटा था, सामान बिखरे पड़े थे. तब उन्होंने पड़ोसी बीपी श्रीवास्तव से सारी बात कही. जिसके बाद श्रीवास्तव ने अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो चोरों की हरकत सामने आ गई. जिसके बाद मकान मालिक ने लिखित शिकायत आरआईटी थाने में की है. बता दें कि इन दिनों आदित्यपुर और आरआईटी थाना क्षेत्र में नशे और जुए के धंधे के साथ चोरी की घटना में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है. रविवार को आदित्यपुर थाना क्षेत्र के साईं आंचल अपार्टमेंट में एक साथ 3 घरों का ताला तोड़कर लाखों की चोरी की घटना को अज्ञात चोरों ने अंजाम दिया है. वहीं पुलिस सुस्त पड़ी हुई है.

**खास बातें**

- टेंपो में आए थे चोर, पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में कैद
- आरआईटी थाना क्षेत्र की सुचिता नंदा के घर की घटना

## आओ जानें

### देश में राज्य महिला पुलिस की कितनी भागीदारी

| | | | |
|---|---|---|---|
| आंध्रप्रदेश | : 21.8% | पंजाब | : 9.9% |
| बिहार | : 21.2% | पश्चिम बंगाल | : 9.9% |
| तमिलनाडु | : 19.1% | सिक्किम | : 9.0% |
| महाराष्ट्र | : 17.8% | कर्नाटक | : 8.6% |
| गुजरात | : 16.3% | तेलंगाना | : 8.5% |
| हिमाचल प्रदेश | : 14.0% | हरियाणा | : 8.2% |
| उत्तराखंड | : 12.08% | केरला | : 7.8% |
| उत्तरप्रदेश | : 10.7% | मध्यप्रदेश | : 7.4% |
| अरुणाचल प्रदेश | : 10.7% | मिजोरम | : 7.1% |
| गोवा | : 10.6% | झारखंड | : 6.2% |
| ओडिशा | : 10.5% | मेघालय | : 6.0% |
| राजस्थान | : 10.4% | त्रिपुरा | : 5.3% |

### कभी एक साथ गोली चलाने वाले गैंगस्टर अब एक-दूसरे के जानी दुश्मन

# दुश्मनी में बदल रही गैंगस्टरों की दोस्ती, ले रहे एक-दूसरे की जान

शुभम संदेश फॉलोअप

सौरभ सिंह। रांची



गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के बाद झारखंड में गैंगेस्टर्स राज को लेकर नयी बहस छिड़ गयी है. इस घटना के बाद साफ हो गया है कि अब गैंगस्टरों की दोस्ती दुश्मनी में बदल रही है. आइए जानते हैं झारखंड के छह गैंगेस्टर की कहानी, जो कभी एक साथ मिल कर दूसरों की हत्या करते थे, वो अब एक-दूसरे की जान के दुश्मन बन गये हैं. इनमें से कुछ की तो हत्या हो चुकी है. लेकिन आज भी उनका गैंग चल रहा है.

**भोला पांडेय की सुशील श्रीवास्तव ने करायी थी हत्या :** साल 2008 में रामगढ़ व रांची में अमरेंद्र तिवारी नाम के शूटर की तूती बोलती थी. अमरेंद्र ने सुशील श्रीवास्तव से हाथ मिला लिया था. सुशील जेल में बंद था, लेकिन अमरेंद्र जेल के बाहर. सुशील हर हाल में भोला पांडेय व उसके गिरोह को खत्म करना चाहता था. इसके लिए उसने अमरेंद्र तिवारी से बात की. वर्ष 2009 में दुमका से रांची लाने के क्रम में एक लाइन होटल में जब पुलिसकर्मी और भोला खाना खाने रुके, तब भोला शौच करने लिए होटल के पीछे गया. इस मौके का फायदा उठाकर अमरेंद्र तिवारी ने भोला पांडेय की हत्या कर दी थी.

### परमजीत सिंह की अखिलेश ने घाघीडीह जेल में करवायी थी हत्या

परमजीत सिंह और अखिलेश सिंह ने अपराध की दुनिया में एक साथ कदम रखा था. ब्लू स्कोप के ठेका को लेकर परमजीत से जब अखिलेश की अनबन हो गयी थी. तब अखिलेश ने ही परमजीत सिंह की हत्या 20 मार्च 2009 को घाघीडीह जेल में गोली मारकर हत्या करवा दी थी. दही के हांडी में हथियार को जेल के अंदर मंगवाया गया था. परमजीत सिंह हत्याकांड के मुख्य सरगना और साजिशकर्ता अखिलेश सिंह और उसके बड़े भाई अमलेश सिंह को बताया गया था.

### गैंगस्टर अमन सिंह के साथी आशीष रंजन ने करायी हत्या

अमन सिंह का सहयोगी रहा आशीष रंजन छोटू सिंह नाम के व्यक्ति ने कहा कि अमन सिंह की हत्या मैंने करवायी. ऑडियो के माध्यम से कहा कि प्लानिंग बहुत दिन से थी. फिर उससे बात भी की और मिल कर काम करने को कहा. नहीं माना तो लड़का भेज कर अंदर मरवाया. लड़का के बयान से यह क्लियर हो जाएगा. कहा कि मैंने ही उसे पिस्टल मुहैया करवायी थी. धनबाद किसी के बाप की नहीं. अमन सिंह को बड़ा भाई मानते थे, लेकिन वह हमको मरवाने का सोच रहा था.

### गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव की भोला पांडेय गिरोह ने की हत्या

झारखंड में कोयला माफिया के तौर पर कुख्यात सुशील श्रीवास्तव का कई सालों तक इलाके पर प्रभुत्व रहा. सुशील अपने अपराधिक कृत्यों के चलते कई सालों तक जेल में रहा. लोग उसे 'बाबा' नाम से बुलाते थे. माना जाता था कि बिहार और झारखंड के नेताओं से भी सुशील के करीबी रिश्ते थे. सुशील अपने शुरुआती दौर में भोला का करीबी था. थोड़े ही दिनों में उसने भोला का साथ छोड़ दिया. इसके बाद पांडेय से अदावत छिड़ गयी. सुशील ने साल 2009 में भोला की हत्या करा दी. भोला की हत्या के बाद सुशील जेल से बाहर ही नहीं आया और वह जेल को ही सुरक्षित ठिकाना मानने लगा. कुछ मामलों में पेशी के कारण 2 जून 2016 को श्रीवास्तव को जेल से हजारीबाग कोर्ट लाया गया. जहां उसकी हत्या कर दी गई थी.

### कुंडहित सीओ के साथ युवक ने की मारपीट

**जामताड़ा।** बिंदापाथर थाना के टार्रा-मोहनपुर में सोमवार की सुबह एक युवक ने कुंडहित सीओ अमित किस्कू के साथ मारपीट की. आरोपी युवक बिंदापाथर थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरा पंचायत के सालकुंडा निवासी मंटू सिंह (25) बताया जा रहा है. सीओ के साथ मारपीट की सूचना मिलने के बाद पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुट गई है. आरोप है कि कुंडहित सीओ अमित मिहिजाम से कुंडहित की ओर जा रहे थे. इस बीच बिंदापाथर थाना क्षेत्र के टार्रा-मोहनपुर में सड़क पर बाइक खड़ी थी. जिस बाइक को हटाने के लिए कहा गया. इतने में बाइक मालिक व सीओ के बीच कहासुनी हुई. फिर सीओ वहां से आगे बढ़े, मगर पीछे से आकर युवक ने उनसे मारपीट की. घटना के बाद सीओ इलाज के लिए सीएचसी नाला गये, जहां जांच के बाद डॉक्टर ने एक्स-रे कराने की सलाह दी. रिपोर्ट देखने के बाद डॉक्टर ने उनके दाहिने कंधे में चोट होने की बात कही.

# एडीजी अभियान ने डायल-112 से संबंधित कार्यों की समीक्षा की

संवाददाता। रांची

एडीजी अभियान ने आज सोमवार को जिले के एसएसपी व एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक की. इस बैठक में डायल-112 से संबंधित कार्यों के निष्पादन की समीक्षा की गयी.

### इन बिंदुओं पर हुई समीक्षा

- आवंटित टैब का उचित संचालन.
- यूपीएस, पावर सप्लाई के संबंध में.
- डीसीसी के डिस्पेचर की कार्य क्षमता और शैली के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण.
- डीसीसी में कार्यरत बल के अतिरिक्त नये पदाधिकारी और कर्मियों की आवश्यकता.
- सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर से संबंधित होगा निवारण.

### इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम है डायल-112

डायल-112 एक इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (इआरएसएस) है. यह केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना है. इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से किसी भी मुसीबत में सिर्फ एक ही नंबर याद रखना होगा और किसी भी समय कॉल कर पुलिस की सहायता ले सकते हैं. वर्तमान में अपराध संबंधित सूचना के लिए डायल-100, आग लगने की स्थिति में डायल 101 और एंबुलेंस के लिए डायल 108 पर संपर्क करना पड़ रहा है. नये प्रोजेक्ट के शुरू होने से अब डायल-112 पर ही सभी सुविधाएं मिल रही हैं.

### एसएसपी ने किया कैदी वार्ड का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

# रिम्स प्रबंधन व्यवस्था दुरुस्त करे

- 31 अक्टूबर की सुबह रिम्स के कैदी वार्ड से पुलिस को चकमा देकर सूरज मुंडा नामक कैदी फरार हो गया था.

संवाददाता। रांची



एसएसपी चंदन सिन्हा ने सोमवार को रिम्स का निरीक्षण किया. इस दौरान एसएसपी ने रिम्स के कैदी वार्ड समेत कई अन्य जगहों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने रिम्स प्रबंधन को सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने और मौके पर तैनात पुलिसकर्मी को कई निर्देश दिये. बता दें कि रिम्स में इलाज करा रहे कुख्यात चेन स्नैचर शाकिब उर्फ देबा पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया.

बीते दिनों पुलिस ने अरगोड़ा चौक के पास से उसे गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के दौरान भागने के क्रम में उसका एक पैर टूट गया था. उसके बाद उसका इलाज रिम्स में चल रहा था. इसी दौरान रविवार की दोपहर पुलिस को चकमा देकर उसका साथी उसे भगा ले गया. क्योंकि देबा का पैर टूटने के कारण वो चल नहीं सकता था. देबा के पैर में प्लास्टर लगा हुआ है और चल नहीं सकता है. बताया जा रहा है इसके साथ एक महिला है. महिला और अन्य की मदद से शाकिब फरार हो गया. पुलिस बदमाश की तलाश में छापेमारी कर रही है. रिम्स के कैदी वार्ड की सुरक्षा में बार-बार सेंध लग रही है. 31 अक्टूबर की सुबह रिम्स के कैदी वार्ड से पुलिस को चकमा देकर सूरज मुंडा नामक कैदी फरार हो गया था. इससे पहले भी 12 सितंबर को रिम्स अस्पताल में इलाजरत वशीर नाम का कैदी हथकड़ी सहित फरार हो गया था.

### डीएसपी की पत्नी के खिलाफ थाने में शिकायत



**जमशेदपुर।** सोनारी थाना अंतर्गत आदर्शनगर फेज 10 निवासी भावना शर्मा के साथ रविवार देर शाम पश्चिमी सिंहभूम जिले में पदस्थापित डीएसपी सुधीर कुमार की पत्नी ने हाथापाई की थी. इस संबंध में सोमवार को भावना ने सोनारी थाना में डीएसपी सुधीर कुमार की पत्नी के खिलाफ लिखित शिकायत की है. शिकायत में भावना ने बताया है कि महिला जो खुद को सुधीर कुमार की पत्नी बताती है उसने रविवार देर शाम बच्चों के साथ गाली-गलौज करते हुए घर के पास से खदेड़ दिया. जब वह बीच बचाव करने पहुंची तो महिला (डीएसपी की पत्नी) ने हाथापाई की और कपड़े फाड़ दिए. बाद में परिवार वालों ने इलाज के लिए टीएमएच पहुंचाया. इधर, शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुट गई है.

# बांधगुटू सबर टोला में आपसी विवाद में मारपीट, एक की मौत

संवाददाता। धलभूमगढ़

**खास बातें**

- आरोपी हत्या कर बाइक से फरार हो गया
- टैंक का ढक्कन उठाकर सिर पर मारा, घटनास्थल पर मौत

नूतनगढ़ पंचायत के बांधगुटू सबर टोला में रविवार रात आपसी विवाद में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गयी. आनन-फानन में हत्यारोपी मौका देख बाइक से फरार हो गया. ग्रामीण ने आरोपी को खदेड़ा, लेकिन पकड़में सफल नहीं हुए. मिली जानकारी के अनुसार बांधगुटू के राम सबर 40 व बांधगुटू के कुनु सबर के बीच रविवार शाम आपस में विवाद हो गया. इस बीच कुनू सबर ने साफ्ट टैंक का ढक्कन उठाकर राम के सिर पर जोरदार प्रहार किया. इससे राम सबर लहूलुहान हो गया एवं घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया. घटना की सूचना मिलने के बाद एसआई जितेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे एवं रविवार देर रात शव को अपने कब्जे में लेकर शीत ग्रह पहुंचाया. जहां सोमवार को मृतक के परिजन के पहुंचने पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया. घटना की सूचना मिलने पर सोमवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप टोपनो, पुलिस निरीक्षक राफाल मुर्मू घटनास्थल पर पहुंचे एवं मामले की जानकारी को लेकर आरोपी सबर को पकड़ने की रणनीति बनाई. हत्या के मामले में मृतक राम सबर के भाई लखन सबर ने कुनू सबर के विरूद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है. इस मामले में कांड संख्या 55, आरोपी कुनू सबर के विरूद्ध धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है.

### चोरों ने दुकान से लाखों के सामान की चोरी की

संवाददाता। धनबाद

बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह कॉलोनी स्थित जगदंबा स्टोर को रविवार देर रात चोरों ने निशाना बनाया. चोरों ने दुकान में सेंधमारी कर लाखों के सामान उड़ा ले गये. सोमवार सुबह संचालक तपन चौधरी जब दुकान पहुंचे तो देखा कि दीवार टूटा हुआ है. अंदर जाकर देखा तो पाया कि दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा है और कई सामान गायब है. चोरों ने दुकान के अंदर सिर्फ कीमती सामानों पर हाथ साफ किया है. भुक्तभोगी ने बरोरा थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है. बरोरा थाना प्रभारी नंदू पाल ने कहा कि पुलिस दुकान के आस-पास की सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है. पुलिस के अनुसार, जल्द चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे. चोरों को गिरफ्तार करने के छापेमारी जारी है. इधर, चोरी की घटना के बाद दुकान संचालकों में भय का माहौल है.

# भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों ने की पोस्टरबाजी



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के नक्सल प्रभावित सोनुआ थाना क्षेत्र में भाकपा माओवादी नक्सलियों ने रविवार रात बैनर और पोस्टर बाजी करके एक बार फिर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है. नक्सलियों ने रविवार रात सोनुआ थाना अंतर्गत सोनुआ-लोंजो मुख्य मार्ग और बांसकाटा तरफ जगह-जगह बैनर और पोस्टर लगा दिए हैं. नक्सलियों ने दो से आठ दिसंबर तक प्लगा की 23वीं वर्षगांठ मनाने का आह्वान किया है. इसके अलावा नक्सलियों ने कोल्हान वन क्षेत्र में सीआरपीएफ का एफओबी कैंप जब तक रहेगा तब तक माओवादी के बुबी ट्रप रहने का बैनर लगाया है. इसके अलावा बैनर में कई अन्य बातें लिखी गई हैं. सूचना मिलते ही सोनुआ थाना पुलिस ने पोस्टर और बैनर हटाना शुरू कर दिया.

### रांची पुलिस ने बाइक लूटकांड का किया खुलासा, दो गिरफ्तार



संवाददाता। रांची

रांची पुलिस ने बाइक लूटकांड खुलासा करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया हैं. गिरफ्तार अपराधियों ने रौनित उरांव और राज कुमार शामिल है. इनके पास से पुलिस ने लूटी हुई बाइक और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद किया हैं. बता दें कि बीते 30 नवंबर को धुर्वा डैम घूमने के लिए आये युवक से केटीएम मोटरसाइकिल को लूट लिया गया था और सीठियो होते हुए रिंग रोड की तरफ बदमाश भाग निकले थे.

**साजिश** अमन सिंह हत्याकांड : नकली आधार कार्ड में नाम बदलने का संदेह, सत्यापन को बोकारो गई पुलिस

# धनबाद में फिर चली वर्चस्व को लेकर गोली, यूपी से ट्रिगर पर अंगुली!

- आरोपी सुंदर महतो के यूपी निवासी होने की छानबीन शुरू

संवाददाता। धनबाद

अमन सिंह हत्याकांड में कौन-कौन शामिल है, साजिश किसने रची, शूटर किसने बुलवाया जैसे तमाम सवालों के जवाब पुलिस को तलाशने होंगे. इस बीच पुलिस को इस हत्याकांड के यूपी कनेक्शन का सुराग मिला है. साजिश में यूपी के साथ कोयलांचल की रंजिश भी शामिल है. हत्या की जिम्मेवारी लेने वाले आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह ने भी अपने ऑडियो में यूपी के रिंकू सिंह के साथ होने की बात कही है. सूत्रों की मानें, तो इस वारदात में पकड़े गए सुंदर महतो के नाम और पता को लेकर भी पुलिस को संदेह है. कहीं सुंदर महतो फर्जी आधार कार्ड बनवाकर गलत नाम व पता के साथ तो यहां नहीं आया था. सूत्रों के अनुसार, उसका असली नाम रितेश यादव है और वह यूपी का रहने वाला है. इस बिंदु पर पुलिस की पड़ताल जारी है और उसने रविवार की रात बोकारो के चंद्रपुरा जाकर सुंदर महतो के बारे में छानबीन की थी.

**दोस्त बना दुश्मन या पुरानी रंजिश है हत्या का कारण ? :** इधर, अमन सिंह की हत्या मामले में उसके ही पुराने चेले आशीष रंजन ने दावा किया है कि हत्या उसी ने कराई है. उसने इसके कई सबूत भी मीडिया को भेजे हैं. लेकिन पुलिस आशीष रंजन को इस कद का नहीं मानती कि वो जेल के अंदर हथियार भिजवाकर हत्या करा दे और फिर हथियार गायब करवा दे. पुलिस अमन की पुरानी दुश्मनी को भी नजरअंदाज नहीं कर पा रही है. पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह जैसी कोयलांचल की बड़ी हस्ती की हत्या का दुख धनबाद ने झेला है. रघुकुल घराना राजनीतिक व आर्थिक रूप से काफी मजबूत है. ऐसे में पुरानी रंजिश के तार भी वारदात की पेचीदगी को हल करने में कड़ी के तौर पुलिस खंगाल सकती है.

**जेलों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम :** कुख्यात शूटर अमन सिंह की धनबाद जेल में हत्या के बाद राज्य भर के 31 जेलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है. सूत्रों के अनुसार, गृह विभाग के आदेश पर धनबाद समेत रांची के होटवार, हजारीबाग, दुमका, चाईबासा, गिरिडीह, देवघर, पाकुड़ आदि जेलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. धनबाद जेल के भीतर कदम-कदम पर पुलिस बल तैनात किए गए हैं. सोमवार को रांची से जेल एआईजी हमीद अख्तर और सीआईडी के आईजी असीम विक्रांत मिंज समेत तीन अधिकारियों की टीम ने धनबाद पहुंच कर जांच की. गैंगस्टर प्रिंस खान, शूटर अमन सिंह, झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह के करीबियों समेत विकास सिंह व सतीश साव उर्फ गांधी आदि कुख्यात अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर है. दो दिनों में जेल में बंद एक हजार से अधिक बंदियों से पूछताछ की जा चुकी है.

**कंट्रोल रूम में कैमरे से जुड़ी स्क्रीन पर नहीं गई किसी की नजर :** धनबाद जेल के कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरे से जुड़ी स्क्रीन पर किसी की नजर नहीं थी. सूत्रों के अनुसार, धनबाद के जेल अधीक्षक मेनसन बरवा तीन दिनों की छुट्टी पर हैं. उनके कक्ष में ही स्क्रीन लगी है, जहां रविवार को कोई नहीं था. स्क्रीन पर नजर जेल अधीक्षक ही रखते हैं. जिसका फायदा अमन सिंह के हत्यारे ने उठाया और आसानी से पिस्टल लेकर वार्ड नंबर तीन से निकल कर अस्पताल पहुंच गया. फिर, ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर अमन सिंह की हत्या कर वापस वार्ड नंबर तीन में पहुंच गया.

**जेल पुलिसकर्मियों की मिलीभगत का अंदेशा :** सूत्रों के अनुसार अमन सिंह की हत्या में जेल पुलिसकर्मियों की मिलीभगत का अंदेशा है. जब बीमार अमन सिंह जेल अस्पताल में भर्ती है, तो वहां बेड तो कोई कैदी पिस्टल लेकर कैसे पहुंच गया. जेल अस्पताल में 24 घंटे चिकित्सक और दो पुलिसकर्मियों की तैनाती रहती है. जांच कर रही टीम को अंदेशा है कि बगैर जेल पुलिसकर्मियों की मिलीभगत के इतनी बड़ी घटना को अंजाम नहीं दिया जा सकता है.

**हत्या की जांच करने पहुंची यूपी पुलिस :** अमन सिंह यूपी के अंबेडकर नगर का रहनेवाला था. उसके खिलाफ यूपी के मऊ, मिजार्पुर समेत कई जिलों के थानों में हत्या, रंगदारी व फायरिंग के केस हैं. हत्या के बाद जांच करने के लिए यूपी के मऊ जिले की पुलिस रविवार को जेल पहुंची और कारापाल मो मुस्तकीम अंसारी समेत कई पुलिसकर्मियों से पूछताछ की. अमन सिंह पर धनबाद जिले में कितने केस हुए हैं, इसका पूरा ब्योरा यूपी पुलिस ने लिया है. अमन सिंह के खिलाफ नीरज समेत पांच लोगों की हत्या के अलावा जिले के थानों में लगभग 43 केस दर्ज हैं.

**एक करोड़ की सुपारी लेकर हत्या करने की चर्चा :** सूत्रों के अनुसार, अमन सिंह धनबाद पुलिस के लिए सिरदर्द था. वह अपने गैंग के माध्यम से दर्जनों लोगों से रंगदारी वसूल रहा था. इनकार करने पर गोलियां व बम से हमला कराता था. उसने नीरज सिंह समेत पांच लोगों की हत्या में मुख्य शूटर की भूमिका निभायी थी. हो सकता है कि कोई बड़ा घराना या बड़ा गैंग एक करोड़ की सुपारी लेकर अमन की हत्या कराया होगा. यह चर्चा सोमवार को चौक-चौराहों पर कई लोग कर रहे थे.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय उत्तम है. विद्यार्थी वर्ग शोध कार्य व शैक्षणिक गतिविधियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी मे कोई नया विचार क्रियान्वित हो सकता है.

**वृषभ** समय सामान्य है. माता के स्वास्थ पर ध्यान दे. गलतफहमी से विवाद हो सकता है. भावनाओं पर अंकुश आवश्यक है. हितशत्रुओं से सावधान रहें. कारोबार ठीक चलेगा. आय होगी. चिंता बनी रहेगी.

**मिथुन** सुख में वृद्धि होगी. सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ नहीं देगा. निवेश शुभ फल देगा. समय की अनुकूलता का लाभ लें.

**कर्क** यात्रा का योग है. आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे.आय में वृद्धि होगी. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. अन्न दान करें.

**सिंह** लग्न में चंद्र है. रोजगार में वृद्धि होगी. छोटी व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भाग्य का सहारा रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. चोट व रोग से बचें. किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** विदेश से कोई शुभ समाचार मिलेगा. खर्च अधिक होने से कर्ज लेना पड़ सकता है. किसी व्यक्ति के उकसावे में नहीं आएं. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. स्वास्थ्य का कमजोर रहेगा.

**तुला** आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है, पर लापरवाही न करें, व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी, लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पुरानी लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी.जल्दबाजी न करें.

**वृश्चिक** पिता से मनमुटाव होने से मन खिन्न होगा. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शत्रुओं का पराभव होगा. आर्थिक नीति में बदलाव हो सकता है. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. तत्काल लाभ नहीं मिलेगा.सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा. समय उत्तम है, पर अनहोनी की आशंका रह सकती है. कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी मामलों की बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पूजा-पाठ आदि पर व्यय होगा.

**मकर** किसी से मानहानि हो सकता है. जुबान पर नियंत्रण आवश्यक है. पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. कारोबार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी.

**कुंभ** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक होगा. दांपत्य जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी. आय में वृद्धि होगी. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा. लाभ होगा.

**मीन** मौसमी बीमारियों से बचना चाहिए. व्यापार-व्यवसाय में कुछ लाभ होगा. स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. जल्दबाजी में कोई व्यवहार न करें. मिठाई का दान विष्णु मंदिर में करें.

## मनी लॉन्ड्रिंग केस: मधु कोड़ा, विनोद सिन्हा, वास्तवड़े ईडी कोर्ट में हुए पेश



**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े, विनोद सिन्हा समेत अन्य आरोपी सोमवार को ईडी की विशेष कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए. सुनवाई के दौरान अन्य आरोपियों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मधु कोड़ा की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ ट्रायल पर रोक का आदेश दिया है. इसलिए अन्य अभियुक्तों के मामले भी फिलहाल स्थगित की जाए. आरोपियों का आग्रह सुनने के बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 5 जनवरी की तिथि निर्धारित की है. बता दें कि मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री काल में उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगा है. इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई और ईडी ने की है. मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े अन्य मामलों में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, बंधु तिर्की और हरिनारायण राय को कोर्ट सजा सुना चुका है.

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 5 और 6 को संताल में

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 5 और 6 दिसंबर को संथाल परगना में मोटर साईकिल रैली में शामिल होंगे. पांच दिसंबर को मरांडी दुमका से काठीकुंड, गोपीकांदर, गुमा मोड़, महेशपुर, अमरापाड़ा ,हिरणपुर होते हुए लिट्टीपाड़ा ,कुमारभाजा पहुंचेंगे. छह दिसंबर को लिट्टीपाड़ा से पाकुड़िया तक मोटर साईकिल यात्रा में शामिल होंगे. यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी.

### बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण के मुद्दों पर चलाया जा रहा जागरूकता रथ

# ‘बच्चों के मुद्दे पर सरकार गंभीर’

संवाददाता। रांची



4 से 15 दिसंबर 2023 तक जागरूकता पखवाड़ा है. इसके तहत जिला के सभी 18 प्रखंडों में बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल तस्कारी, बाल यौन शोषण से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता रथ चलाया जा रहा है. सोमवार को रांची डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने विकास भवन रांची से जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा सिन्दुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय (एसजीवीवी) के सहयोग से जागरूकता रथ रवाना किया.

इस दौरान रांची जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्वेता भारती, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वेद प्रकाश तिवारी, एवं एसजीवीवी के प्रतिनिधि राजेन कुमार, अरविंद कुमार, पूजा, विवेक उपस्थित थे. डीडीसी ने जागरूकता रथ रवाना करने के क्रम में कहा, झारखंड सरकार बच्चों और महिलाओं को लेकर संवेदनशील है. उनकी सभी समस्या का निदान हो, हमारी प्राथमिकता में शामिल है. उन्होंने विशेष रूप से कहा कि यह जागरूकता रथ प्रखंड स्तर बच्चों के बारे में जानकारी लेगा, उन्हें जागरूक करते हुए उनकी समस्या का निदान किया जाएगा. यह रथ प्रखंड-प्रखंड, गांव-गांव, मोहल्ले-मोहल्ले घूम कर बच्चों को जागरूक करेगी साथ ही उनकी समस्याओं का निदान भी करेगी.

**जागरूकता रथ का मुख्य उद्देश्य :** बाल विवाह कानूनन अपराध है: यदि आप अपने बच्चों का विवाह 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का करते हैं तो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोग करने वाले या शामिल होने वाले वर बधू के माता-पिता, परिवार, रिश्तेदार, पड़ोसी, शादी कराने में अगुवाई करने वाले या ऐसे विवाह को सम्पन्न कराने वाले पंडित, मौलवी, पादरी, टेन्ट, हलवाई सभी को नियमानुसार जेल और जुर्माना हो सकता है. यदि आपके घर में कोई परिचित या उनके साथ अन्य व्यक्ति आकर आपके बच्चे को अन्य स्थान या शहर ले जाकर पढ़ाई कराने, काम सिखाने या रोजगार दिलाने का प्रलोभन देते हैं तो वैसे व्यक्ति आपके बच्चों के हितैषी नहीं है, उनसे सावधान रहे, तथा ऐसे व्यक्ति की शिकायत एवं सूचना नजदीकी थाने में अवश्य दे. बच्चों के साथ दुर्व्यवहार कानूनी अपराध है जिसमें दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता की धारा 370 के अनुसार कम से कम 10 वर्ष का कारावास, जो आजीवन कारावास में प्रवर्तित हो सकता है, की सजा का प्रावधान है.

बाल मजदूरी कानूनन अपराध है : 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन जुर्म है. बाल मजदूरी करवाने वाले व्यक्ति को दो साल तक जेल तथा 20 हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक का जुर्माना हो सकता है. बाल मजदूरी कराने के स्थान यथा ईंट भट्ठा, पत्थर तोड़ने का कार्य, निर्माण कार्य, गैराज, बेल्डींग, वर्क शॉप, कारखाना, होटल, ढाबा, चौक-चौराहों पर सामान की बिक्री कराना, ठेला-खोमचा के माध्यम से सामनों की बिक्री करना, सब्जियों की बिक्री करना एवं फुटपाथ पर सामान बेचना, आदि. इस कानून के तहत बाल श्रम से संबंधित शिकायत कोई भी नागरिक श्रम विभाग, पुलिस, चाइल्ड हेल्पलाईन 1098, पर इसकी शिकायत दर्ज कर सकता है.

### बच्चों से संबंधित बाल अधिकार को जानना जरूरी

बच्चों का स्वत: उत्पन्न होने वाला अधिकार जैसे, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, पोषण, सहभागिता. किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 एवं नियम, 2017 के अनुसार बच्चों को अधिकार दिलाने के लिए जिला स्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल कल्याण समिति है. शिक्षा का अधिकार कानून के तहत 06 वर्ष में 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य एवं नि:शुल्क शिक्षा देने का प्रावधान है. किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के अनुसार, जब कोई बच्चा विषम परिस्थिति में फंस जाता है तो ऐसी स्थिति में बच्चों को विषम परिस्थिति से सुरक्षित निकाल कर उनके परिवार में पुनर्वासित करने का प्रावधान है. यदि परिवार का कोई बच्चा जिसकी उम्र 18 वर्ष से कम हो वह किसी कारण वश परिवार में अलग होकर बाल श्रम, बाल तस्करी या अन्य विषम परिस्थिति के कारण बाहर चले जाते है तो उनका पता लगाकर उनके परिवार में पुर्नवापसी का कार्य जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किया जाता है. कानून है व इसमें संलिप्त व्यक्ति को कठोर सजा देने का प्रावधान है. यदि किसी व्यक्ति को बच्चा गोद लेना है तो वह जिला बाल संरक्षण इकाई समाहरणालय में संपर्क कर सकते हैं.

### बाल यौन शोषण कानूनन अपराध है

बच्चों को यौन अपराध से सुरक्षित करने “यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम (पोक्सो) कानून 2012 बनाया गया है जिसके तहत :-बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराध, यौन शोषण, यौन दुर्व्यवहार के लिए अधिनियम में दण्ड का प्रावधान है जिसमें कम से कम 10 वर्ष का कठोर कारावास या जुर्माना या दोनों हो सकता है. इस कानून के अनुसार बच्चों को अश्लील सामग्री दिखाने या दुर्व्यवहार करने पर 10 वर्ष तक का कठोर कारावास या जुर्माना या दोनों हो सकता है.

# 4401 उर्दू शिक्षकों में मात्र 689 शिक्षकों की हुई नियुक्ति

### संबंधित विभाग का इस ओर ध्यान नहीं

रेहान अहमद। रांची

बिहार सरकार सेकेंड्री, प्राथमिक व वयस्क विभाग ने 1999 में वैसे प्राथमिक व मध्य विद्यालय जहां 10 या उससे अधिक संख्या में उर्दू भाषी छात्र पढ़ते हैं, उन विद्यालयों के लिए 15,000 उर्दू शिक्षक के पद सृजित किये थे. इसमें झारखंड परिक्षेत्र के लिए 4401 उर्दू शिक्षक के पद थे. जिसे झारखंड राज्य गठन होने के बाद झारखंड सरकार मानव संसाधन विकास विभाग (प्राथमिक शिक्षा निदेशालय) ने 2008 को अधिसूचित किया और शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2008 में 4401 उर्दू शिक्षक के पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता इंटर व स्नातक प्रशिक्षित दोनों को योग्य माना. झारखंड में ऐसे 4000 स्कूल व राजधानी रांची में 399 स्कूल वहीं एसटीएस में 1559 स्कूल हैं.

**3700 उर्दू शिक्षकों के पद आज भी खाली :** शिक्षक नियुक्ति नियमावली के आधार पर 4401 उर्दू शिक्षक बहाली के लिए जैक ने विज्ञापन 2012 के द्वारा आवेदन लेकर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) का आयोजन किया, जिसमें 4401 उर्दू पद के विरुद्ध मात्र 689 शिक्षक 2015-2016 में बहाल हो पाये और 3700 उर्दू शिक्षक के पद खाली रह गये. जबकि स्नातक उर्दू टेट उत्तीर्ण बड़ी संख्या में पास होने के बावजूद नियुक्ति से वंचित रह गये. इसके मुख्य कारण गलत शिक्षक नियुक्ति नियमावली थी. वहीं एनसीटीई ने 2018 में निर्देश दिया था कि इंटर प्रशिक्षित अभ्यर्थी नहीं मिलने की स्थिति में स्नातक प्रशिक्षित अभ्यर्थियों से प्राथमिक शिक्षकों का पद भरा जा सकता है. राज्य सूचना आयोग ने अपीलवाद 2014 में एवं झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा 2015 में 4401 उर्दू शिक्षक के पद को प्राथमिक एवं मवि कक्षा (1-8) के लिए मानाऔर इंटर एवं स्नातक प्रशिक्षित किया है. किंतु इसका अनुपालन विभाग ने नहीं किया गया.





**एससी-एससी आरक्षित उर्दू शिक्षकों के खाली पद**

| | |
|---|---|
| सामान्य पद | 2205 |
| अनुसूचित जनजाति | 1055 |
| अनुसूचित जाति | 504 |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 365 |
| पिछड़ा वर्ग | 272 |
| कुल उर्दू शिक्षक पद | 4401 |

**विभागीय सचिव, सांसद, विधायक और महाधरना तक किया पर समाधान नहीं : एस अली**

झारखंड छात्र संघ के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि झारखंड में 4401 उर्दू शिक्षकों में मात्र 689 उर्दू शिक्षकों की बहाली हुई है. 3700 उर्दू शिक्षक के पद आज भी खाली पड़े हैं. इससे संबंधित ज्ञापन स्कूली शिक्षा एवं साक्षारता विभाग के सिचव, सांसद, विधायकों को भी ज्ञापन दिया है. किंतु सकारात्मक पहल अब तक नहीं हुई. गत दिनों राजभवन के समक्ष मांगों की पूर्ति के लिए महाधरना कार्यक्रम भी आयोजित किया गया. किंतु अबतक समाधान नहीं मिला है.

**उर्दू छात्रों की गणना में गलती, अवर सचिव को ज्ञापन : अमीन**

उर्दू शिक्षक संक्ष के महासिचव अमीन अहमद ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षारता विभाग के अवर सचिव जागो चौधरी को उर्दू शिक्षक संबंधित मामले का ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से उर्दू पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या का सही प्रतिवेदन संग्रह करने का आग्रह किया है. मालूम हो कि सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में 10 या इससे अधिक पढ़ने वाले उर्दू छात्रों की संख्या मांगी गई है, ताकि उर्दू भाषा की पढ़ाई के लिए शिक्षकों के नए पद सृजित हो सके.

### असिस्टेंट टाउन प्लानर नियुक्ति केस

## झारखंड हाईकोर्ट का फैसला बरकरार

संवाददाता। रांची/दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें वैसे अभ्यर्थी जिनका सर्टिफिकेट आईटीपीआई (इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर ऑफ इंडिया) से 26/8/2020 के बाद जारी हुआ है, उन्हें नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर किए जाने का आदेश दिया गया था. हाईकोर्ट ने इसी वर्ष 17 सितंबर को यह आदेश दिया था. जिसके खिलाफ देबीस्मिता बासू ने सप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी. सोमवार को उनकी याचिका पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया. इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस ए अमानुला की बेंच में सुनवाई हुई. इस मामले में अधिवक्ता सिद्धार्थ रंजन और अधिवक्ता आभास परिमल ने प्रतिवादियों की ओर से पक्ष रखा. दरअसल झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की डबल बेंच ने यह आदेश पारित किया था कि वैसे अभ्यर्थी जिनका सर्टिफिकेट आईटीपीआई (इंस्टीट्यूट ऑफ़ टाउन प्लानर ऑफ़ इंडिया) से 26/8/2020 के बाद जारी हुआ है. उन्हें जेपीएससी नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर करें और जिनका सर्टिफ़िकेट 10/8/2020 का है उनका रिजल्ट जारी किया जाए.

## अवैध खनन की सीबीआई जांच पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

- अदालत अब इस मामले में 15 दिसंबर को सुनवाई करेगा

संवाददाता। रांची/दिल्ली

साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने और उन पैसों की मनी लॉउंड्रिंग करने के आरोपी पंकज मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है. उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्ट की बेंच में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है जिसमें साहिबगंज में अवैध खनन की सीबीआई जांच का आदेश दिया गया था. अदालत अब इस मामले में 15 दिसंबर को सुनवाई करेगा.

दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट ने साहिबगंज में अवैध खनन की सीबीआई जांच का आदेश दिया था. हाईकोर्ट के इस आदेश को पंकज मिश्रा ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी. उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल की थी.

**सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा जुलाई 2022 में हुए थे गिरफ्तार :** बता दें कि सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था. जांच के दौरान ईडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है. वहीं ईडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी. इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकदी जब्त की गई थी. पंकज मिश्रा फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं. उन्हें जमानत देने से ईडी कोर्ट को हाईकोर्ट इनकार कर चुका है.

### संदेश | प्लस टू उवि पेटरवार, प्लस टू उवि चांदो में खुशी क्लास का आयोजन

# ‘तनाव हमें मंजिल से दूर धकेल देती है’

संवाददाता। पेटरवार



सोमवार को प्लस टू उवि पेटरवार, प्लस टू उवि चांदो और चांदो गांव में पुस्तकालय के पास खुशी क्लास का आयोजन हुआ. लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को संबोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें. अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, आपकी व्यक्तित्व की पहचान नहीं। जैसे सड़क के किनारे मील के पत्थर यह बताते हैं कि आप किसी जगह से कितनी दूरी पर हैं। बस इसी तरह अंक बता देता है कि अभी आपको और आगे जानी है या आप कहां खड़े हैं. इसलिए अंक को तनाव के रूप में कभी नहीं लें, कतई नहीं लें. सिर्फ करियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें. यह खुशी के साथ ही संभव है. चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है. खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं. इसका कोई विकल्प है ही नहीं. तनाव क्रोध के रूप में बाहर निकलकर हमारे व्यक्तित्व को तहस-नहस कर देती है. तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते. इसलिए खुशी के साथ सकारात्मकता को हथियार बना मंजिल फतेह कीजिए.

### सकारात्मकता की कहानी भी सुनायी

चौहान ने सकारात्मकता से सजी कहानी भी सुनाई- एक हथौड़ा छोटी सी चाबी से पूछा- आखिर तुम्हारे अंदर ऐसी कौन सी शक्ति है, जो तुम जिद्दी तालों को भी बड़ी आसानी से खोल देती हो, जबकि मैं इतना बलशाली होते हुए भी ऐसा नहीं कर पाता. चाबी बोली- तुम तालों को खोलने के लिए उसपर प्रहार करते हो. ऐसा करने से ताला खुलता नहीं टूट जाता है. उसके मन में उतर कर उसके हृदय को स्पर्श करती हूं और फिर निवेदन करती हूं, वह फौरन खुल जाता है.


















## झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की मांगें



- तृतीय वर्ग के सभी राज्य कर्मियों (लिपिक, पंचायत सचिव, राजस्व उप निरीक्षक व अन्य) का न्यूनतम ग्रेड पे 2400 रूपए किया जाए. चतुर्थ वर्ग के कर्मियों को तृतीय वर्ग के रिक्त कुल पदों के 50 प्रतिशत पदों पर प्रोन्नति दी जाय. जनसेवक (वीएलडब्लू) के ग्रेड पे में की गई कटौती को निरस्त करते हुए 2400 रूपये ग्रेड पे यथावत रखा जाय. समाहरणालय लिपिकों की तरह मुफ्फसिल के सभी संवर्ग के कर्मियों का प्रोन्नति, सेवाशर्त, नियमावली लागू की जाय.
- स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत सहिया, सहिया साथी, बीटीटी, एसटीटी, पारा मेडिकल कर्मियों, एएनएम कर्मियों, संवर्गीय नियमावली बनाई जाय एवं पद के अनुरूप वेतन, मानदेय में सम्मानजनक बढ़ोत्तरी करते हुए प्रोन्नति का मार्ग प्रशस्त किया जाय एवं नियमित किया जाय. एनएचएम अन्तर्गत सभी एएनएम, जीएनएम, पारा चिकित्सा अनुबंध कर्मी को 7वें वेतन आयोग के आलोक में 15 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी डीएमएफटी को अनुबंध करो, 2211 शीर्ष के कर्मचारियों का बकाया वेतन सहित ससमय वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाय. सभी कर्मचारियों का ईपीएफ खाता अपडेट किया जाय. योगा शिक्षक को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाय. कोविड काल के दौरान सहिया, सहिया साथी, एसटीटी, बीटीटी द्वारा किये गए कार्य के बदले प्रोत्साहन राशि भुगतान किया जाय. कोविड-19 से मृत सहिया सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मुआवजा राशि भुगतान की जाय एवं आश्रित को सरकारी सेवा में लिया जाए.
- रिम्स रांची के कर्मियों को ओपीएस (पुरानी भविष्य निधि योजना) में शामिल किया जाय. रिम्स रांची के कर्मियों के लिए निर्गत नियमावली में सुधार करते हुए एम्स नई दिल्ली के कर्मियों के समान नियमावली, सुविधा एवं भत्ता लागू किया जाए.
- आगंनबाड़ी सेविका सहायिका के लिए निर्गत नियमावली में त्रुटि में सुधार किया जाए, केन्द्रांश की राशि में बढोतरी करते हुए बकाया सहित नियमित भुगतान किया जाए. आंगनबाड़ी सेविका को तृतीय वर्ग एवं सहायिका को चतुर्थ वर्ग कर्मचारी घोषित करते हुए समस्त सुविधा के साथ वेतनमान सुनिश्चित किया जाय. सेवा निवृति के पश्चात वेतन/मानदेय का पचास प्रतिशत पेंशन स्वीकृत किया जाय, गेच्यूटी, ईपीएफ, महंगाई भत्ता एवं यात्रा भत्ता स्वीकृत किया जाय, महिला पर्यवेक्षिका के पद पर प्रोन्नति देते हुए नर्सरी स्कूल नामित किया जाय. समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत सांख्यिकी सहायक एवं महिला पर्यवेक्षिका सहित सभी संविदा कर्मियों की सेवा नियमित की जाय और 60 वर्ष उम्र सीमा तक सेवा की गारण्टी दी जाय. नियमावली बनायी जाय. छटनीग्रस्त पोषण सखी को सेवा में वापस लेते हुए संविदा कर्मचारी घोषित की जाए.
- जल सहिया का मानदेय वापसी आदेश रद्द कर न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानदेय निर्धारित करते हुए संविदा अथवा अनुबंध कर्मी घोषित की जाए एवं सामाजिक सुरक्षा के तहत् महंगाई भत्ता, बीमा, भविष्य निधि एवं पेंशन की सुविधा दी जाय. पशुपालन विभाग अंतर्गत एआई वर्कर को न्यूनतम मजदूरी स्वीकृत करते हुए संविदा कर्मचारी घोषित की जाय. सामाजिक सुरक्षा के तहत् मंहगाई भत्ता, बीमा, भविष्य निधि लागू की जाय. पशुपालन विभाग में कनीय लिपिकों का स्थानान्तरण जिला से बाहर नहीं किया जाय चूंकि जिला स्तरीय कैडर है.
- सचिवालय सहायकों के समान मुफ्फसिल लिपिकों को प्रोन्नति एवं अन्य सुविधा देते हुए निम्नवर्गीय लिपिक, उच्चवर्गीय लिपिक को मर्ज कर मुफ्फसिल के सभी कार्यालयों में सचिवालय के सामान शनिवारीय अवकाश लागू की जाय.
- सभी राज्य कर्मियों की सेवा निवृति की उम्र सीमा 65 वर्ष की जाय. जनवरी 2020 से जून 2021 तक का बकाया महंगाई भत्ता का भुगतान किया जाय. उप समाहर्ता सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में ग्रेड पे की बाध्यता समाप्त करते हुए नियमित परीक्षा ली जाय. सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर को नियमित करते हुए तत्काल मानदेय में समानता लायी जाए.
- नगर निगम एवं निकाय में अनुबंध/संविदा/आउटसोर्स पर कार्यरत कर्मियों एवं मजदूरों को नियमित किया जाय. मनरेगा कर्मियों के लिए विभागीय नियमावली अद्यतन करते हुए रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाए एवं बीमा, ईपीएफ, आयुष्मान योजना में शामिल किया जाय. वन विभाग, उत्पाद विभाग सहित अन्य विभागों में रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्ति की जाए एवं गृहरक्षकों को आरक्षी के रिक्त कुल पदों का 50% पदों पर नियुक्त किया जाय. उत्पाद सिपाही का ग्रेड पे 2000 किया जाय एवं उच्च न्यायालय के आदेश को लागू किया जाय. कार्य विभागों में मास्टर रौल, कार्य भारित एवं एच0आर0 कर्मियों को नियमित किया जाय तथा लेखा लिपिक का स्वीकृत नियमावली के आलोक में प्रोन्नति दी जाए.
- झारखण्ड राज्य में आउट सोर्स कम्पनियों के मनमानी पर रोक लगाई जाए एवं सभी विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को अनुबंध कर्मचारी घोषित करते हुए विभागीय स्तर से मानदेय का भुगतान किया जाय. राजभाषा विभागीय कर्मियों को समाहरणालय संवर्ग में समाहित करते हुए जिला संवर्ग घोषित की जाए तथा लंबित प्रोन्नति दिया जाए.
- कार्यरत अवैतनिक चौकीदार को नियमित करते हुए पूर्ण सरकारी कर्मचारी घोषित की जाए और नियमावली बनाई जाए.
- संघ-महासंघ के पदधारकों के स्थानांतरण पर पूरी तरह से सरकारी नियमानुसार रोक लगाई जाय. प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कर्मियों को मासिक मानदेय में बढ़ोत्तरी करते हुए अद्यतन मंहगाई भत्ता भुगतान किया जाय एवं विभागीय रिक्त सरकारी पदों पर नियमित किया जाए.

### 11 सूत्री मांगों के समर्थन में झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के बैनर तले जुटे राज्य भर के कर्मचारियों ने राजभवन के समक्ष किया धरना-प्रदर्शन, सीएम कार्यालय में सौंपा मांग पत्र

# हमारी मांग जायज सब्र की परीक्षा न ले सरकार



- विभिन्न विभागों के संगठनों के लोग हुए एकजुट
- मोरहाबादी मैदान में कर्मचारियों का हुआ महाजुटान
- सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात का मांगा समय

**मोरहाबादी मैदान सोमवार को आंदोलनकारियों से पटा था. झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के बैनर तले राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से ये आंदोलनकारी अपनी मांगों को लेकर यहां जुटे थे. इस महाजुटान में लिपिक, पंचायत सचिव, जनसेवक, राजस्व उप निरीक्षक स्वास्थ्य कर्मी, समाहरणालय कर्मी, चतुर्थ वर्गीय कुर्मी, आंगनबाड़ी सेविका-सहियका, पोषण सखी, स्वास्थ्य सहिया, सहिया साथी, एसटीटी, बीटीटी, जलसहिया, पशुपालन एई वर्कर, एमपीडब्लू कर्मी, एनएचएम कर्मी, अनुबंध, संविदा और मानदेय कर्मी शामिल थे. इनकी एकजुटता देखने लायक थी.इनकी भाव भंगिमा में सरकार के प्रति आक्रोश झलक रहा था. कई महिला आंदोलनकारी तो ऐसी थी कि वे अपने छोटे बच्चों को अपनी हक की लड़ाई लड़ने पहुंची थी. जैसे जैसे दिन चढता गया. इसकी संख्या बढ़ती गई. हाथों में पोस्टर, बैनर लिए आंदोलनकारी शांतिपूर्वक राजभवन के सामने पहुंचे और अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया. बाद में सीएम हेमंत सोरेन को अपना मांग पत्र सौंपा और अपनी मांग को जायज बताया. अपने मांग पत्र में आंदोलनकारियों ने सरकारी स्तर पर उनके हक की उपेक्षा की बात कही है. आंदोनकारी अपनी मांगों को लेकर अडिग हैं, उनका कहना है कि सरकार को हमारी मांगों पर ध्यान देना चाहिए. वह हमारी सब्र की परीक्षा न ले, नहीं तो वे और तेज आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे. शुभम संदेश टीम ने आंदोलनकारियों से बातचीत की. पेश है रिपोर्ट...**



## सहिया -सहायिका दिखे परेशान

### इतने कम पैसे में घर कैसे चलेगा : पन्नू देवी



खूंटी जिले से आई झारखंड राज्य सहिया-सहायिका सामुदायिक प्रशिक्षक संघ की पन्नू देवी ने कहा कि पिछले 12 सालों से काम कर रही हूं.मानदेय के रुप में केवल दो हजार रुपए हर महीने दिए जाते हैं. इस मंगाई के दौर में इतनी कम राशि में घर परिवार कैसे चल सकता है. इस पैसे से तो महीने भर की सब्जी नहीं आती है. इसलिए परेशान रहती हूं.

### अन्य योजनाओं का भी काम कराया जाता है : केतकी रजक



पश्चिमी सिंहभूम से आई सहिया केतकी रजक ने कहा कि हम पूरी मेहनत और लगन से काम करते हैं. हमारे काम के अलावा कई योजनाओं का भी काम हमलोगों से करवाया जाता है, लेकिन जब मानदेय बढ़ाने की बात आती है तो सरकार चुप्पी साथ लेती है. सरकार को हमारी मांग माननी होगी. क्योंकि हम मेहनत करते हैं, समय पर काम करके देते हैं. इसलिए सरकार को हमारी मांगों पर विचार करना चाहिए.

### अपने बच्चे के भविष्य की लड़ाई लड़ने आई हूं : किरण



गुमला जिले की किरण कुमारी ने कहा कि मेरा एक छोटा बच्चा है. इसे गोद में लेकर इसके भविष्य की लड़ाई लड़ने आई हूं. दो हजार में जब अपना पेट नहीं पलता है तो बच्चों का पेट कैसे पाल सकूंगी. बहुत मुश्किल से घर चला पा रही हूं. सरकार अगर हमारी मांगों को पूरा नहीं करेगी तो आगे मुश्किल और भी बढ़ जाएगी. इस दिशा में सरकार को ध्यान देने की जरुरत है.

### शोषण होने लगे तो आंदोलन करना जरूरी : बिंदा कुमारी



पलामू जिले की बिंदा कुमारी ने कहा कि हमें आंदोलन करने का कोई शौक नहीं है. जब मजबूरी और श्रम का शोषण होने लगे तो आंदोलन करना हमारा हक बन जाता है. सरकार हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रही है. जितना पैसा हम लोगों को मिलता है. इसमें क्या हो पाएगा. परिवार कैसे चलाएं. यही सोचती हूं. इसलिए अपनी मांगों को लेकर यहां पर आई हूं. सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरुरत है.

### हमें तो सरकार केवल आश्वासन देती है : मंजू देवी



गिरिडीह की मंजू देवी ने कहा कि सरकार केवल आश्वासन देती है. हम अपने भविष्य का स्वर्णिम समय काम करते हुए बिता दे रहे हैं, लेकिन सरकार को हमारी चिंता नहीं है. चुनाव के वक्त वादे तो कर जरूर किए जाते हैं, लेकिन उसे पूरा नहीं किया जाता. यह अच्छी बात नहीं है. सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरुरत है. नहीं तो हमारा घर कैसे चलेगा. आगे मुश्किल और भी बढ़ जाएगी.

### हमें खूब काम करना पड़ता है : विनीता सहाय



पाकुड़ जिले की जल सहिया विनीता सहाय ने कहा कि हमें खूब काम कराया जाता है, हमारे काम का मूल्यांकन किया जाता है. इसके बाद महीने में एक हजार मानदेय मिलता था. इसे भी 2019 में बंद कर दिया गया है. अब हम सब की बारी है कि हम सरकार के कामकाज का मूल्यांकन करें. हमारे भविष्य की चिंता अगर सरकार नहीं करेगी तो उसे गद्दी से उतरने का भी काम करेंगे.

## साझा की अपनी पीड़ा



### सरकार के रवैये से त्रस्त हैं : लक्ष्मी हेंब्रम

धनबाद की झारखंड राज्य चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की लक्ष्मी हेंब्रम ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम करते हैं. लेकिन सरकार को हमारी हालात की चिंता नहीं है. सरकार के रवैया से हम सभी त्रस्त हो चुके हैं. हम सभी की मांग है कि कोरोना काल में सेवा के दौरान मृत स्वास्थ्य कर्मियों आश्रितों को सरकार मुआवजा और नौकरी दे.



### हमारे बारे में सोचने वाला कोई नहीं : मीना देवी

धनबाद से आयी सहिया मीना देवी ने कहा कि सरकार का रवैया देख लीजिए, पैसा हम लोग को मिलता नहीं है. कोरोना कल के दौरान हम लोगों ने राज्य के लोगों की जान की रक्षा की, लेकिन हमारी जान की रक्षा करने वाला कोई नहीं है. न ही हमारी सुनने वाला कोई है. हम यहां अपनी मांगों को लेकर यहां आए हैं. सरकार को हमारी मांगों पर ध्यान देने की जरुरत है. ताकि हमारा जीनव भी सही तरीके से चले.



### नियमावली त्रुटि में सुधार हो : शैला देवी

धनबाद की सहियका शैला देवी ने कहा कि सेविका-सहियका के लिए निर्गत नियमावली में हुए त्रुटि में सुधार किया जाए. केंद्रांश की राशि को बढ़ाते हुए बकाया राशि सहित नियमित भुगतान किया जाए. ताकि हमारी घर गृहस्ती भी ठीक से चल सके. समय पर पैसा नहीं मिलने के कारण काफी परेशानी होती है. जरुरत का सामान समय पर खरीद नहीं पाते हैं. बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है.



### वेतनमान सुनिश्चित किया जाए : पावनी देवी

खूंटी की पावनी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका को तृतीय वर्ग एवं सहायिका को चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों की घोषणा सरकार करें और हम लोगों को सभी सुविधा एक साथ मिले. हमारा वेतनमान भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए. हमारा भी घर परिवार है. सरकार को इस दिशा में सोचने की जरुरत है. यह समस्या सभी की है. हमारी मांग जायज है. इसलिए सरकार को हमारी मांग पर ध्यान देने की जरुरत है.



### सरकार मांगे स्वीकर करे : सलिता बाजरा

खूंटी से आयी सेविका सलिता बाजरा ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद मानदेय का 50 प्रतिशत पेंशन सरकार स्वीकृत करें. ग्रेच्युटी, ईपीएफ, महंगाई भत्ता एवं यात्रा भत्ता की स्वीकृति दी जाए. हम भी मेहनत करते हैं. हमारा भी घर परिवार है. हमारी मांगें जायज है. सरकार को इस दिशा में सोचने की जरुरत है. अगर हमें समय पर पैसा नहीं मिलेगा तो हमारा घर कैसे चलेगा. सरकार इस पर ध्यान दे.



### हमारी सेवा नियमित की जाए: रायमनी बेरा

पश्चिमी सिंहभूम की रायमनी बेरा ने कहा कि हम लोगों को महिला पर्यवेक्षिका के पद पर प्रोन्नति देते हुए नर्सरी स्कूल में नामित किया जाए. समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत सांख्यिकी सहायक एवं महिला पर्यवेक्षक सहित सभी संविदा कर्मियों की सेवा नियमित की जाए. हमलोग भी अन्य सरकारी कर्मियों की तरह काम करते हैं. हमारी मांगों पर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए.



### सेवा की गारंटी दी जाए : सुमंति बरजो

सिमडेगा की पोषण सखी सुमंति बरजो ने कहा कि काम करते हुए अपनी आधी से भी अधिक उम्र गुजार गई. अब रिटायर होने के कगार पर पहुंच चुके हैं. हमारी सरकार से मांग है कि 60 साल की उम्र सीमा तक सेवा की गारंटी दी जाए एवं एक नियमावली बनाई जाए. छंटनी ग्रस्त पोषण सखी को सेवा में वापस लेते हुए संविदा कर्मचारी घोषित किया जाए. हम भी अन्य सरकारी कर्मियों की तरह ही काम करते हैं.



### रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाए : एरीना देवी

पलामू से आई एरीना देवी ने कहा कि मनरेगा कर्मियों के लिए बने नियमावली को ध्यान में रखते हुए रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाए एवं बीमा, ईपीएफ और आयुष्मान योजना में हम लोगों को शामिल किया जाए. हमारी मांगें जायज हैं. सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए. लोगों की कमी के कारण काम प्रभावित होता है. अच्छे काम के लिए संसाधन का पर्याप्त होना जरुरी है.साथ ही हमलोगों का घर भी चलना चाहिए.



### मनमानी पर रोक लगाई जाए : पूजा कुमारी

गिरिडीह से कार्यक्रम में भाग लेने आई पूजा कुमारी ने कहा कि झारखंड राज्य में आउटसोर्स कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाई जाए एवं सभी विभागों में काम करने वाले आउटसोर्स कर्मियों को अनुबंध कर्मचारी घोषित करें. सरकार से हमारी मांग है कि हमारी जरुरतों पर ध्यान दे ताकि समय पर काम हो सके साथ ही काम का स्तर भी अच्छा हो. इस दिशा में सरकार को सोचने की जरुरत है.



### हमलोगों की कोई सुनने वाला नहीं है : मुक्ति लता तिर्की

गुमला से आई सेविका मुक्ति लता तिर्की ने कहा कि आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए भोजन बनाने से लेकर उन्हें पढ़ाने तक का काम करते हैं. सरकार के टीकाकरण समेत स्वास्थ्य योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का काम करने वाले कर्मचारियों की कोई सुनने वाला नहीं है. हमारा घर परिवार कैसे चल रहा है यह देखने वाला कोई नहीं है. सरकार को हमारी जायज मांगों पर ध्यान देना चाहिए.



### सभी का मानदेय निर्धारित किया जाए : सलोनी पूर्ति

खूंटी से आई जल सहिया सलोनी पूर्ति ने कहा है कि अपने क्षेत्र के चापा नल, जल की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं. घर-घर जाकर सर्वे करने का काम करते है, हमारी मांग है कि हम सभी को एक न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानदेय निर्धारित किया जाए.इस समय हमें अपना घर गृहस्थी चलाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है.



### अनुबंध कर्मी घोषित किया जाए : दयामणि देवी

खूंटी से आई दयामणि देवी ने कहा कि हम सभी को अनुबंध कर्मी घोषित किया जाए एवं सामाजिक सुरक्षा के तहत महंगाई भत्ता, बीमा, भविष्य निधि एवं पेंशन की सुविधा दी जाए.दयामणि ने कहा कि हम भी अन्य सरकारी कार्मचारियों की तरह ही काम करते हैं. तो फिर सरकार हमारी सुविधाओं की उपेक्षा क्यों करती है. हमारी मांगें जायज है. सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए.



### संविदा कर्मचारी घोषित किया जाए : कृष्ण कुमार रवानी



झारखंड पशुपालन विभाग एई कर्मचारी संघ के बैनर तले रांची पहुंचे धनबाद के कृष्ण कुमार रवानी ने कहा कि हमारी न्यूनतम मजदूरी स्वीकृत करते हुए संविदा कर्मचारी घोषित किया जाए.

### स्थानांतरण जिला से बाहर नहीं किया जाए: गिरजानंद साव



वही पशुपालन विभाग के कर्मी गिरजानंद साव ने कहा कि पशुपालन विभाग में कनीय लिपिकों का स्थानांतरण जिला से बाहर नहीं किया जाए, क्योंकि वे जिला स्तरीय कैडर के कर्मी हैं।

### अब हम अपने हक की लड़ाई लड़ेंगे : संदीप ठाकुर



धनबाद से आए संदीप ठाकुर ने कहा कि अपने संघ के आह्वान पर रांची पहुंचे हैं. पहुंचना भी जरूरी है क्योंकि अब वक्त नजदीक आ गया है, हम अपने हक की लड़ाई लड़ेंगे. अपनी मांगों को लेकर यहां से लौटेंगे.

### आउटसोर्स कर्मियों में आक्रोश है : सुनील बास्की



धनबाद से आए सुनील कुमार बास्की ने कहा कि विभागीय मंत्री, सरकार ने जो वादा किया था वह पूरा नहीं हुआ है. जिससे राज्य कर्मी, अनुबंध, संविदा और मानदेय आउटसोर्स कर्मियों में आक्रोश है.

### आंदोलन का कड़ा रुख तैयार करना होगा : रंगलाल मुर्मू



धनबाद के रंगलाल मुर्मू ने कहा कि सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती है, तो आगे चलकर हम लोगों को आंदोलन का कड़ा रुख तैयार करना होगा. हड़ताल पर जाने की हमारी मजबूरी होगी और हम हड़ताल पर चले जाएंगे.

### पूर्ववर्ती सरकार ने भी हमें छला है : मिथुन कुमार



पलामू से आए मिथुन कुमार ने कहा कि नियमित करने का आश्वासन मिलता है लेकिन नियमित किया नहीं गया. पूर्ववर्ती सरकार ने भी छला है और वर्तमान सरकार ने भी हम लोगों को छलने का ही काम किया है.

### हमसे टीकाकरण जैसे काम करवाए जाते हैं : ओमप्रकाश



धनबाद से आए ओमप्रकाश ने कहा कि गांव-ग्रामीण क्षेत्रों में हम लोगों को पशु सुरक्षा, पशुओं के लिए टीकाकरण जैसे काम करवाए जाते हैं. बदले में हमें क्या मिलता है यह आप नहीं समझ सकेंगे.

### पैसा है नहीं,हमलोग जिंदा कैसे रहेंगे : मुनीश कुमार रजक



धनबाद से आए मुनीश कुमार रजक ने बताया कि घर पर दो छोटे बच्चे हैं उनकी पढ़ाई की जिम्मेवारी, बुजुर्ग माता-पिता की दवाई-भोजन समेत पर्व त्यौहार सबका व्यवस्था करना है. पैसा है नहीं जिंदा कैसे रहेंगे.

### किसी तरह मन मारकर हमारी जिंदगी चल रही है : हसमति कुमारी



सिमडेगा जिले की हसमति कुमारी सरकार के रवैये से काफी दुखी हैं. वह कहती है कि हमारे बाल बच्चों से पूछिए. इस महंगाई में मन को मारकर किसी तरह बच्चों की पढ़ाई करवा रहे हैं. किसी तरह जीवन चल रहा है. इसलिए हमारी परेशानियों पर भी सरकार को गंभीरता से सोचना चाहिए. उन्हें हमारी मांग पूरी करनी चाहिए. ताकि हम भी अपने परिवार का भरन पोषण अच्छी तरह कर सके.



### घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया : फूलपति

लातेहार से आई सहायिका फूलपति देवी ने कहा कि कोरोना कल के दौरान हम लोगों ने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया. कोविड का टीकाकरण करवा कर राज्य और राज्य के लोगों को सुरक्षित किया, लेकिन हमारी ही भविष्य सुरक्षित नहीं है.



### सिर्फ आश्वासन मिलता है : बसंती देवी

लातेहार से आई बसंती देवी ने कहा कि कई बार आश्वासन मिला, लेकिन किसी ने इसे पूरा नहीं किया. आज मजबूरन अपने घर छोड़कर सुबह में ही रांची के लिए निकली हूं. अपने संघ के आह्वान पर आज मोरहाबादी में एकजुट हुए हैं आगे आंदोलन कर रहे हैं.



### आउटसोर्स कर्मियों में आक्रोश है : सोमरा

सिमडेगा के सोमरा लोहरा ने कहा कि अपने-अपने जिले में उपायुक्त को मांग पत्र और जिलों में प्रदर्शन के बाद आज राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हम लोग पहुंचे हैं. अपनी हक की लड़ाई लड़ेंगे.अपनी मांगों को पूरा करवाकर ही यहां से वापस लौटेंगे.



### कर्मचारियों की सुनने वाला कोई नहीं : मंजू देवी

चतरा से आई मंजू देवी ने कहा कि हम गरीब कर्मचारियों की सुनने वाला कोई नहीं है. अपना समय देकर अपने परिवार, अपने बच्चों को छोड़कर दूसरों के बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए घर से निकल पड़ते हैं. हमारा भविष्य कौन संवारेगा यह अब तक नहीं पता है.



### महंगाई भत्ता, बीमा योजना लागू हो : चंद्रगुप्त प्रसाद

झारखंड पशुपालन विभाग एई कर्मचारी संघ सिमडेगा से आये चंद्रगुप्त प्रसाद ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के तहत महंगाई भत्ता, बीमा, भविष्य निधि लागू किया जाए.सरकार को इस दिशा में इस दिशा में ध्यान देने की जरुरत है. ताकि सहूलियत मिले.

# मदाताओं की अपेक्षाएं

झा पांच राज्यों के चुनाव परिणामों में मतदाताओं के कुछ ऐसे सवाल भी अंतरनिहित हैं, जो हार-जीत की लहर में खो कर न रह जाएं. इन सवालों पर भारतीय राजनीति में विमर्श की परंपरा इतिहास के गर्त में खो गयी है. ये सवाल उस अर्थ संरचना से जुड़े हैं, जिसमें आम नागरिकों के हिस्से में अक्सर मायूसी ही आती रही है. जब अगले साल भारत के मतदाता केंद्र में नयी संसद के लिए वोट देंगे, तब भी ये सवाल हाशिए से बाहर आकर शायद ही दस्तक दे सकें. नागरिकों को लाभार्थी बनाने से भले ही राजनैतिक फसल काटी जाती रही है, लेकिन इससे आर्थिक न्याय की अवधारणा जमीन पर नहीं उतरती. दुनिया के महानतम नायकों में एक नेल्सन मंडेला अक्सर कहा करते थे कि तात्कालिक राहत न्याय का पर्याय नहीं है. पिछले तीस सालों में जिस तरह की अर्थ संरचना ने मजबूती हासिल की है, उसमें विमर्श विकास दर के आंकड़ों तक ही सीमित हो गया है. इसमें नागरिकों के हिस्से आने वाली वास्तविक आय पर चर्चा नहीं होती है. दुनिया भर की एजेंसियों का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023 में भारत 6.5-7.0 प्रतिशत की संवृद्धि के साथ विश्व में सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है. भारत ने कई देशों से आगे रहते हुए वित्त वर्ष 2022 में हर तरह से रिकवरी की और वित्त वर्ष 2023 में पूर्व-महामारी विकास की स्थिति में स्वयं को लाने में सक्षम रहा. लेकिन महामारी के समय जो बेरोजगारी और रोजगारहीनता के हालात पैदा हुए, उनमें कितना सुधार हुआ है, इस पर चर्चा नहीं के बराबर ही होती है. विकास दर हमेशा वास्तविकताओं को उजागर नहीं करती. इस तथ्य को अनेक अर्थशास्त्री मानते हैं. चुनाव दर चुनाव जिस तरह से रेवड़ी बांटने का प्रचलन बढ़ा है, वह भी बताता है कि कहीं एक गहरी खाई है, जिसे पाटने की जरूरत है. गिग्स वर्कर्स की बढ़ती तादाद बताती है कि अर्थ क्षेत्र में कुछ ऐसी समस्या मौजूद है, जो आय की समानता के क्षेत्र में कारगर परिणाम नहीं दे रही हैं. कृषि क्षेत्र के सवाल अनसुलझे ही पड़े हैं और अनौचारिक क्षेत्र में कार्यरत श्रम बल की बेहतरी के लिए विशेष ध्यान देने का सवाल भी बना हुआ है. युवाओं के समक्ष रोजगार का सवाल गंभीर होता जा रहा है. यहां तक कि अनेक ऐसे उदाहरण हैं, जो बताते हैं कि तकनीकी शिक्षा हासिल करने के बाद भी गिग्स कामगार बनने का दंश अनेक लोग झेल रह हैं. चुनावों के बाद लोगों की इन उम्मीदों के कारगर साबित होने का दायित्व राज्य कौर केंद्र दोनों ही सरकारों का है. पांच राज्यों में जनता ने अपने विवेक का इस्तेमाल कर अपनी प्रगति की जिम्मेदारी अपने प्रतिनिधियों को सौप दी हैं. जिन गारंटियों पर वोटरों ने विश्वास व्यक्त किया है, उनसे एक स्पष्ट संकेत मिलता है कि वे आर्थिक एकाधिकार यानी मोनोपॉली के खिलाफ है. सामाजिक और आर्थिक न्याय उनका हक है.

> विकास दर हमेशा वास्तविकताओं को उजागर नहीं करती. इस तथ्य को अनेक अर्थशास्त्री मानते हैं. चुनाव दर चुनाव जिस तरह से रेवड़ी बांटने का प्रचलन बढ़ा है, वह भी बताता है कि कहीं एक गहरी खाई है, जिसे पाटने की जरूरत है.

## सुभाषित

चिन्तायास्तु चितायास्तु बिन्दु मात्रम् विशेषतः ।
चिता दहति निर्जीवम्, चिन्ता दहति जीवितम् ॥

चिता ओर चिंता दोनों शब्द एक जैसे ही लगते है. दोनों के कार्य भी लगभग एक जैसे ही हैं, लेकिन दोनों के बीच अंतर भी है और वह अंतर सिर्फ बिंदु का है. चिता मरे हुए शरीर को जलाती है, लेकिन चिंता जीवित शरीर को ही जला डालती है.

# आगे की राजनीति की दिशा क्या होगी

**नतीजों की बात करें तो उसके दो पहलू होते हैं.आंकड़े और आंकड़ों के पीछे के कारण.यदि सिर्फ परिणाम के आंकड़ों की बात करें तो निश्चित तौर पर यह कहा जा सकता है की इस तरह के नतीजों की उम्मीद नहीं थी. यानी जनता ने काफी बड़ा उलटफेर कर दिया. बल्कि एग्जिट पोल का आकलन भी इस तरह के परिणाम के संकेत नहीं दे रहे थे. किंतु कई बार जो दिखता है वह पूर्ण सत्य नहीं होता.**



**• देश-काल**



डा. प्रमोद पाठक

हाल फिलहाल के विधानसभा चुनावों के परिणाम तो आ गये. कौन फायदे में रहा कौन नुकसान में इस पर बहुत बहस की आवश्यकता नहीं. लेकिन इसके बाद देश की राजनीति की दिशा और दशा क्या होगी यह महत्वपूर्ण सवाल होगा. खास करके इसलिए की लोकतांत्रिक व्यवस्था में कारगर विपक्ष का ना होना अच्छा संकेत नहीं होता. और वर्तमान समय में विपक्ष कारगर नहीं दिख रहा.कारण चाहे कुछ भी हो.मगर उससे पहले एक और भी प्रश्न का उत्तर ढूंढ़ना जरूरी है. क्या इस बार के इन चार राज्यों के चुनाव के नतीजे अप्रत्याशित थे? इस प्रश्न का उत्तर जानने के बाद ही देश की राजनीति की दिशा और दशा पर सही तरीके से चर्चा की जा सकती है.

नतीजों की बात करें तो उसके दो पहलू होते हैं.आंकड़े और आंकड़ों के पीछे के कारण.यदि सिर्फ परिणाम के आंकड़ों की बात करें तो निश्चित तौर पर यह कहा जा सकता है की इस तरह के नतीजों की उम्मीद नहीं थी. यानी जनता ने काफी बड़ा उलटफेर कर दिया. बल्कि एग्जिट पोल का आकलन भी इस तरह के परिणाम के संकेत नहीं दे रहे थे. किंतु कई बार जो दिखता है वह पूर्ण सत्य नहीं होता. सिर्फ ऊपरी आवरण होता है और जब सही ढंग से चीजों को गहराई से देखने का प्रयास किया जाए तो बहुत कुछ और भी दिखाई पड़ सकता है. इस बार के चुनाव परिणाम को भी यदि गहराई से देखा जाए तो ऐसा समझ आएगा कि इसी तरह के परिणाम आने की संभावना थी. अर्थात कुछ भी अप्रत्याशित नहीं था. तो क्या इसका मतलब यह लगाया जाए कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता ने विपक्ष को खारिज कर दिया? लेकिन ऐसा मानना थोड़ी जल्दबाजी होगी. हां यह निष्कर्ष जरुर निकाला जा सकता है कि देश के मतदाता की नजर में भाजपा के विकल्प के रूप में विपक्ष की विश्वसनीयता अभी भी पूरी तरह स्थापित नहीं है.खासकर कांग्रेस की. लेकिन इसका मतलब यह नहीं है की मतदाता को विकल्प की तलाश ही नहीं है. तलाश तो अब भी है और लोकसभा चुनाव के समय भी रहेगी. लेकिन जहां तक इस बार के विधानसभाओं के चुनाव का सवाल है तो एक और भी चीज समझने की आवश्यकता है कि राष्ट्रीय से ज्यादा यह परिणाम क्षेत्रीय हालात पर अधिक रोशनी डालते हैं. इस आलोक में यदि हम आने वाले दिनों में देश की राजनीति की दिशा और दशा पर चर्चा करने का प्रयास करें तो यह सहज ही समझ सकते हैं कि जब तक कांग्रेस पूरी तरह से मतदाता की नजरों में भाजपा के विकल्प के रूप में अपनी विश्वसनीयता साबित नहीं कर पाती तब तक विपक्ष की संभावनाएं क्षीण ही रहेंगी. कुल मिलाकर राजनीति की दशा और दिशा कांग्रेस पर ही निर्भर है. यदि कांग्रेस बदलाव का एजेंट बनकर लोगों के सामने अपने आपको सही तरीके से पेश नहीं कर पाती तो कुछ महीने बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में यथास्थिति की ही उम्मीद की जा सकती है. लेकिन सियासत के विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि राजनीति में एक हफ्ता का समय भी लंबा अर्सा होता है. तो अब भी बहुत कुछ हो सकता है बशर्ते कांग्रेस खुद को स्थापित करने के लिए गंभीर प्रयास करे. महात्मा गांधी कहते थे कि दुनिया में जो बदलाव तुम देखना चाहते हो वह खुद से शुरू करो. यही कांग्रेस के नवनिर्माण का मंत्र होना चाहिए. समस्या यह है कि उस बदलाव की जरूरत और उसकी रणनीति कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की नजरों में अभी भी स्पष्ट नहीं है.वह सिर्फ मतदाता के असंतोष में अपनी सफलता का मंत्र ढूंढ रहा है. किंतु यह जरूरी भी नहीं है और काफी भी नहीं. कारगर विकल्प के रूप में स्थापित होना भी जरूरी है. इसलिए सबसे आवश्यक है कांग्रेस के लिए यह जानना कि कमी कहां है. तेलंगाना की जीत ने इतना तो साबित कर दिया कि राष्ट्रीय स्तर पर आज भी यदि देश के मतदाता की नजर में भाजपा का कोई विकल्प बन सकता है तो वह कांग्रेस है. लेकिन उसके लिए पहले मतदाता का विश्वास जीतना होगा. मतदाता बदलाव तो चाहता है लेकिन उसके लिए खुद को सक्षम विकल्प साबित करना जरूरी है.जहां भी कांग्रेस ने अपने आप को इस रूप में साबित किया वहां उसे सफलता मिली. क्योंकि विपक्ष की धुरी कांग्रेस ही बन सकती है इसलिए इस दिशा में पहल कांग्रेस को ही करनी होगी.

वर्तमान में कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्या रही है एक सही और प्रभावशाली थिंक टैंक का अभाव. शीर्ष नेतृत्व के इर्द-गिर्द सही राय देने वाले की जगह पसंदीदा राय देने वाले लोग जब अधिक हो जाते हैं तो सही स्थिति का आंकलन नहीं हो पाता है और नेतृत्व भ्रमित हो जाता है. रामचरितमानस के सुंदरकांड के एक दोहे में इस स्थिति की बड़ी सुंदर ढंग से व्याख्या की गई है.कहा गया है कि- - सचिव, वैद, गुरु तीन जो प्रिय बोलहि भय आस, राज धर्म धन तीन कर होई बेगहि नास. यानी जब राजा के इर्द-गिर्द रहने वाले लोग निजी लाभ या भय के चलते सही न बोलकर प्रिय बोलते हैं तो असफलता अवश्यंभावी है.कांग्रेस की यह कमजोरी नयी नहीं है. कुल मिलाकर पार्टी के तौर तरीकों में कुछ बुनियादी और व्यवहारिक बदलाव की आवश्यकता है. कांग्रेस की आज सबसे बड़ी समस्या है हिंदी पट्टी में उसकी ढीली होती पकड़.इसकी की सबसे बड़ी वजह है कि आज कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के पहले घेरे में हिंदी पट्टी के कद्दावर नेता नहीं है. अपवाद के तौर पर एक दो लोग हैं भी तो वे पुराने और थके हुए लोग हैं. जमीन से जुड़े लोगों का अभाव है. कांग्रेस की एक बड़ी पुरानी समस्या रही है कि शीर्ष नेताओं तक जमीन के लोगों की पहुंच नहीं है. और जिनकी पहुंच है उनकी जमीन पर पकड़ नहीं है. वैसे कुछ हद तक यह स्थिति दक्षिण राज्यों के में भी देखी जा सकती है. जमीन से जुड़ने के लिए कांग्रेस को काफी मेहनत करनी पड़ेगी.

**• बोधि-वृक्ष** | अज्ञात



## स्वर्ग और नरक

एक बुजुर्ग औरत मर गई, यमराज लेने आये. औरत ने यमराज से पूछा, आप मुझे स्वर्ग ले जायेगें या नरक. यमराज बोले, दोनों में से कहीं नहीं. तुमने इस जन्म में बहुत ही अच्छे कर्म किये हैं, इसलिये मैं तुम्हें सीधे प्रभु के धाम ले जा रहा हूं. बुजुर्ग औरत खुश हो गई, बोली धन्यवाद, पर मेरी आपसे एक विनती है. मैनें यहां धरती पर सबसे बहुत स्वर्ग- नरक के बारे में सुना है. मैं एक बार इन दोनों जगहों को देखना चाहती हूं. यमराज बोले, तुम्हारे कर्म अच्छे हैं, इसलिए मैं तुम्हारी यह इच्छा पूरी करता हूं. दोनों चल पडें. सबसे पहले नरक आया. नरक में बुजुर्ग औरत ने देखा कि वहां सभी लोग दुबले पतले और बीमार दिखाई दे रहे थे. पूछने पर औरत को एक आदमी ने बताया कि मरने के बाद जबसे यहां आये हैं, हमने एक दिन भी खाना नहीं खाया. बुजुर्ग औरत की नज़र एक विशाल पतीले पर पडी, जो कि लोगों के कद से करीब 300 फुट ऊंचा होगा, उस पतीले के ऊपर एक विशाल चम्मच लटका हुआ था. पतीले में स्वादिष्ट खीर थी, लेकिन ऊंचाई के कारण वे खीर खा नहीं पा रहे थे. यमराज बुजुर्ग औरत को स्वर्ग लेकर पहुंचे. वहां पर सब लोग बहुत खुश दिखाई दे रहे थे. बुजुर्ग औरत कि नज़र वैसे ही 300 फुट ऊंचे पतीले पर पडी. जैसा नरक में था. बुजुर्ग औरत को वहां लोगों ने बताया कि वे भरपेट खीर खाते हैं और मस्त रहते हैं. वह बोली पर यह पतिला तो 300 फीट ऊंचा है. आप लोग वहां कैसे पहुंचते हैं? लोग बोले, क्या हुआ, जो पतिला ऊंचा है तो यहां पर कितने सारे पेड़ हैं. ईश्वर ने ये पेड़ पौधे, नदी, झरने हम मनुष्यों के उपयोग के लिये तो बनाईं हैं. हमने इन पेड़ों की लकडी.ली, उसको काटा, फिर उसके टुकडों.को जोड़ कर विशाल सीढ़ी का निर्माण किया. उस लकडी. की सिढी.के सहारे हम पतीले तक पहुंचते हैं और सब मिलकर खीर का आंनद लेते हैं. बुजुर्ग औरत यमराज कि तरफ देखने लगी. यमराज मुस्कराते हुए बोले- ईश्वर ने स्वर्ग और नरक मनुष्यों के हाथों में ही सौंप रखा है. चाहें तो अपने लिये नरक बना लें, चाहें तो अपने लिए स्वर्ग. वहां नरक में भी पेड़-पौधे सब थे, पर वे लोग खुद ही आलसी हैं, उन्हें खीर हाथ में चाहिए, वे कोई कर्म नहीं करना चाहते, कोई मेहनत नहीं करना चाहते, इसलिए भूख से बेहाल हैं.

# मौत वाली कार्य संस्कृति का दंश कब तक

**• श्रम**

देशप्रिय शर्मा

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की ताज़ा रिपोर्ट बतलाती है कि दुनिया की एक बड़ी आबादी बहुत खराब हालात में काम करती है. स्थितियां इतनी बुरी हैं कि उनके कारण लाखों श्रमिक और कर्मचारी किसी न किसी वज़ह से दम तोड़ देते हैं, फिर वह चाहे काम का बोझ हो या कार्य स्थलों पर होता प्रदूषण. यह एक तरह से क्रूर पूंजीवाद के उसी चेहरे का प्रतिबिम्ब है, जो मुनाफा कमाने के लिए अमानवीयता की तमाम सरहदें लांघता है. पिछले कुछ अरसे से पूंजी के मुकाबले श्रम की घटती महत्ता का भी यह साक्ष्य है. आईएलओ की इस 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक काम से सम्बन्धित दुर्घटनाओं और विभिन्न तरह की बीमारियों के चलते विश्व में 30 लाख लोगों ने जान गंवाई. यह आंकड़ा साल 2000 के मुकाबले 12 फीसदी ज्यादा तथा 2015 की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक है, जो यह बतलाने के लिये पर्याप्त है कि लोगों का मरना बदस्तूर जारी है. जो तथ्य प्रमुखता से सामने आया वह यह है कि मौतों का सबसे बड़ा कारण है प्रति सप्ताह 55 घंटों से अधिक समय तक की काम की अवधि का होना. अकेले इसी कारण से करीब 7.5 लाख कर्मचारियों व श्रमिकों ने प्राण खोये. ऐसे में इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति के उस बयान का भी स्मरण हो आता है, जिन्होंने हाल ही में एक चर्चा के दौरान कहा था कि 'अगर भारत को चीन से मुकाबला करना है तो यहां के प्रत्येक युवा को सप्ताह में कम से कम 60 घंटे काम करना चाहिये.' दुनिया जब 55 घंटे से अधिक अवधि तक काम करने का नतीज़ा बड़ी संख्या में लोगों की मौत के रूप में देख रही है, तो नारायण मूर्ति का यह बयान निष्ठुर ही कहा जा सकता है. यह पूंजीवाद का वह विद्रूप पक्ष है जिसमें कारोबारियों को लोगों की जान की परवाह नहीं होती और वे आर्थिक लाभ को ही तरज़ीह देते हैं. ये वे मौतें हैं, जिनकी रिपोर्ट हुई है या जानकारियां दस्तावेज़ों तक पहुंच सकी हैं. बड़ी संख्या में ऐसे गैर-संगठित क्षेत्र के लोग हैं, जो जान तो गंवाते हैं परन्तु वे घोषित आंकड़ों के हिस्से नहीं बन पाते. यह पूरी दुनिया का हाल है, लेकिन तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों में श्रमिकों की स्थिति बहुत ही दयनीय व चिंतनीय है, जो 21वीं सदी में हासिल की गई वैज्ञानिकता, तकनीकी विकास एवं आधुनिक प्रबंधन शैली के भी विपरीत है. एशियाई, अफ्रीकी एवं लातिन अमेरिका के कई अविकसित व विकासशील देशों में लोगों को खतरनाक परिस्थितियों में काम करना पड़ता है. ये मौतें व्यापक पैमाने पर मानवाधिकार की दुर्दशा को भी बयान करती हैं. वर्गीकृत मौतों के अलावा सोचे-समझे बिना थोपे जाने वाले सरकारी निर्णयों के कारण भी बड़ी संख्या में कार्य स्थलों पर मौतें होती हैं. भारत में नोटबंदी एक ऐसा ही उदाहरण है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सनक व अदूरदर्शिता से उपजे इस फैसले का नतीज़ा देश ने बैंकों के बाहर लोगों की तथा बैंकों के भीतर कर्मचारियों की मौतों के रूप में देखा था. इसी प्रकार कोरोना काल में भी लोगों से लिये जा रहे काम के दौरान भी हजारों लोगों ने जानें गंवाई थीं. उत्तर प्रदेश में कोविड के दौरान स्थानीय निकायों के चुनाव कराये गये थे. नौकरी खोने के डर से राज्य सरकार के हजारों कर्मचारियों व अधिकारियों ने दूर-दराज जाकर चुनावी ड्यूटी की थी. पर्याप्त ऐहतियात बरतने की सुविधा न होने और इलाज की अनुपलब्धता के कारण बड़ी तादाद में मौतें हुई थीं. आईएलओ की रिपोर्ट के अनुसार अन्य कारण तथा उनसे मरने वाले लोगों की संख्याएं इस प्रकार हैं- गैस रिसाव व आगजनी से 4.5 लाख, काम के दौरान घायल होकर 3.63 लाख, एसबेस्टस 2.09 लाख, सिलिका 42 हजार से ज्यादा, कार्य जनित अस्थमा लगभग 30 हजार, विकिरण 18 हजार, डीज़ल इंजिन एग्जास्ट 14700, अर्सेनिक 7600 एवं निकल से 7300. जो सेक्टर सर्वाधिक खतरनाक माने गये हैं और जिनमें सर्वाधिक घटनाएं हुई हैं, उनमें खनन, विनिर्माण, बिजली तथा प्राकृतिक गैस हैं. बेशक मरने वाले गैर कर्मचारी अधिक हैं, परन्तु यह बतलाने के लिये ये आंकड़े पर्याप्त हैं कि कर्मचारियों को किन हालात में काम करना पड़ता है. इस त्रासदी को अब तक की दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदा के रूप में निरूपित किया जाता है. कारखानेदारों की औद्योगिक सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण पर खर्च न करने की प्रवृत्ति से काम करने वालों की जान हमेशा जोखिम में रहती है. शासकीय विभाग एवं नियामक एजेंसियां भी इस ओर ध्यान नहीं देतीं.

> एशियाई, अफ्रीकी एवं लातिन अमेरिका के कई अविकसित व विकासशील देशों में लोगों को खतरनाक परिस्थितियों में काम करना पड़ता है. ये मौतें व्यापक पैमाने पर मानवाधिकार की दुर्दशा को भी बयान करती हैं. वर्गीकृत मौतों के अलावा सोचे-समझे बिना थोपे जाने वाले सरकारी निर्णयों के कारण भी बड़ी संख्या में कार्य स्थलों पर मौतें होती हैं.

# ओपेक बैठक के परिमाणों का बेसब्र इंतजार

**• देशांतर**

के. रविंद्र

तेल बाजार इस सप्ताह आगामी ओपेक+ बैठक के नतीजों का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, जिसकी 26 नवम्बर की बैठक को आंतरिक समस्याओं के कारण स्थगित करना पड़ा था. यह बैठक उत्पादक और आयातक दोनों देशों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से इस आकलन के बीच कि एक नये उत्पादन में कटौती पर समझौता चुनौतीपूर्ण होने वाला है? हालांकि ओपेक की बैठकें पहले भी स्थगित की जा चुकी हैं, लेकिन यह पहली बार है कि यह स्थगन इतने दिनों तक चला है. स्थगन के कारण ही कच्चे तेल की कीमतों में 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई. सप्ताह की शुरुआत में क्रूड की कीमतें लगभग 74.70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रही थीं, जबकि ब्रेंट क्रूड गिरकर लगभग 80 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया था. मामूली वृद्धि दर्ज करने के बाद, सप्ताहों में इस तरह की पहली बढ़ोतरी, ओपेक+ द्वारा अफ्रीकी देशों में उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मंत्री स्तरीय बैठक को 30 नवंबर तक स्थगित करने के बाद सप्ताह के मध्य में कीमतों में गिरावट आई.

यह स्थगन ओपेक+ समूह के भीतर उत्पादन में कटौती के समझौते पर पहुंचने में कठिनाइयों का संकेत देता है. प्रत्येक सदस्य देश 2024 में कीमतों का समर्थन करने के लिए उत्पादन में कमी करने की आवश्यकता को स्वीकार करता है, लेकिन सवाल यह है कि आपूर्ति में कटौती का बोझ कैसे साझा किया जाये. यह माना जाता है कि आगे की कटौती के बिना, कीमतें 2024 तक 80 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहेंगी. जून 2023 में तय किये गये 2024 उत्पादन कोटा में 23 सदस्य देशों में से नौ के लिए कम उत्पादन लक्ष्य शामिल था, जो रूस, नाइजीरिया, अंगोला, मलेशिया, अजरबैजान, इक्वेटोरियल गिनी, कांगो, ब्रुनेई और सूडान हैं. विशेषज्ञों का मानना है कि इन देशों के लिए कम उत्पादन कोटा स्वीकार करना भी मुश्किल होगा. हालांकि, चुनौतियों के बावजूद, तेल बाज़ार विशेषज्ञ रिस्टैड एनर्जी को उम्मीद है कि ओपेक + आगामी बैठक में उत्पादन कम करने के समझौते पर पहुंचेगा. इसमें संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे सदस्यों से आगे स्वैच्छिक कटौती शामिल हो सकती है. वहीं, वे रिस्टैड गतिरोध की संभावना से इनकार करने को तैयार नहीं हैं. इस बात को लेकर काफी उम्मीदें हैं कि सरगना सऊदी अरब प्रतिदिन 1 मिलियन बैरल (बीपीडी) की स्वैच्छिक कच्चे तेल उत्पादन में कटौती पर हाल की कीमत में गिरावट इस बात का संकेतक हो सकती है कि ओपेक बैठक में क्या उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि सऊदी ने बार-बार प्रदर्शित किया है कि उनका मूल्य स्तर 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर है. सऊदी अरब ने उस बैठक के मौके पर अपनी स्वैच्छिक कटौती की घोषणा की, शुरुआत में जुलाई के लिए 1 मिलियन-बीपीडी उत्पादन कटौती की प्रतिबद्धता जताई. इसके बाद इसे मासिक आधार पर अगस्त और सितंबर तक बढ़ा दिया गया, जबकि सितंबर की शुरुआत में, रियाद ने इस साल के अंत तक विस्तार की घोषणा की. तेल बाजार यह देखना चाहेंगे कि क्या सऊदी अरब इन कटौती को 2024 तक बढ़ाता है या वह इन्हें धीरे-धीरे कम करना चाहता है या इस साल के अंत में इन्हें समाप्त होने देता है. रिस्टैड एनर्जी का मानना है कि सऊदी स्वैच्छिक कटौती को 2024 तक नहीं बढ़ाया जायेगा, क्योंकि आपूर्ति में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है, जो अगले साल की पहली तिमाही के लिए संतुलित बाजार का संकेत है. इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दूसरी तिमाही में 600,000 बीपीडी से अधिक का बाजार अधिशेष दिखाई दे रहा है. आगे बढ़ते हुए, अगले वर्ष की दूसरी छमाही में लगभग 450,000 बीपीडी की कमी होने की उम्मीद है. कुल मिलाकर, रिस्टैड को उम्मीद है कि इस साल लगभग 1.2 मिलियन के महत्वपूर्ण घाटे की तुलना में 2024 में तेल बाजार काफी संतुलित रहेगा. रिस्टैड विश्लेषण से पता चलता है कि, ऐसे परिदृश्य में जहां सऊदी अरब स्वैच्छिक कटौती का विस्तार नहीं करता है, बाजार में मंदी बढ़ेगी और अगले साल तेल की कीमत औसतन 80 डॉलर प्रति बैरल से थोड़ा ऊपर होगी. दूसरे छोर पर, यदि सऊदी अरब अप्रैल 2024 तक स्वैच्छिक कटौती बढ़ाता है और फिर धीरे-धीरे उन्हें कम करता है, तो 2024 में कीमत औसतन 96 डॉलर प्रति बैरल होगी. आईएमएफ का नवीनतम अनुमान सऊदी तेल के लिए 86 डॉलर प्रति बैरल की ब्रेकईवन कीमत का सुझाव देता है.

> ओपेक+ समूह के भीतर उत्पादन में कटौती के समझौते पर पहुंचने में कठिनाइयों का संकेत देता है. प्रत्येक सदस्य देश 2024 में कीमतों का समर्थन करने के लिए उत्पादन में कमी करने की आवश्यकता को स्वीकार करता है, लेकिन सवाल यह है कि आपूर्ति में कटौती का बोझ कैसे साझा किया जाये.

## मीडिया में अन्यत्र

# जीडीपी के आंकड़े खुशनुमा, पर नाजुक

भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के हालिया आंकड़े खुश करने वाले हैं, मगर भ्रामक नहीं हैं, क्योंकि उनसे वाकई अच्छे संकेत मिलते हैं. तिमाही जीडीपी आंकड़ों के साथ एक चेतावनी भी आनी चाहिए थी, नाजुक, एहतियात बरतें! इसकी वजह समझने के लिए जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए 7.6 फीसदी जीडीपी वृद्धि बताने वाले आंकड़ों पर नजर डालिए. इसमें क्षेत्रवार आंकड़े देखिए, जिनकी वजह से इतनी वृद्धि दिख रही है.विनिर्माण क्षेत्र में पिछले वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 13.9 फीसदी वृद्धि दिखी है, जो चौंकाने वाली है और दूसरे क्षेत्रों की वृद्धि दर से बहुत अधिक है. आंकड़ा इतना चढ़ा इसलिए है कि जुलाई-सितंबर तिमाही में विनिर्माण की दर सबको सदमे में डालते हुए 3.8 फीसदी घट गई थी. इस तरह इस बार तुलना करने के लिए आधार बहुत नीचे था. इस तिमाही और साल भर पहले की तिमाही के आंकड़े लीजिए तो आपको (13.9-3.8=) 10.1 फीसदी वृद्धि ही नजर आएगी, जो दोनों तिमाहियों के लिए औसतन 5-5 फीसदी होगी.पत्रकार की तरह हिसाब-किताब लगाने पर 13.9 फीसदी का आंकड़ा अगर 5 फीसदी यानी 'सामान्य' रह जाता है तो हालिया संपन्न तिमाही में जीडीपी वृद्धि भी 7.6 फीसदी से घटकर करीब 6 फीसदी रह जाएगी (और पिछले साल जुलाई-सितंबर तिमाही का आंकड़ा बढ़ जाएगा). तो जीडीपी के आंकड़े पढ़ते समय पहली चेतावनी तो यही होनी चाहिए कि तेज वृद्धि दिखाने वाले क्षेत्रों पर नजर रखिए.जीडीपी के आंकड़ों में कुछ दूसरी चेतावनियां भी हैं मसलन (मौजूदा मूल्य पर) नॉमिनल वृद्धि से (स्थिर मूल्य पर) वास्तविक वृद्धि निकालने में मुद्रास्फीति के इस्तेमाल का तरीका. विशाल असंगठित क्षेत्र जैसे इस्तेमाल हुए कुछ अन्य आंकड़ों का अंतर्निहित सांख्यिकी आधार भी अस्थिर है. जीडीपी निकालने के लिए (तेल जैसी) आयातित वस्तुओं के मूल्य में बदलाव को जिस तरह इस्तेमाल किया गया है, वह भी कुछ अजीब है.मौजूदा तिमाही में वे भी सकल वृद्धि को बढ़ा हुआ दिखाया है. मगर यह कहना सही होगा कि भारत के आधिकारिक जीडीपी आंकड़ों का विश्लेषण करना अर्थशास्त्रियों और सांख्यिकीविदों के लिए कुटीर उद्योग की तरह हो गया है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**




## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### शंका/संदेह

**किसी** को शंका होती है, किसी को संदेह होता है. अभिधार्थ की दृष्टि से शंका और संदेह दोनों एक ही प्रतीत होते हैं. दोनों संस्कृत मूल के तत्सम शब्द हैं. शंका संज्ञा स्त्रीलिंग तो संदेह संज्ञा पुल्लिंग है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार शंका का मतलब है संदेह, संशय, भावी अनिष्ट या हानि का अनुमान, प्रश्न, जिज्ञासा, आशंका, भय. इसी प्रकार संदेह का मतलब है संशय, शंका, शक, निश्चय का अभाव, होने न होने के बीच की स्थिति, अंग्रेजी में डाउट. काव्य शास्त्र में संदेह एक अर्थालंकार है, जिसमें वास्तविकता के संबंध में संदेह हो. जैसे नारी बीच सारी है कि सारी बीच नारी है कि नारी ही की सारी है कि सारी ही की नारी है. शब्दकोशों में दोनों शब्द समानार्थी लगते हैं, लेकिन ये दोनों अनेकार्थी भी हैं. अन्य अर्थ ही दोनों को एक दूसरे से भिन्न कर देते हैं. कुछ बुरा या फिर अनिष्ट होने के अनुमान पर मन में उत्पन्न होनेवाला भय, शंका है. ये पूर्वाग्रह से ग्रसित मन की वह स्थिति है, जिसमें किसी बात के सामने आने पर उसके संबंध में कई प्रश्न या जिज्ञासा मन में उत्पन्न होता है, पर किसी को मानने का मन नहीं करता. पर्याप्त प्रमाण के अभाव में संदेह की उत्पत्ति होती है. वैसी स्थिति में जब कोई बात सामने आती है तो स्वरूप अस्पष्ट होने के कारण उस पर विश्वास नहीं होता. शंका में एक तो प्रस्तुत वस्तु आपत्तिजनक जान पड़ती है, और दूसरी ओर उसके सही रूप जानने की मन में उत्सुकता भी होती है, पर सही बात बताने पर भी मन उसे सही मानने को तैयार नहीं होता. संदेह वहां उत्पन्न होता है, जब हमें कोई बात पूरी तरह ठीक नहीं जंचती और लगता है कि कहीं इससे अलग कोई और बात तो नहीं है. शंका नकारात्मकता की ओर ले जाती है, पर संदेह सही और गलत के बीच में झूलता रहता है.

# ऐसा मौका फिर कहां मिलेगा?

**• तीर-तुक्का**

रवि प्रकाश



विधायकों के सच पूछो तो असली मजे तब होते हैं. जब विधानसभा के चुनाव के बाद भी किसी को पूरा बहुमत न मिले. दो-दो ,चार-चार विधायकों के इधर से उधर होने पर सरकार बनने और बिगड़ने की जब स्थिति आती है, तब विधायकों की पांचों उंगलियां घी में हो जाती हैं. पार्टियों के नेतागण उन्हें एयर कंडीशंड बसों में बिठाकर होटल और रिसॉर्ट में घुमाने के लिए ले जाने में लग जाते हैं. दामादों की तरह विधायकों की खातिरदारी होती है. कीमती हीरे जवाहरातों की तरह उनकी निगरानी की जाती है और वे कहीं भाग न जाएं. इसके लिए बाकायदा उन्हें खूंटे से बांधकर रखा जाता है. यह जानकारी तो नहीं मिली कि जिस कमरे में विधायक को रखा जाता है, उसका दरवाजा बाहर से चाबी लगाकर बंद होता है अथवा नहीं होता है, लेकिन विधायकों के मोबाइल रखवा लिए जाते हैं और उन्हें बाहर की दुनिया से संपर्क करने की अनुमति नहीं होती है. मेरी दृष्टि में यह विधायकों की खुले बाजार में बिक्री पर रोक लगाने जैसा कदम है. इसका समर्थन कैसे किया जा सकता है? हर व्यक्ति को अपने आपको बेचने का हक है और ज्यादा से ज्यादा कीमत पर बेचने का हक है. अब यह कोई पिकनिक का टूर तो है नहीं कि दस विधायक बस में बैठे और पिकनिक मनाने चले गए. विधायकों को भी पता है कि हमें सौदेबाजी से रोकने के लिए यह सब हलवा-पूरी खिलाई जा रही है. सबको मालूम है कि अगर इन्हें खुला छोड़ा तो यह बिक जाएंगे और पैसे पकड़ लेंगे. विधायकों का कोई रेट ऐसी हालत में नहीं होता. जितने में सौदा पट जाए, वह कम ही कम है. शुरू में जरूर प्रति विधायक रकम कम होती होगी ,लेकिन जैसे-जैसे बहुमत के लिए विधायकों को जुटाने की जरूरत बढ़ती जाती है, वैसे वैसे विधायकों की कीमत भी बढ़ती जाती है. आखिर में जब एक-दो विधायक रह जाते होंगे, जिनके बारे में यह निश्चित नहीं होता कि वह किसके पाले में जाएंगे तो निश्चित रूप से उनका सौदा किसी रियासत को जीतने और हारने की तरह होता होगा. विधायक के असली रेट का केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है. ऐसे में विधायक चाहते हैं कि सभी पक्षों से उनकी सौदेबाजी चलती रहे, बल्कि मैं तो सोचता हूं कि कुछ विधायक तो ऐसे भी होते होंगे जो कहते होंगे कि साहब हम खुलेआम बिकना चाहते हैं, नीलामी में हमारी बोली लगा दी जाए. किसी एक पक्ष से सौदेबाजी करने में रकम थोड़ी ज्यादा तो मिलती है, लेकिन वह बेशकीमती नहीं होती. असली रकम तो तब मिलती है, जब खुली नीलामी हो.

## सैमसंग गैलेक्सी एस 24

### एक साथ दो स्मार्टफोन कंपनियों को करेगा टार्गेट



सैमसंग गैलेक्सी एस 24 का यूजर्स को लंबे समय इंतजार है. इंतजार की घड़ी अब अधिक लंबी नहीं, क्योंकि जानकारी के मुताबिक नए साल के पहले महीने यानी जनवरी में यह फोन लॉन्च हो सकता है. इस बीच एक ऐसी जानकारी आई है जिससे दो स्मार्टफोन कंपनियों की नींद उड़ सकती है. दरअसल हाल ही लीक रिपोर्ट के मुताबिक में बताया गया है कि इस फोन को एपल आईफोन 15 और गूगल पिक्सल 8 के फीचर्स के साथ लॉन्च किया जाएगा. इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फीचर का सपोर्ट दिया जाएगा. जाहिर है एक फोन से दो स्मार्टफोन कंपनियों को टारगेट किया जाएगा.

### जानिए फीचर्स

बता दें कि ऐपल आईफोन 15 सीरीज के प्रो मॉडल को टाइटेनियम फ्रेम के साथ लॉन्च किया गया था, वहीं गूगल पिक्सल 8 सीरीज जेन एआई फीचर्स से लेश है. ये दोनों फीचर्स सैमसंग के बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन सैमसंग गैलेक्सी एस 24 में मिलेगा, ऐसा लीक रिपोर्ट में कहा गया है. यह एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फीचर होगा, जो सैमसंग यूजर्स को रियल टाइम लाइव कॉल फीचर को ट्रांसलेट करने का ऑप्शन देगा. सैमसंग गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन में ऐपल और गूगल के इन दोनों स्मार्टफोन फीचर का इस्तेमाल किया जाएगा.
सैमसंग की अपनी स्मार्ट पेंसिल का सपोर्ट दिया जाएगा. सैमसंग गैलेक्सी एस 24 के कैमरे व प्रोसेसर भी पहले से बेहतर होंगे.
तकनीकी गलियारों की चर्चा के मुताबिक इस अपकमिंग स्मार्टफोन में क्वालम स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 चिपसेट दिया जा सकता है.
सैमसंग गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा स्मार्टफोन एक 6.8 इंच क्यूएचडी+ डिस्प्ले के साथ आएगा.
फोन में 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट सपोर्ट दिया जाएगा. फोन को 12जीबी रैम सपोर्ट के साथ पेश किया जा सकता है.

# डिजिटल अरेस्ट, वर्चुअल जेल और साइबर क्राइम



प्रेम आनंद
आईटी एक्सपर्ट

**आप कभी भी 'डिजिटल अरेस्ट' हो सकते है. यह मायने नहीं रखता कि आप कितने पढ़े लिखे, कितने जानकर हैं. साइबर ठग इस नए तरीके से पढ़े-लिखे लोगों को ही अपना शिकार बना रहे हैं. हाल ही नोएडा की एक महिला इंजीनियर को 'डिजिटल अरेस्ट' करके 11 लाख रुपए से अधिक की वसूली की गई है. यह ठगी कैसे की गई, इस ठगी से कैसे बचा जा सकता है और अगर ठगी हो गई तो उसके बाद क्या कदम उठाने चाहिए, आइए जानते है सबकुछ...**



### डिजिटल अरेस्ट क्या है

ले मैन की भाषा में कहें तो वीडियो कॉल के जरिए आप पर नजर रखना "डिजिटल अरेस्ट" है. सबसे पहले साइबर ठग द्वारा विक्टिम को वीडियो कॉल करके डराया और धमकाया जाता है जिससे विक्टिम डर से वीडियो कॉल से दूर नहीं हो पाता. विक्टिम को इतना मजबूर कर दिया जाता है कि वह एक जगह फ्रिज हो वीडियो कॉल में सिर्फ ठग से बात करने लग जाता है. यानी कि विक्टिम डिजिटल अरेस्ट हो जाता है.
डिजिटल अरेस्ट के वक्त पीड़ित व्यक्ति को किसी से बात करने और न ही कहीं जाने की परमिशन होती है और ये सिलसिला उस वक्त तक चलता है जब तक पीड़ित व्यक्ति सामने वाले व्यक्ति को पैसे देने के लिए मजबूर नहीं हो जाता.

### ऐसे की गई स्कैम

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नोएडा के एक महिला इंजीनियर को एक अनजान कॉल आता है, बताया जाता है कि वह ट्राइ से बोल रहा. वह पीड़िता को बताता है कि आपका मोबाइल दो घंटे में बंद हो जाएगा और एक नंबर देते हुए बताता है कि यह क्राइम ब्रांच के किसी अधिकारी का नंबर है. वह इसपर कॉल करके बात करे.
इसके बाद महिला इंजीनियर उस इंस्पेक्टर को कॉल करती है जिसके बाद वह इंस्पेक्टर स्काइप के जरिए वीडियो कॉल पर आ जाता है और फिर वह पीड़िता को उसका नाम मनी लॉन्ड्रिंग जैसे केस में होने की बात कर डरा देता है और कहीं नहीं जाने को कहता है. कुछ भी करने पर जेल भेजने की धमकी देता है. वह इंस्पेक्टर महिला को कई नकली आईएएस ऑफिसर्स से बात भी करवाता है. इतना ही नहीं वीडियो कॉल पर ही पूरी एक केस चलाई जाती है. और अंत में कानूनी कार्रवाई व जमानत के नाम पर 11 लाख रुपए ठग लिया जाता है.

### ऐसे बनाते हैं विक्टिम?

ठग पुलिस स्टेशन जैसे सेटअप से विडियो कॉल कर विक्टिम को बुरी तरह डराए रहते हैं. वह आपके आधार कार्ड, पैन कार्ड की डिटेल बताकर यकीन दिलाते हैं कि आपका संदिग्ध एक्टिविटी में नाम आ चुका है. फिर मकसद पूरा होने तक डर में बांधे रखते हैं. विक्टिम को फोन बंद नहीं करने देते.
जब वे समझ जाते हैं कि डर के मारे विक्टिम अब उनकी सारी बातें फॉलो कर रहा है. इतने में विक्टिम का डिस्क्लोजर ले लेते हैं, जिसमें बैंक अकाउंट, म्यूचुअल फंड, शेयर, इनवेस्टमेंट, घर के सदस्यों की संख्या, प्रॉपर्टी की डिटेल, सभी के मोबाइल नंबर, घर का एड्रेस, प्रफेशन, मंथली इनकम जैसी पर्सनल जानकारियां. उसके बाद वह अपने रुख में नरमी दिखाकर कहते हैं कि आप ईमानदार और निर्दोष हैं, लगता है आप गलत फंस गए हैं. वे विक्टिम को कहते हैं कि हम आपके सभी फाइनैंशल अकाउंट्स की स्टडी करेंगे. तब तक आप सारा पैसा गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कीजिए. स्टडी करने के बाद पैसा आपको वापस कर दिया जाएगा. कानूनी फंदे और शिकंजे में फंसने से बचने के चक्कर में विक्टिम सारा पैसा गंवा देता है. 'डर' की यही मॉडस ऑपरेंडी चल रही है. हाल ही ऐसे कई केस आए हैं. उनकी इन्वेस्टिगेशन चल रही है.



### कैसे बचें ऐसे क्राइम से

- साइबर क्राइम से जुड़े हेल्पलाइन का नंबर 1930 नंबर को सेव कर लीजिए. ये नेशनल साइबरक्राइम हेल्पलाइन नंबर है जिसपर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं.
- खुद को स्कैम और फ्रॉड जैसी घटनाओं से अपडेट रखें ताकि अगर कोई आपके साथ ऐसा कुछ भी करने का ट्राई करे तो आप पहले से ही अलर्ट हो और कोई आपको नुकसान न पहुंच पाए.
- अगर आपको ऐसा कोई कॉल आए तो घबराना नहीं है, अगर ऐसा कोई भी लीगल मामला है तो उसे फॉर्मल प्रोसेस के जरिए आगे बढ़ाया जाता है न कि फोन पर धमाका डराकर.
- अगर ऐसा कोई कॉल आए और कोई आपसे पैसे की मांग करे तो आपको पैसे ट्रांसफर नहीं करने हैं और न ही आपको बैंक अकाउंट या कार्ड डिटेल शेयर करनी है.

## पेट्रोल की चिंता छोड़ सड़क पर दौड़ रहीं....

# ये टॉप 10 इलेक्ट्रिक स्कूटर

**इलेक्ट्रिक स्कूटर की लोकप्रियता हाल के वर्षों में बढ़ी है. बेलगाम बढ़ते पेट्रोल के दाम की चिंता से मुक्ति दिलाने वाले इन ई-स्कूटर को हम रांची समेत झारखंड के तकरीबन सभी इलाकों में फर्राटे से दौड़ते देख रहे. पूरे देश की तरह अपने यहां भी फिलहाल प्रीमियम, यानी एक लाख रुपए से ज्यादा प्राइस रेंज वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर्स सड़कों पर अधिक नजर आ रही हैं. आइए, कुछ पॉपुलर ई स्कूटर की कीमत, माइलेज और अन्य फीचर्स से वाकिफ हों.**

### ओला एस1 प्रो

इसकी एक्स शोरूम प्राइस 1.40 लाख रुपए, से लेकर 1.47 लाख रुपए तक है. एक बार चार्ज करने के बाद इसे 195 किलोमीटर तक सड़क पर बेफिक्री से दौड़ा सकते, ऐसा कंपनी का दावा है. टॉप स्पीड 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक की है.



### ऐथर 450एक्स

इसकी एक्स शोरूम प्राइस 1.26 लाख रुपए से लेकर 1.29 लाख रुपए तक है और इसकी सिंगल चार्ज रेंज 150 किलोमीटर तक की है. ऐथर 450एक्स को आप 90 किलोमीटर प्रति घंटे तक की स्पीड से चला सकते हैं.



### टीवीएस आई क्यूब इलेक्ट्रिक



इसकी एक्स शोरूम प्राइस 1.56 लाख रुपए से लेकर 1.62 लाख रुपए तक है. कंपनी दावा के अनुसार एक बार चार्ज करने के बाद 100 किलोमीटर तक की दूरी तय की जा सकती है. इसकी टॉप स्पीड 78 किलोमीटर प्रति घंटे की है.

### वीडा वी1 प्रो



हीरो मोटोकॉर्प के इस ई स्कूटर की शोरूम प्राइस 1.26 लाख रुपए है. वीडा वी1 प्रो की सिंगल चार्ज रेंज 110 किलोमीटर तक की और टॉप स्पीड 80 किलोमीटर तक की है.

### ओकाया फास्ट एफ4



इसकी एक्स शोरूम प्राइस 1,32,990 रुपए है. इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की सिंगल चार्ज रेंज 140 से 160 किलोमीटर तक की है. ओकाया फास्ट एफ4 की टॉप स्पीड 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक की है. सिटी राइड के साथ ही हाइवे पर भी चलाने के लिए यह बेहतर विकल्प है.

### बजाज चेतक इलेक्ट्रिक



बजाज चेतक की सिंगल चार्ज रेंज 108 किलोमीटर तक की और टॉप स्पीड 63 किलोमीटर प्रति घंटे की है.

### ओकिनावा ओखी 90



इसकी एक्स शोरूम प्राइस 1.86 लाख रुपए है. पावरफुल लुक और धांसू फीचर्स के साथ ही जबरदस्त रेंज वाले इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की मार्केट में अच्छी डिमांड है.

### ये भी डिमांड में

- ग्रीव्स कॉटन के एम्पियर ब्रैंड के एम्पियर प्राइमस स्कूटर की एक्स शोरूम प्राइस 1.46 लाख रुपए है.
- बीगौस डी15 इलेक्ट्रिक स्कूटर की एक्स शोरूम प्राइस 1.25 लाख रुपए से शुरू होकर 1.36 लाख रुपये तक जाती है.
- लेक्ट्रिक्स ईवी एलएक्सएस जी 2.0 इलेक्ट्रिक स्कूटर की एक्स शोरूम प्राइस 99,999 रुपए है.

## मंगल और चांद पर भी फर्राटे से दौड़ेगा

# टेस्ला साइबर ट्रक!



**अलॉय मेटल से बना टेस्ला साइबर ट्रक अब सड़कों पर दौड़ने के लिए तैयार है. इसका निर्माण एलन मस्क की कंपनी टेस्ला ने किया है. यह बुलेटप्रूफ है. टेस्ला ने प्रोडक्शन-स्पेक साइबरट्रक का प्रदर्शन कर दिखाया कि .45 कैलिबर टॉमी गन, एक हैंडगन और यहां तक कि एक सबमशीन गन के हमले को यह आसानी से झेल सकता है. साइबरट्रक की कीमत 60,990 डॉलर (लगभग 50.80 लाख रुपये) से शुरू होगी. टेस्ला साइबरट्रक की बुकिंग पहले ही शुरु की जा चुकी है और कंपनी का दावा है कि इसका ऑर्डर-बुक फुल हो चुका है. अब तक इसके 10 लाख यूनिट्स की बुकिंग हो चुकी है.**

### इससे प्रेरित डिजाइन

टेस्ला साइबर ट्रक की डिजाइन व लुक देख कर 1977 की जेम्स बॉन्ड फिल्म ‘द स्पाई हू लव्ड मी’ में कार से बनी पनडुब्बी का ध्यान आ जाता है. दरअसल यह इसी पनडुब्बी डिजाइन से प्रेरित है. कंपनी का दावा है कि धरती पर मौजूद हर तह की सड़कों पर इसे फर्राटे से दौड़ाया जा सकता. इतना ही नहीं, कंपनी का यहां तक कहना है कि, इसे इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि ये केवल धरती ही नहीं बल्कि हर प्लेनेट पर दौड़ सकती है. टेस्ला साइबर ट्रक का लुक व डिज़ाइन देखने के बाद कंपनी के दावों पर एतबार होने लगता है.

### इसलिए बढ़ी कीमत

आज से करीब चार साल पहले यानी 2019 में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने इसकी जो कीमत बताई भी वह वर्तमान कीमत से कम से कम 50% कम थी. संभवत: मजबूती, तकनीक, पावर, परफॉर्मेंस, डिजाइन आदि वजहों से इसकी पूर्व निर्धारित कीमत में इजाफा हुआ.

### फ्यूचरिस्टिक डिज़ाइन

जब टेस्ला साइबरट्रक ने अपने वेज-जैसे डिज़ाइन के साथ शुरुआत की, जो कि भविष्य के वीडियो गेम से प्रेरित लग रहा था, तो उम्मीद की जा रही थी कि प्रोडक्शन मॉडल ज्यादा रियलिस्टिक होगा. लेकिन इसका फाइनल मॉडल भी अपने कॉन्सेप्ट के ही तरह बेहद यूनिक है. इसमें बड़ा ग्लॉस रूफ दिया गया है और 432 मिमी की ग्राउंड क्लीयरेंस के साथ आने वाली ये साइबरट्रक 20 इंच के पहियों पर चलती है. इसमें स्मूथ सरफेस पर एलईडी लाइटिंग का बखूबी इस्तेमाल देखने को मिलता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# अतिक्रमण हटाने गयी पुलिस टीम पर हमला, 10 घायल

संवाददाता। पटना

राजधानी पटना के दानापुर ब्लॉक में अतिक्रमण हटाने गयी पुलिस टीम पर कटाव पीड़ित परिवारों ने पथराव किया. आक्रोशितों ने जेसीबी को भी आग के हवाले कर दिया. साथ ही दानापुर प्रखंड कार्यालय परिसर में बनी कई झोपड़ियों में भी आगजनी की. आक्रोशितों ने जमकर रोड़ेबाजी भी की. जिसमें करीब 10 पुलिसकर्मी घायल हो गये. दमकल चालक संतोष कुमार और महिला सिपाही प्रतिमा कुमारी का सर फट गया. जबकि सिपाही गुलशन का पैर



लहूलुहान हो गया.

आनन-फानन में सभी को एलएनजेपीएन ट्रॉमा सेंटर में भर्ती



कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. वहीं अतिक्रमण हटाने गयी पुलिस टीम का नेतृत्व कर रहे एसडीएम प्रदीप सिंह के आदेश पर कई उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया.

### खास बातें

- पटना के दानापुर ब्लॉक के पास हुई घटना
- टीम पर कटाव पीड़ित परिवारों ने किया हमला

**जगह आवंटित होने के बाद भी खाली नहीं कर रहे थे जगह:** घटना के संबंध में बताया जाता है कि बाढ़ पीड़ित लोग लंबे समय से दानापुर प्रखंड कार्यालय की जमीन को अतिक्रमण करके झोपड़ी नुमा मकान बनाकर रह रहे थे. सरकार ने मनेर में सभी को जगह आवंटित किया था. इसके बाद भी ये लोग इस जगह को खाली नहीं कर रहे थे. इनको कई बार नोटिस भी दिया गया.

इसके बावजूद ये लोग यहां से हट नहीं रहे थे. ऐसे में जब पुलिस की टीम खाली कराने पहुंची तो कटाव पीड़ित परिवारों ने उन पर हमला कर दिया. जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गये. हालांकि हंगामे के बाद दोबारा अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू हुआ.

### आओ जानें — सामान्य ज्ञान

- बिहार की पहली महिला मुख्यमंत्री कौन थीं –राबड़ी देवी
- मंगल किस तरह के पौधे को कहा जाता है – मैंग्रोव
- राष्ट्रकूट राजवंश का संस्थापक कौन था – दंतिदुर्ग
- नुआखाई त्यौहार किस प्रदेश में मनाया जाता है – ओडिशा
- बिहार में कांग्रेस के बांकीपुर अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे – आरएन मुधोलकर
- नादिरशाह के भारत आक्रमण के समय मुगल राजा कौन था – मुहम्मद शाह
- क्रिकेट विश्व कप 2023 का उद्घाटन मैच किस स्टेडियम में हुआ – नरेंद्र मोदी स्टेडियम अहमदाबाद
- किसा मुगल बादशाह को शाहे बेखबर कहा जाता था – बहादुरशाह
- बिहार विधानपरिषद के 75 सदस्यों में से कितने विधानसभा से चुने जाते हैं – एक तिहाई

## ब्रीफ खबरें

### महिला की हत्या करके बेटी को उठा लिया अपराधी

**नवादा।** जिले में पकरीबरमा थाने के कूढेता गांव में दिल्ली में रहकर रोजी-रोटी कमाने वाले शिवशंकर सिंह की 35 वर्षीय पत्नी किरण देवी की हत्या कर उनके साथ रह रही आठ वर्षीय बेटी को अपराधी उठा ले गए. घटना का पता तब चला जब सोमवार को मृतक के ससुर देवेंद्र सिंह बेगूसराय बारात से वापस घर लौटे. मृतक के ससुर देवेंद्र सिंह ने बताया कि जब सोमवार को बेगूसराय से बारात से लौटे तो घर में अपनी पुत्रवधू को मुंह के बाल गिर पाया तथा पोती घर में नहीं थी. जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है. उन्होंने यह भी बताया कि घर में पुत्रवधू के साथ पोती रहती थी.

### 6 से 7 दिसंबर के मध्य बारिश की संभावना

**पटना।** प्रदेश में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है. पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक आनेवाले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आ सकती है. मौसम विभाग ने कहा है कि चक्रवातीय तूफान मिचौंग के प्रभाव से छह और सात दिसम्बर को राज्य के करीब 20 जिलों में बारिश होने की संभावना जतायी है. इस दौरान पटना सहित सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, शिवहर, समस्तीपुर, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल और आस-पास के इलाकों में बारिश हो सकती है.

### दिनदहाड़े एसिड अटैक में झुलसा व्यक्ति

**रोहतास।** रोहतास में एक शख्स पर दिनदहाड़े एसिड अटैक कर दिया गया. इसके बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल हो गया. बताया जा रहा है कि बीती रात पीड़ित के घर के दरवाजे पर फायरिंग भी गई थी, उसके बाद सोमवार सुबह एसिड अटैक की वारदात को अंजाम दिया गया. जानकारी के मुताबिक जिले के करगहर इलाके में आपसी रंजिश में एक व्यक्ति नरेश राम पर एसिड फेंक दिया गया. इसके बाद आनन -फानन में आंशिक रूप से झुलसे 40 वर्षीय दिनेश राम को इलाज के लिए सासाराम के सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में पीड़ित का इलाज चल रहा है.

देर रात बाइक ने खड़े ट्रैक्टर में मारी टक्कर

# बाजार से लौट रहे बाइक सवार तीन युवकों की मौत

संवाददाता। कैमूर

कैमूर में भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई. घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के कुरई गांव के पास की है. रविवार देर रात बाइक ने खड़े ट्रैक्टर में टक्कर मार दी. हादसा इतना भीषण था कि दो की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं तीसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई. पुलिस के अनुसार, सड़क हादसे में तीन युवकों के मौत की सूचना मिली है. तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है. हादसे का कारण अत्यधिक रफ्तार बताया जा रहा है.

रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और ट्रक में जा घुसी. मरने वालों की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र के कटरा गांव के रामसेवक बिंद के 29 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार, सदा बिंद के 19 वर्षीय पुत्र फूलचंद कुमार और भला बिंद के 30 वर्षीय पुत्र शशि कुमार के रूप में हुई.



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन.

### रविवार को ही परदेस से लौटा था दिलीप

परिजनों का कहना है कि दिलीप कुमार बाहर में रहकर कमाता था. रविवार को ही परदेस से लौट कर अपने गांव कटरा आया था. बच्चों के लिए कपड़े की खरीदारी कर बाइक पर सवार होकर फूलचंद और शशि कुमार के साथ अपने ससुराल जा रहे थे. तभी चैनपुर कर्जी रोड में कुरई गांव के पास सड़क पर ही ट्रैक्टर खड़ा था, जिसे वह देख नहीं पाया और बाइक उसी से जाकर टकरा गई. इसमें घटनास्थल पर ही दिलीप और शशि कुमार की मौत हो गई. फूलचंद बिंद घायल हो गया. इसे ग्रामीणों ने अस्पताल लाया गया था. लेकिन, उन्होंने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया.

### रोहतास में पिकअप वाहन ने चार लोगों को रौंदा, दो की मौत

**पटना।** रोहतास जिले के डेहरी-रोहतास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-119 पर सोमवार सुबह बारातियों से भरे एक पिकअप वाहन ने चार लोगों को रौंद दिया. दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हैं. पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान अमझोर थाना क्षेत्र के रामडिहरा स्थित जागोडिह भुईया टोला निवासी रतन भुईया (60) व शांति देवी के रूप में हुई है, जबकि अन्य दो लोग घायल हैं. जिनका इलाज स्थानीय पीएचसी में कराया जा रहा है. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने डेहरी बंजारी राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया है. मौके पर अमझोर थाने की पुलिस पहुंची. चालक वैन छोड़कर भाग निकला है. साथ ही बाराती भी भाग निकले हैं. पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है.

### पटना कॉलेज के हॉस्टल में बमबाजी, एक घायल

**पटना।** पटना कॉलेज के हॉस्टल में सोमवार सुबह करीब 11 बजे देसी बम फेंके गए. बमबाजी की घटना मौलाना अबुल हसन अली नदवी अल्पसंख्यक छात्रावास और इकबाल छात्रावास में हुई. इस घटना में एक घात्र गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल छात्र को पीएमसीएम पहुंचाया गया, यहां से उसके परिजन रेलवे हॉस्पिटल में भर्ती कराया है. घायल छात्र की पहचान मयंक के रूप में की गई है, जो जहानाबाद के रहनेवाला है. बमबाजी की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, जहां से पुलिस ने एक जिंदा बम बरामद किया है. छात्रों का कहना है कि उस समय क्लास चल रहा था. तभी अचानक बमबाजी और गोलीबारी होने लगी. अचानक हुए इस घटना से कैंपस में अफरातफरी का माहौल हो गया.

जीतन राम मांझी के बाद गिरिराज सिंह बोले-

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हेल्थ बुलेटिन जारी करें

संवाददाता। बेगूसराय

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने भी बीमार बताए जा रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हेल्थ बुलेटिन जारी करने की मांग की है. गिरिराज ने जीतन राम मांझी के इस मांग का समर्थन किया है. सिंह ने कहा है कि नीतीश कुमार केवल एक गठबंधन के मुख्यमंत्री नहीं हैं. बल्कि वह पूरे बिहार के मुख्यमंत्री हैं, इसलिए मांझी की चिंता जायज है. हमें भी इसकी चिंता है, इसलिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हेल्थ बुलेटिन जारी होना चाहिए. लोग भी तो जानें कि उन्हें क्या हुआ है. उल्लेखनीय है कि मांझी ने सोमवार को ट्वीट कर कहा है कि पिछले दस दिनों से मुख्यमंत्री की तबीयत खराब है. उनको कुछ हुआ भी है या फिर सिर्फ उनके साथ राजनैतिक साजिश चल रही है. नीतीश का हेल्थ बुलेटिन जारी होना चाहिए, जिससे पता चले कि उनकी स्थिति कैसी है. इसी को लेकर सिंह ने सवाल उठाया है. इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा चुनाव में जदयू की स्थिति को लेकर भी सवाल किया है. उन्होंने कहा है कि इस चुनाव में नीतीश जी की लोकप्रियता इतनी अधिक रही कि उनकी पार्टी जदयू के सभी उम्मीदवार को उतना भी वोट नहीं आया, जितना नोटा को मिला.

# कार-ट्रक में टक्कर, पिता-पुत्री की मौत

संवाददाता। औरंगाबाद

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव के समीप रविवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्री की मौत हो गई, जबकि इस हादसे में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए. मृतकों की पहचान 48 वर्षीय कृष्णा सागर गुप्ता और उसकी 22 वर्षीय पुत्री खुशी गुप्ता के रूप में की गई है. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई. मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी से पूरा परिवार



आजमगढ़ के लालगंज से झारखंड के धनबाद में एक छठी समारोह में शामिल होने जा रहा था. इस दौरान उनकी गाड़ी भेड़िया मोड़ के समीप पहुंची तो सड़क किनारे खड़े ट्रक में टक्कर मार दी.

### मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस घायल महिला और वाहन चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया. प्राथमिकी उपचार के बाद घायलों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेज दिया गया. हादसे की सूचना पुलिस ने परिजनों को दी. पुलिस परिजन के पहुंचते ही शव के पोस्टमार्टम प्रक्रिया में जुट गई.

## कारोबार

### जे कुमार को मिला 378.7 करोड़ का ठेका

**नयी दिल्ली।** जे कुमार इंफ्राप्रोजेक्ट लिमिटेड को 378.7 करोड़ रुपये का ठेका मिला है. यह परियोजना एक फ्लाईओवर के निर्माण से संबंधित है. कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसे मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण से एमएमआरडीए की मुंबई मेट्रो रेल परियोजना के लिंक रोड, अंधेरी (पश्चिम) से पूनम नगर (जेवीएलआर) तक फ्लाईओवर (मिसिंग लिंक) के निर्माण व डिजाइन आदि का ठेका मिला है. परियोजना को 30 महीने की अवधि के भीतर पूरा करना है.

### एसईपीसी को 428 करोड़ का ठेका मिला

**नयी दिल्ली।** निर्माण एवं इंजीनियरिंग कंपनी एसईपीसी लिमिटेड को झारखंड सरकार से 427.9 रुपये का ठेका मिला है. कंपनी को पहले श्रीराम ईपीसी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था. ये परियोजना उन्हें झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से मिली है. एसईपीसी लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि यह ठेका टर्न की आधार पर इनटेक वेल के निर्माण से संबंधित है. परियोजना को समझौते की तारीख से 27 महीने में पूरा किया जाना है.

### एलएंडटी फाइनेंस ने किया विलय

**नयी दिल्ली।** एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स ने अनुषंगी कंपनियों एलएंडटी फाइनेंस, एलएंडटी इंफ्रा क्रेडिट और एलएंडटी म्यूचुअल फंड ट्रस्टी का अपने साथ विलय पूरा होने की सोमवार को घोषणा की. प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस विलय के साथ सभी ऋण व्यवसाय एक इकाई यानी एलटीएफएच के तहत आएंगे. इसके साथ ही यह सूचीबद्ध ऋण इकाई, गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी बन जाएगी जो एल एंड टी फाइनेंस ब्रांड के तहत कई उत्पाद तथा सेवाएं मुहैया कराती है. मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीनानाथ दुभाषी ने कहा कि विलय सभी आवश्यक मंजूरी के साथ निर्धारित समय से पहले पूरा हो गया है.

10 ग्राम सोना 1077 रुपये महंगा होकर 63805 रुपये में बिक रहा है

# सोने के भाव ने पहली बार तोड़ा रिकॉर्ड

भाषा। नयी दिल्ली

सोना के भाव में एक बार फिर जबर्दस्त उछाल आया. सोमवार को सोना ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 1,077 रुपए महंगा होकर 63,805 रुपए पर बिक रहा है. इससे पहले 1 दिसंबर को सोने ने अपना ऑल टाइम हाई बनाया था. तब इसकी कीमत 62,728 रुपए प्रति 10 ग्राम थी.

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार, शादियों का सीजन शुरू हो चुका है. इसमें सोने की डिमांड बढ़ने लगी है. इसके अलावा चीन की रहस्यमयी बीमारी से भी लोगों में डर है. इससे सोने को सपोर्ट मिल रहा है. ऐसे में अगले एक साल में सोना 67 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है. इसके अलावा 2024 में दुनियाभर में मंदी की आशंका और डॉलर इंडेक्स में आई कमजोरी और दुनियाभर के केंद्रीय बैंक द्वारा सोना खरीदना भी एक वजह रही है. वहीं सोने की कीमतें अमेरिकी मुद्रास्फीति दरों से जुड़ी हुई हैं, जो उच्च मुद्रास्फीति के दौरान बढ़ती हैं. केडिया कमोडिटिज के प्रसीडेंट अजय केडिया कहते हैं कि डॉलर की मजबूती के कारण 2024 में सोने के भाव और उछलेंगे. 2024 में सोने की कीमतें लगभग 2,400 डॉलर प्रति औंस होने का अनुमान है.

वहीं दूसरी तरफ सोने की कीमत बढ़ी तो दूसरी तरफ चांदी भी 77 हजार के पार निकल चुकी है. चांदी में भी शानदार तेजी देखने को मिल रही है. ये 673 रुपए महंगी होकर 77,073 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई है. इससे पहले ये 76400 रुपए पर थी. वहीं नवंबर में भी इसमें अच्छी तेजी रही थी. 1 नवंबर को सोने के दाम 60,896 रुपए थे, जो अब 62,607 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए. वहीं चांदी की कीमत अब तक इस महीने 5,109 रुपए बढ़ी है. यह नवंबर के पहले दिन 70,825 रुपए पर थी, जो अब 75,934 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है.



### 24 कैरेट सोने को सबसे शुद्ध सोना माना गया है

सोने के प्रति शुरू से ही लोगों का झुकाव रहा है. इसलिए इसे खरीदने के दौरान इसके वजन और कीमत को समझना जरूरी है. सोना खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक किया जा सकता है. सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है. 24 कैरेट सोने को सबसे शुद्ध सोना माना गया है. लेकिन इसकी ज्वेलरी नहीं बनती, क्योंकि वो बेहद मुलायम होता है. आमतौर पर ज्वेलरी के लिए 22 कैरेट या इससे कम कैरेट सोने का इस्तेमाल किया जाता है. बता दें कि कई लोग सोने को निवेश की तरह देखते हैं. ऐसे में जरूरी है कि सोने की रीसेल वैल्यू के बारे में पूरी जानकारी हो.

### कीमत बढ़ी

- 1 दिसंबर को सोने ने अपना ऑल टाइम हाई बनाया था
- तब इसकी कीमत 62728 रुपये प्रति 10 ग्राम थी
- सोने की कीमतें अमेरिकी मुद्रास्फीति दरों से जुड़ी हैं

### एलन करियर इंस्टीट्यूट ने डाउटनट का किया अधिग्रहण

**नयी दिल्ली।** परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली कंपनी एलन करियर इंस्टीट्यूट ने एआई (कृत्रिम मेधा) आधारित मंच डाउटनट का अधिग्रहण पूरा कर लिया है. कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी. सूत्रों के मुताबिक, एलन ने डाउटनट को एक करोड़ अमेरिकी डॉलर यानी करीब 83 करोड़ रुपये में खरीदा है. एलन की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, विश्व स्तरीय मंच तैयार करने के लिए डाउटनट का दल एलन के साथ आएगा. यह रणनीतिक कदम छात्रों के सीखने की क्षमताओं को निखारने पर केंद्रित प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण समाधान बनाने की एलन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नितिन कुकरेजा ने कहा, डाउटनट का मंच हमें अपने छात्रों के लिए सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने का अवसा देता है. डाउटनट की कई डिजिटल ऐप, वेबसाइट और यूट्यूब चैनल के जरिए हर महीने 3.2 करोड़ छात्रों तक पहुंच है. डाउटनट के सह-संस्थापक आदित्य शंकर ने कहा, डाउटनट का मकसद प्रौद्योगिकी व उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का इस्तेमाल करके पूरे भारत में हर एक छात्र तक शिक्षा की पहुंच कायम करना है.



फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स में तीसरे वार्षिक एकेडमी म्यूजियम समारोह में शामिल हुईं.

**उछाल** सेंसेक्स में 1025 अंकों की बढ़त, अडानी के शेयरों में तूफानी उछाल

# चुनावी नतीजों से शेयर बाजार गदगद, बीएसई 68,508.6 पहुंचा

एजेंसी। मुंबई

चार राज्यों के चुनावी नतीजे से भारतीय शेयर बाजार गदगद हो गया है. सेंसेक्स में 1000 अंकों से अधिक की बढ़त देखी जा रही है. वहीं निफ्टी में भी 310.95 अंकों का जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है. बीएसई का सेंसेक्स अपना पिछला ऑल टाइम हाई 67927.23 को तोड़कर एक नए शिखर 68,508.6 पर पहुंच गया है. जबकि एनएसई के बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 50 ने भी इतिहास रच दिया है. सेंसेक्स 1025.17 अंकों की तेजी के साथ 68506.3 के स्तर पर ट्रेड कर रहा है. वहीं निफ्टी 310.95 अंकों के उछाल के साथ 20578.8 के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है.



### इन शेयरों में बढ़त और गिरावट देखी गई

सोमवार के कारोबार बाजार में निफ्टी पर अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक और कोल इंडिया के शेयरों में जोरदार बढ़त देखने को मिल रही है. वहीं ब्रिटानिया इंड., मारुति सुजुकी और एचडीएफसी लाइफ के शेयर लाल निशान पर नजर आ रहे हैं. सेंसेक्स पर आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, एसबीआई और एलएंडटी में उछाल नजर आ रहा है. वहीं मारुति सुजुकी के शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं.

### मारुति सुजुकी के शेयरों में गिरावट

बीएसई सेंसेक्स में आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन, एनटीपीसी, एसबीआई, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, एचडीएफसी, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचयूएल, रिलायंस, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस और बजाज फिनसर्व हरे निशान पर ट्रेड कर रहे हैं. इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, पावरग्रिड, आईटीसी, विप्रो, सनफार्मा, एशियन पेंट्स, टाइटन, जेएसडब्लू स्टील, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक, नेस्ले और टीसीएस भी बढ़त पर कारोबार कर रहे हैं. हालांकि केवल मारुति सुजुकी के शेयर गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा है.

### पिछले सप्ताह उछाल के साथ बंद हुआ था

बीते कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी जोरदार उछाल के साथ बंद हुए थे. सेंसेक्स 492.75 अंक या 0.74% की बढ़त के साथ 67,481.19 के लेवल पर बंद हुआ था. वहीं निफ्टी 134.75 अंक यानी 0.67% की तेजी के साथ 20,267.90 के स्तर पर समाप्त हुआ था.

# 'व्हाइट गुड्स' खंड में 79 करोड़ के प्रोत्साहन के वितरण की उम्मीद

एजेंसी। नयी दिल्ली

सरकार के इस वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसे इलेक्ट्रिक उत्पादों के लिए पीएलआई के तहत 79 करोड़ रुपये का वित्त प्रोत्साहन वितरित करने की उम्मीद है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. इन उत्पादों (व्हाइट गुड्स) के उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का मकसद एयर कंडीशनर तथा एलईडी लाइट घटकों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है. अधिकारी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में योजना के तहत विभिन्न क्षेत्रों के लिए 11,000 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन वितरण का लक्ष्य कम पड़ सकता है. अधिकारी ने कहा, कई परियोजनाएं प्रारंभिक अवधि में हैं. 'व्हाइट गुड्स' के क्षेत्र में हम अंतिम तिमाही में करीब 79 करोड़ रुपये के वितरण की उम्मीद कर रहे हैं. व्हाइट गुड्स खंड के तहत पीएलआई योजना के 64 चयनित लाभार्थियों में से 15 ने उत्पादन शुरू कर दिया है. इन 15 लाभार्थियों ने 31 मार्च 2022 की अवधि को चुना है. अन्य लाभार्थी जिन्होंने 31 मार्च 2023 तक की अवधि का विकल्प चुना है, वे कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं. यह योजना 2021-22 से 2028-29 तक सात साल की अवधि के लिए है. इसका परिव्यय 6,238 करोड़ रुपये है. खिलौने जैसे क्षेत्रों के लिए योजना का विस्तार करने की योजना के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने कहा, योजना की समीक्षा के बाद इस पर निर्णय किया जाएगा. हम अब तक क्या प्रगति हुई है उसकी समीक्षा कर रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### केंदो पंचायत भवन में शिविर का आयोजन

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड की केंदो गांव स्थित पंचायत भवन में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस मौके पर मुख्य रूप से मौजूद प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई, मुखिया शांति देवी,सांसद प्रतिनिधि विजय सिंह सामड, विधायक प्रतिनिधि मदन बोदरा, बीस सूत्री समन्वय समिति प्रखंड अध्यक्ष ताराकांत सिजुई,बीडीओ सीमा कुमारी तथा शिक्षक दिलीप कुमार महतो ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया.

### वाई-फाई केबल तार काट रहे कर असामाजिक तत्व

**किरीबुरु ।** सेलं की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु टाउनशिप के न्यू कैंप क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा निरंतर संचार की वाई-ई सुविधा से जुड़ी केबल लाइन काटे जाने से लोगों में भारी आक्रोश व नाराजगी है.लोगों ने इसकी शिकायत किरीबुरु थाना पुलिस से भी की है.न्यू कैंप के लोगों ने बताया की इस क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क नहीं पकड़ता है.जिससे आम लोगों,खासकर छात्र-छात्राओं को संचार सुविधाओं को लेकर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था.

### कार से बैग चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** मानगो थाना अंतर्गत एनएच 33 स्थित एक होटल के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़ बैग चोरी करने के आरोपी मो सद्दाम उर्फ राजा बाबू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उसके पास से चोरी का बैग भी बरामद कर लिया है. घटना रविवार देर रात की है. इस संबंध में प्रज्जवल भट्ट की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है. प्रज्जवल ने बताया कि वह होटल के बाहर कार खड़ी कर होटल में चला गया था. वापस लौटा तो देखा कार का शीशा टूटा हुआ है.

### एआईएमआईएम की जीत पर मना जश्न

**गढ़वा ।** तेलंगाना में विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम को जीत मिलने पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनााय. तेलंगाना में एआईएमआईएम ने सात सीट पर जीत हासिल की है. इससे कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं. इसे लेकर सोमवार को गढ़वा में एआईएमआईएम के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी में जिला कार्यालय से विजय जुलूस निकाला. यह जुलूस मझिआंव मोड़ तक गया. वहीं मझिआंव मोड़ से शहर के मुख्य मार्ग होते हुए रंका मोड़ पहुंचा.

### बागबेड़ा में जल संकट टैंकर से मिल रहा पानी

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा कॉलोनी में पानी की समस्या को देखते हुए पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने अपने निजी टैंकर से क्षेत्र में जलापूर्ति शुरू की है. पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने राजकुमार सिंह को पानी की समस्या से अवगत कराते हुए पानी उपलब्ध कराने का आग्रह किया था. जिसे देखते हुए राजकुमार सिंह ने सोमवार को कुल चार ट्रिप (16 हजार लीटर) पीने का पानी निःशुल्क वितरण किया. मौके पर सुनील गुप्ता, संतोष ठाकुर, सीमा पांडे, बन्ना गुप्ता मौजूद रहे.

### भाजपा की जीत पर बांटे गए लड्डू

**जमशेदपुर।** मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर सुंदरनगर चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर जश्न मनाया. कार्यकर्ताओं में तीन राज्यों में भाजपा की जीत को लेकर खुशी का माहौल देखने को मिला. भाजपाइयों ने पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनमोल वर्मा पप्पू के नेतृत्व में सुन्दरनगर चौक में जमकर आतिशबाजी की.

### मनप्रीत हत्याकांड में दी कोर्ट में गवाही

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना अंतर्गत एग्रिको में मनप्रीत सिंह की हत्या मामले में सोमवार को जमशेदपुर कोर्ट में मनप्रीत के पिता हरजिंदर सिंह ने अपना बयान दर्ज कराया. इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद आरोपियों की भी पहचान की. हरजिंदर ने कोर्ट को बताया कि आरोपी घर पर घुसे और मनप्रीत पर ताबड़तोड़ फायरिंह कर फरार हो गए. इस घटना में मनप्रीत की मौके पर ही मौत हो गई.

---

गढ़वा के कंचनपुर पंचायत में हाथियों का आतंक, ग्रामीणों में दहशत, विभाग के प्रति आक्रोश

# लुकुमार गांव में हाथियों ने धान की फसल रौंद डाली

**संवाददाता। गढ़वा**



रंका वन प्रमंडल क्षेत्र के कंचनपुर पंचायत अंतर्गत लुकुमार गांव में बीती रात 15 हाथियों ने ढाई एकड़ के खेत में लगे धान की फसल को रौंदा डाला. इससे किसानों में आक्रोश है. बताया जाता है कि यहां के किसान विगत पांच बार से लगातार वन विभाग को हाथियों के आतंक को समाप्त करने के लिए कई बार आवेदन दे चुके हैं. इसके बावजूद वन विभाग के लोगों के द्वारा इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है. ताकि हाथी को इस क्षेत्र से भगाया जा सके. वन विभाग के द्वारा इन किसानों को उचित मुआवजा भी प्रदान नहीं किया जा रहा है. जिसके कारण किसानों में काफी रोष व्याप्त है. किसान विश्वनाथ यादव, बैजनाथ यादव, लखन यादव, रामप्यारी कोरवा, पिंटू यादव, ऊना देवी, कृष्णा कोरवा, शनिचरी देवी, ललिता देवी, कुलदीप यादव, लालमूनी यादव, दयाशंकर यादव, नंदू यादव, शम्भु यादव व अभिमन्यु यादव सहित कई लोगों का खलिहान में धान रखा था, जिसे हाथियों ने चट कर दिया. इधर गढ़वा जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी शशि कुमार ने कहा कि ग्रामीण हाथियों से अपना बचाव करें. सरकार के द्वारा उचित मुआवजा का प्रावधान किसानों के लिए प्रबंधित किया गया है. किसानों को डीजल, टॉर्च देकर हाथियों से बचने के लिए उपाय वन विभाग के द्वारा किया जा रहा है. गढ़वा जिला के लिए वन विभाग को 30 लाख रुपए मुआवजा के रूप में भी स्वीकृत हुए हैं. जबकि एक करोड़ रुपए की डिमांड डीएफओ ने सरकार से की है. उन्होंने कहा कि जान माल की सुरक्षा ही सबसे बड़ी बचाव है. हाथियों के क्षेत्र में हमलोगों ने अपना घर बना लिया है. अब हाथी महाराज जाएं तो कहां. इसलिए हाथियों से बचना चाहिए.

---

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- नंद वंश के संस्थापक कौन थे – महापदमनंद
- भारत में सोंगमो झील कहां पर है – सिक्किम
- भारत में गन्ने का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है – उत्तर प्रदेश
- झंडा सत्याग्रह के लिए कौन शहर प्रसिद्ध है – नागपुर
- झारखंड में सर्वाधिक महिला साक्षरता वाला जिला – रांची
- इलाहाबाद का किला किसने बनवाया था – अकबर
- हाल ही में एपेक शिखर सम्मेलन कहां हुआ – अमेरिका
- किन चट्टानों को धात्विक खनिज का भंडार कहा जाता है – धारवाड़ युगीन
- मिशन वात्सल्य किस राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया है – महाराष्ट्र

---

शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला का 28वां जन्मोत्सव मनाया गया

# मेरे बेटे ने भारत मां के बेटे होने का फर्ज निभाया : उषा

**संवाददाता। पलामू**

सिंगरा में स्थित शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक स्थित शहीद स्मारक स्थल पर मां भारती के सपूत शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला का 28वां जन्मोत्सव मनाया गया. शहीद के पिता जितेन्द्र कुमार शुक्ला के नेतृत्व में शहीद अनुराग के कीर्ति गाथा को जीवंत रखने के लिए हर साल 3 दिसंबर को जन्मोत्सव का आयोजन किया जाता है. हर वर्ष की भांति जन्मोत्सव पर पहले झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई. वहीं आए हुए आगंतुकों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. इसके बाद भोजपुरी मंच स्टार गोलू राजा ने शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला की कीर्ति को सोहर एवं शहीदी गीत का माला पिरोकर लोगों के सामने पेश किया. भोजपुरी गायिका खुशबू सिंह ने अनोखे अंदाज में समां बांध दिया. कार्यक्रम का हिस्सा बनकर खुद को सौभाग्यशाली बताया. जन्मोत्सव पर 28 पौंड का केक काटा गया. मौके पर शहीद अनुराग का पसंदीदा भोजन खीर प्रसाद के तौर पर बांटा गया. साथ ही जरूरतमंदों के बीच कंबल भी बांटे गये.

मौके पर 28 पौंड का केक काटकर शहीद की मां उषा शुक्ला ने उसके साथ होने का एहसास जीवंत रखा. शहीद की माता ने बताया कि मुझसे ज्यादा कर्ज भारत माता का है, जिसका संतान बनकर बेटे होने का फर्ज अदा किया. अगले जन्म में उसे मेरा कर्ज उतारना है और संपूर्ण जीवन संग जीना है. शहीद के पिता जितेन्द्र शुक्ला की मानें तो शहीद अनुराग के जीवन चरित्र और सिद्धांत उनके शहादत के बाद समझ में आया. जिसमें मानवता, इंसानियत, सामाजिकता, व्यवहारिकता तो कूट-कूट कर भरी हुई थी. उनमें भारतीयता की छाप देश सेवा से जुड़ी हुई थी. मरते दम तक शहादत दिवस और जन्मोत्सव ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मनाएंगे. ऐसी व्यवस्थित परंपरा का निर्माण करेंगे जो उनके जाने के बाद भी जब तक धरती रहेगी शहीद अनुराग की गाथा सिंगरा में गायी जाती रहेगी.



### शहीद का जन्मोत्सव अनुकरणीय : एसपी

मौके पर पलामू पुलिस की ओर से सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अनुराग के नाम की दीपमाला स्मारक स्थल पर सजावट कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान पलामू पुलिस कप्तान रिश्मा रमेशन ने बताया कि ऐसा जन्मोत्सव पहली बार देखने को मिला. देशभर के लिए पलामू में मनाए जाने वाला शहीद का जन्मोत्सव अनुकरणीय है. देश की रक्षा में बलिदान देने वाले सेना एवं पुलिस के जवानों के लिए सम्मान बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है. मौके पर मेदिनीनगर की पहली महापौर अरूणा शंकर ने कहा कि सिंगरा स्थित शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक पर आयोजित जन्मोत्सव में शामिल होना सौभाग्य की बात है. शहीद अनुराग वीरगति को प्राप्त हुआ है. उनके माता-पिता शोक मनाने की बजाय गौरवान्वित होने का अवसर दिया है. अरुणा शंकर ने कहा कि जन्मोत्सव एवं शहादत दिवस को हर वर्ष मनाया जाएगा. पलामू के हर अभिभावक का सपना होगा कि उनके घर एक अनुराग का जन्म हो. सांस्कृतिक कार्यक्रम के सूत्रधार झारखंड के प्रसिद्ध तबलावादक शिशिर कुमार शुक्ला ने मंचासीन कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. वहीं कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष पाण्डेय लकी ने किया. मंच संचालन की जिम्मेदारी लोकगायक शिव चौधरी ने निभाई.

**किया याद**

- शहीद के माता-पिता के अरमान को किया सलाम
- शहीद शुक्ला के जन्मोत्सव पर काटा गया केक

**मौके पर ये रहे मौजूद**

मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक सिंह टूटू सिंह, पूर्व सांसद घूरन राम, भाजपा नेता किशोर पाण्डेय, झामुमो केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य मनोज गुप्ता, झामुमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला की गरिमामय उपस्थिति रही.
जन्मोत्सव को सफल बनाने में शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला की बहन सुप्रिया तिवारी, रौशनी शुक्ला, अतुल्या, बहनोई अभिषेक तिवारी, भगीना अमोघ तिवारी, भगीनी आद्या तिवारी, बाबा संतोष शुक्ला, दिलीप शुक्ला, लव शुक्ला, पारस शुक्ला, रमेश शुक्ला, मित्र आशीष भारद्वाज, पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ला, उमाशंकर मिश्रा, सीपी शुक्ला समेत सैकड़ों लोगों ने सहयोग किया.

---

# आईएनएस खुकरी के शहीदों को नमन

**संवाददाता। जमशेदपुर**

पूर्व सैनिक सेवा परिषद के बैनर तले बिरसानगर में संगठन की तरफ से रविवार को नौसेना दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का उद्‍घाटन संगठन के प्रदेश महामंत्री सिद्धनाथ सिंह ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया एवं नरेंद्र गांगुली द्वारा संगठन गीत प्रस्तुत किया गया. इसके बाद पूर्व नौसैनिक सुखविंदर सिंह ने 1971 के युद्ध के विजय की नींव में नेवी की अचूक रणनीति और अपूर्व पराक्रम को विस्तार से बताया.

पूर्व नौसैनिक बिमल कुमार ओझा, शशिभूषण सिंह ने भी अपने विचार साझा किये. पेटी ऑफिसर कुंदन सिंह ने युद्ध के दौरान आइएनएस वीर निफ्ट और निर्घट के साथ राजपूत और अक्षय जैसे जहाजों और उनकी तकनीकी विशेषताओं का भी जिक्र किया. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्रीड़ा भारती के प्रांतीय मंत्री राजीव ने मां भारती को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह शौर्यमय दिन हम सभी को सदैव याद रखना चाहिए. इसके बाद 1971 के युद्ध में आईएनएस खुकरी के 176 नौसैनिकों की शहादत पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. खुकरी के कमान अधिकारी कैप्टन महेंद्रनाथ मुल्ला के त्याग समर्पण और नौसैनिक मूल्यों को भी याद किया गया.



### पीएसएसपी सदस्यों ने बांटी मिठाई

नौसेना दिवस पर मुख्य अतिथि एवं संगठन के अध्यक्ष विनय यादव, महामंत्री जितेंद्र सिंह एवं सभी नौसैनिक साथियों के साथ केक काटकर जीत का जश्न मनाया गया. इस अवसर पर पीएसएसपी के सदस्य नौसेना से सेवानिवृत जयप्रकाश ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 4 दिसंबर भारतीय नौसेना के लिए सबसे गौरवपूर्ण दिन है. यह दिन पूरे रक्षा बलों द्वारा भारतीय नौसेना की दक्षता, समन्वय और वीरता को श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है. गाजी की प्रसिद्ध जीत उस तारीख को भारतीय नौसेना की पहचान है. आज अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर द्वारा उन रणवीरों के शौर्य और शहादत को याद किया गया. जीत की खुशी में पीएसएसपी सदस्यों ने मिठाई बांटी. कार्यक्रम का संचालन सार्जेंट उमेश शर्मा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन केशव कुमार वर्मा ने किया.

---

# सीजीपीसी कार्यालय पहुंचे विधायक

**संवाददाता। जमशेदपुर**

झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक एवं जुगसलाई क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी अपने साथियों के साथ सोमवार को सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यालय पहुंचे.विधायक ने सीजीपीसी प्रधान भगवान सिंह एवं अन्य प्रतिनिधियों के साथ लगभग एक घंटा तक समय व्यतीत किया एवं सिख समाज की समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की.प्रधान भगवान सिंह ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से भी उन्हें अवगत कराया.विधायक मंगल कालिंदी ने सिख समाज के प्रतिनिधियों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया.इसके बाद सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी कार्यालय में विधायक को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया.मौके पर भगवान सिंह के अलावा चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, गुरचरण सिंह बिल्ला, मुख्य सलाहकार सुरजीत सिंह खुशीपुर,कोषाध्यक्ष गुरनाम सिंह, प्रधान जगजीत सिंह गांधी, सुखवंत सिंह सुक्खू, ज्ञानी कुलदीप सिंह, सुखदेव सिंह, बिट्टू, सुरेंद्र सिंह शिंदे,जगतार सिंह गांधी, सरबजीत सिंह एवं कई अन्य लोग उपस्थित थे.



---

# प्रचंड जीत पर बोले कार्यकर्ता- भाजपा दल नहीं विचारधारा



**संवाददाता। सिमडेगा**

मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिमडेगा में जश्न मनाया. कार्यकर्ता एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया और लड्डू बांटे. मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक ने कहा कि देश की जनता को पीएम पर भरोसा है. नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर तीनों राज्य की जनता ने भरोसा जताया.

तीनों राज्यों के चुनाव परिणाम आने वाले 2024 के चुनाव का ट्रेलर है. लोग कांग्रेस के भ्रष्टाचार से त्रस्त हो चुके थे. भाजपा के नगर अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद ने कहा कि तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत ऐतिहासिक है. जिस तरह से जनता ने कांग्रेस को चुनाव में आईना दिखाया है, ये बताने के लिए काफी है कि 2024 में पुनः देश और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी. भारतीय जनता पार्टी एक दल नहीं बल्कि एक विचारधारा है. पार्टी जनमानस के विश्वास का प्रतीक बन चुकी है. मौके पर भाजपा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे.

---

# नया मोटर लगाने का काम शुरू

**संवाददाता। जमशेदपुर**

पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार के लगातार प्रयास से बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के अंतर्गत बिष्टुपुर स्थित फिल्टर पंप हाउस में नया मोटर सेटअप लगाने का कार्य सोमवार को प्रारंभ हुआ. इस दौरान एजेंसी के मजदूर पुराने मोटर और फाउंडेशन, बेसमेंट को हटाने के कार्य में लग चुके हैं. इस तरह जिला योजना अनाबद्ध मद से 12,60,370 रुपए की लागत राशि से 10 दिनों के अंदर नया मोटर लगा दिया जाएगा. इस राशि से 75 एचपी का मोटर, 75 एचपी का पंप सेट एवं 75 एचपी का स्टार्टर नया लगाया जाएगा. एजेंसी एक साल तक इसकी पुरी तरीके से मेंटेनेंस भी करेगी. वर्तमान में रांची के संवेदक बलका कॉरपोरेशन को कुल राशि का 60 फीसदी (7,56,222 रुपए) स्वीकृत किया जा चुका है. शेष राशि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद संवेदक को मिलेगा.



मोटर लगाने के कार्य का निरीक्षण करता प्रतिनिधिमंडल .

### बार-बार मोटर जलने की समस्या होगी दूर

विधायक के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल ने पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता के नेतृत्व में उप मुखिया संतोष ठाकुर एवं झामुमो बागबेड़ा इकाई अध्यक्ष अजीत सिन्हा ने निरीक्षण किया. निरीक्षण करने के पश्चात विधायक को वस्तु स्थिति से अवगत कराया. इस तरह पिछले 15 सालों में जो कार्य नहीं हुआ था विधायक संजीव सरदार के कार्यकाल में उनके प्रयास से नया मोटर लगाने का काम संभव हो पाया है. इससे बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के 1100 क्वार्टर में रहने वाले लोग लाभान्वित होंगे. पिछले कई वर्षों से लगातार मोटर जल जाने के कारण नियमित रूप से पानी की आपूर्ति नहीं होने से बागबेड़ा कॉलोनी वासी के लोग परेशान हो चुके थे. अब नया मोटर लग जाने से बार-बार मोटर जलने की समस्या दूर हो जाएगी.

---

पेज 1 का शेष...

### तूफान से चेन्नई बेहाल, भारी बारिश से तबाही

तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश की वजह से शहर के कई इलाकों की बिजली गुल हो गई तथा इंटरनेट सेवा बाधित हुईं. चक्रवाती तूफान 'मिगजॉम' के मंगलवार की पूर्वाह्न आंध्र प्रदेश के समुद्र तट से टकराने की संभावना है. खराब मौसम के कारण कई 100 से अधिक ट्रेनें और हवाई उड़ानें रद्द होने से परिवहन सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं. चेन्नई के कई हिस्से और उससे सटे कांचीपुरम, चेंगलपेट और तिरुवल्लुर में पानी भर गया तथा सड़कों पर रुके हुए पानी को निकालने के लिए सरकारी कर्मचारियों को तैनात किया गया है. भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी एक अपडेट के मुताबिक, चक्रवाती तूफान 'मिगजॉम' पश्चिम मध्य और उससे सटे दक्षिण आंध्र प्रदेश और उत्तरी तमिलनाडु तटों के पास बंगाल की दक्षिण-पश्चिमी खाड़ी पर केंद्रित है तथा आठ किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है. यह चार दिसंबर को उसी क्षेत्र में गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में तब्दील हो गया. इसके उत्तर की ओर लगभग समानांतर और दक्षिण आंध्र प्रदेश तट के करीब बढ़ने और पांच दिसंबर की पूर्वाह्न के दौरान एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में नेल्लोर और मछलीपट्टनम के तट से टकराने की आशंका है. कैबिनेट मंत्री उदयनिधि स्टालिन और मा. सुब्रमण्यम ने चेन्नई में प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और राहत गतिविधियों का निरीक्षण किया. भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण चेन्नई हवाई अड्डे का संचालन सुबह नौ बजकर 40 मिनट से रात 11 बजे तक निलंबित कर दिया गया है तथा हवाई अड्डे पर आने और जाने वाली लगभग 70 उड़ानें रद्द कर दी गईं. उन्होंने बताया कि रनवे भी बंद हैं.

**तो जीना मुश्किल हो जाएगा...**

ये तो सिर्फ कुछ तूफानों के आंकड़े हैं और सरकार के जवाब के अनुसार हालात हैं. पर, क्या बात इतनी ही सी है. अभी दिल्ली में प्रदूषण इतना बढ़ गया कि स्कूल-कॉलेज तक बंद करने पड़े. पर्यावरण को हम कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं, इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि देश के पहाड़ी इलाकों में भू-स्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं. देश के अलग-अलग हिस्सों में बेमौसम बारिश और असमय बाढ़ से लोग परेशान हैं. इंश्योरेंस कंपनियों को घाटा उठाना पड़ रहा है. दिसंबर का पहला हफ्ता खत्म होने को है, लेकिन अभी तक ठीक से ठंड नहीं पड़ रही. अब तक हम कम बारिश होने की वजह से खरीफ की फसल का उत्पादन कम होने और आने वाले रबी की फसल की रोपनी कम होने से जुड़ी खबरें पढ़ रहे हैं. अगर हमने प्रदूषण को कम नहीं किया. पर्यावरण को नुकसान करना बंद नहीं किया, तो आने वाले दिनों में हमारे लिए जिंदा रहना मुश्किल हो जाएगा.

**इन आंकड़ों से समझें पानी आपदा की विभीषिका को**

- इसी साल अगस्त में राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि 26 जुलाई 2023 तक देश में पानी और मौसम की आपदाओं में 1224 लोगों की मौत हो गई है. सबसे अधिक मौतें बिहार में 502 लोगों की हुई. जबकि मध्यप्रदेश में 97, गुजरात में 94 और हिमाचल प्रदेश में 88 लोगों की मौत पानी और मौसम की आपदाओं की वजह से हुई.
- गृह राज्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि इन आपदाओं में 25,558 से अधिक जानवरों की मौत हो गई, जबकि 61000 से अधिक घर और झोपड़ियां नष्ट हो गईं. इन आपदाओं में 404676.54 हेक्टेयर भूमि पर लगे फसल बर्बाद हो गए.
- इसी साल केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने लोकसभा में जानकारी दी थी कि बेमौसम बारिश के कारण सात राज्यों आंध्रप्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलांगना में आम की फसलों को नुकसान पहुंचा. मार्च-अप्रैल में तेलंगाना में हुई बारिश व बर्फबारी के कारण 62430 एकड़ जमीन पर लगे फसलों को नुकसान हुआ. फसलों का नुकसान का अनुमान करीब 1.25 लाख टन था.
- इसी साल असम में आयी बाढ़ ने भयंकर तबाही मचाई. 89 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए. यह संख्या राज्य की एक तिहाई आबादी है. एक आकलन के मुताबिक असम में बाढ़ से प्रति वर्ष हजारों करोड़ से अधिक का नुकसान वहां के लोगों, सरकार और बीमा कंपनियों को उठाना पड़ता है.

---

**मीटिंग** कुशवाहा भवन में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू की बैठक आयोजित

# कुशवाहा समाज के विकास के लिए महासभा प्रयासरत

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

मेदिनीनगर के बाईपास रोड सुदना स्थित कुशवाहा भवन में रविवार को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू की बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता अजीत कुमार मेहता ने की. सभा का संचालन सचिव भोला महतो ने किया. बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि कुशवाहा समाज के विकास के लिए महासभा सतत प्रयासरत रहा है. कुशवाहा छात्रावास का निर्माण कार्य काफी प्रगति पर है तथा अन्य सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है.

आगे कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू के संगठन का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से विश्रामपुर विधानसभा के प्रभारी के पद पर अरविंद कुमार मेहता को प्रभार सोपा गया. साथ ही जिला कमेटी में दो उपाध्यक्ष निरंजन मेहता एवं ओमप्रकाश मेहता का चयन किया गया. बैठक में जिले के छह प्रखंडों में प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया. अनिल कुमार मेहता को पिपरा प्रखंड का अध्यक्ष बनाया गया. साथ ही निरंजन प्रसाद मेहता को सचिव की जिम्मेदारी सौंप गई. इसी प्रकार राम परीक्षा मेहता को उतारी रोड का प्रखंड अध्यक्ष का प्रभार सौंपा गया. साथ ही दीपक मेहता को उतारी रोड का सचिव का प्रभार दिया गया. अरुण कुमार मेहता को हैदरनगर का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया. राजेश कुमार मेहता को सचिव की जिम्मेदारी दी गई. दयानंद मेहता को संगठन प्रभारी का दायित्व सौंपा गया. इसी तरह दीपक कुमार मेहता को अध्यक्ष एवं धीरेंद्र कुमार मेहता को सचिव की जिम्मेदारी दी गई. राजीव मेहता को तरहसी प्रखंड के प्रखण्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप गई. उदय मेहता को प्रखंड अध्यक्ष रामगढ़ तथा अखिलेश मेहता को सचिव नियुक्त किया गया. चयनित पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया. अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष के द्वारा मिठाई खिलाकर सभी को शुभकामना दी गई. बताया गया कि एक सप्ताह के अंदर कमेटी का विस्तार करते हुए सूची जिला कमेटी को समर्पित की जाएगी. धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई. मौके पर काफी संख्या में लोगों उपस्थित थे.



**खास बातें**

- कुशवाहा महासभा पलामू के संगठन का विस्तार
- सभा का संचालन सचिव भोला महतो ने किया

## ब्रीफ खबरें

### 2032 ओलंपिक आयोजन समिति से इस्तीफा दिया

**ब्रिस्बेन ।** ब्रिस्बेन के लॉर्ड मेयर एड्रियन श्राइनर ने 2032 में यहां होने वाले ओलंपिक खेलों की आयोजन समिति से त्यागपत्र दे दिया है. अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने 2021 में ब्रिस्बेन को 2032 के खेलों की मेजबानी सौंपी थी, लेकिन श्राइनर के इस्तीफे से आयोजकों में आपसी मतभेद का पता चलता है. ब्रिस्बेन ने ओलंपिक के आयोजन के लिए लीडर्स फोरम का गठन किया था. लेकिन श्राइनर ने कहा कि इस समूह का उपयोग केवल हितधारकों को खुश करने के लिए किया जा रहा है, जबकि सभी अहम फैसले राज्य सरकार कर रही है.

### पीएसजी की जीत में एमबापे का गोल

**पेरिस ।** काइलियान एमबापे और वितिन्हा के गोल के दम पर पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लीग वन मैच में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद रविवार को ली हावरे को 2-0 से शिकस्त दी. मैच के 10वें मिनट में पीएसजी के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को रेड कार्ड दिखाये जाने के बाद पीएसजी को 80 से अधिक मिनट तक दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा. कोच लुईस एनरिक की टीम ने रविवार को सातवीं जीत दर्ज करने के बाद तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है.

### बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को हराया

**मैड्रिड ।** जोओ फेलिक्स ने अपने पूर्व क्लब के खिलाफ गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में शीर्ष पर पहुंचने की तरफ कदम बढ़ाए. बार्सिलोना ने फेलिक्स को एटलेटिको से ऋण पर लिया है. उन्होंने 28वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ. इससे बार्सिलोना अपने घरेलू मैदान पर जीत दर्ज करने में सफल रहा. इस जीत से बार्सिलोना के 15 मैच में 34 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज रियाल मैड्रिड और गिरोना से चार अंक पीछे है.

### धोनी के प्रेरणादायी शब्दों ने मदद की : होप

**साउंड (एंटीगा)।** वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने खुलासा किया कि लक्ष्य का पीछा करने में माहिर महेंद्र सिंह धोनी की आखिर तक हार न मानने की सलाह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उन्हें प्रेरित किया, जिससे उनकी टीम रोमांचक जीत दर्ज करने में सफल रही. पूर्व भारतीय कप्तान धोनी को शांतचित्त होकर अपने काम को अंजाम तक पहुंचाने और अपने मैच विजेता कौशल के लिए जाना जाता है. वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांच विकेट 213 रन पर गंवा दिए थे.

### मेजबानी से भी हट सकता है ऑस्ट्रेलिया

**गोल्ड कोस्ट ।** ऑस्ट्रेलिया 2026 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से हट सकता है और उसके खेल अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय महासंघ को अन्य देशों की दावेदारी पर विचार करने के लिए कह दिया है. राष्ट्रमंडल खेल ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी क्रेग फिलिप्स ने गोल्ड कोस्ट के मेजबानी से हटने के बाद सोमवार को यह टिप्पणी की. जुलाई में विक्टोरिया प्रांत मेजबानी से हट गया था. फिलिप्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया अभी मेजबानी से पूरी तरह नहीं हटा है लेकिन सीजीएफ को अन्य विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए.

### आर्चर से आईपीएल 2024 से हटने को कहा

**लंदन ।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने 2024 के टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से अगले साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से हटने को कहा है. आर्चर को 2022 के आईपीएल से पहले मुंबई इंडियंस ने आठ करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन फ्रेंचाइजी ने पिछले सप्ताह उन्हें 'रिलीज' कर दिया था. आईपीएल की 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली नीलामी की सूची में उनका नाम पंजीकृत नहीं है. आर्चर अपने करियर में चोटों से जूझते रहे हैं.

# नौ भारतीय जूनियर मुक्केबाज स्वर्ण पदक की दौड़ में

**जूनियर विश्व चैंपियनशिप**

भाषा। नयी दिल्ली


हार्दिक प्राची अमीषा

भारतीय मुक्केबाज हार्दिक पंवार, अमीषा केरेटा और प्राची टोकस को आर्मेनिया के येरेवन में आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने फाइनल में हार के बाद रजत पदक के साथ संतोष करना पड़ा. एशियाई जूनियर चैंपियन हार्दिक (80 किग्रा) को रविवार को करीबी मुकाबले में रूस के एशुरोव बैरमखान से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा. दोनों मुक्केबाज इस मुकाबले में आक्रामक दिखे और उन्होंने अंक हासिल करने के हर मौके को भुनाया. रूस का मुक्केबाज ने हालांकि आखिरी समय में भारतीय खिलाड़ी पर भारी पड़ा. अमीषा (54 किग्रा) और प्राची (80 किग्रा से अधिक) को अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में समान रूप से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा. अमीषा कजाकिस्तान की अयाजान सिडिक जबकि प्राची ने उज्बेकिस्तान की दो बार की एशियाई जूनियर चैंपियन सोबिराखोन शाखोबिद्दीनोवा के खिलाफ हार गयी.

भारत इस प्रतियोगिता में अब तक पांच कांस्य सहित 17 पदक पक्का कर चुका है. पायल (48 किग्रा), निशा (52 किग्रा), विनी (57 किग्रा), सृष्टि (63 किग्रा), आकांक्षा (70 किग्रा), मेघा (80 किग्रा), जतिन (54 किग्रा), साहिल (75 किग्रा) और हेमंत (80 किग्रा से अधिक) उन नौ भारतीय मुक्केबाजों में शामिल है जो सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे. नेहा (46 किग्रा), निधि (66 किग्रा), परी (50 किग्रा), कृतिका (75 किग्रा) और सिकंदर (48 किग्रा) ने सेमीफाइनल में हार के बाद अपना अभियान कांस्य पदक से समाप्त किया.

## आओ जानें
## खेल : सामान्य ज्ञान

1. किस खेल से संबंधित है '16 यार्ड हिट' पद? **- हॉकी**
2. किसका नारा था 'कम आउट एंड प्ले'? **- राष्ट्रमंडल खेल 2010**
3. किस खेल से संबंधित है 'अंजली भागवत'? **- राइफल शूटिंग**
4. किस जगह पर स्थित है अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति? **- लोसाने स्विजरलैंड**
5. उस देश का नाम बताइए जो अजलान शाह हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी करता है? **- मलेशिया**
6. किस जगह पर अप्स स्टेडियम स्थित है? **- इंग्लैंड में**
7. किस खेल से संबंधित है अमेरिका कप नाम बताइए? **- बास्केटबॉल**
8. किस खेल सपर्धा से संबंधित है 'अलका तोमर' नाम बताइए? **- कुश्ती**

### जूनियर हॉकी विश्व कप : दो बार की चैंपियन रह चुकी है भारतीय टीम

# कोरिया के विरुद्ध जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा भारत

भाषा ।कुआलालंपुर



दो बार का चैंपियन भारत मंगलवार से यहां शुरू हो रहे एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में फिर से पोडियम पर जगह बनाने के लिए एशिया के अपने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया के खिलाफ जीत से शुरुआत करने की कोशिश करेगा. भारत 2001 में होबार्ट और 2016 में लखनऊ में चैंपियन बना था. इसके अलावा वह 1997 में इंग्लैंड के मिल्टन कीज में उपविजेता रहा था. पिछली बार दो साल पहले भुवनेश्वर में उसे चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा था. भारत को आसान पूल में रखा गया है, जिसमें उसका सामना कोरिया के अलावा कनाडा और स्पेन से होगा. कोरिया के बाद भारतीय टीम गुरुवार को स्पेन और शनिवार को कनाडा से खेलेगी.

पूल ए में गत चैंपियन अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, चिली और मलेशिया, जबकि पूल बी में मिस्र, फ्रांस, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका हैं. पूल डी में बेल्जियम, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान को रखा गया है. प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी. क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल क्रमशः 12, 14 और 16 दिसंबर को खेले जाएंगे. फारवर्ड उत्तम सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम आत्मविश्वास से भरी है क्योंकि कोरिया के खिलाफ उसका रिकॉर्ड अच्छा रहा है. इन दोनों टीम के बीच जो 6 मैच खेले गए हैं उनमें से भारत ने तीन में जीत दर्ज की है.

कोरिया ने दो मैच जीते हैं जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है. इससे पहले इन दोनों टीम के बीच मुकाबला इस साल के शुरू में जूनियर विश्व कप में हुआ था जहां भारतीय टीम ने कोरिया को 9-1 से करारी शिकस्त ली थी. भारतीय कप्तान उत्तम सिंह भी अच्छी शुरुआत करने के प्रति आश्वस्त हैं.

**खास बातें**

- 2001 होबार्ट में पहली बार चैंपियन बना था भारत
- 2016 में लखनऊ में दूसरी बार चैंपियन बना था भारत

**अच्छी शुरुआत के लिए हैं आश्वस्त**

उत्तम सिंह का कहना है कि विश्व कप का इंतजार आखिर में खत्म हो गया और हम अच्छी शुरुआत करने के लिए आश्वस्त हैं. हमने हाल में कोरिया का सामना किया था और हम चुनौती से अच्छी तरह वाकिफ हैं लेकिन हमारा ध्यान रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने और अच्छी हॉकी खेलने पर होगा. भारतीय कोच सीआर कुमार ने कहा कि टीम ने बहुत अच्छी तैयारी की है.

### होप का नाबाद शतक, वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराया

एजेंसी। नॉर्थ साउंड (एंटीगा)

कप्तान शाई होप के नाबाद शतक और रोमारियो शेफर्ड की 28 गेंद पर खेली गई 48 रन की पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने रविवार को यहां पहले एकदिनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराया. वनडे विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद वापसी की कवायद में लगे इंग्लैंड ने निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 325 रन बनाए.

कप्तान जोस बटलर हालांकि पिछले आठ वनडे में पांचवीं बार दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाए. उन्होंने 13 गेंद का सामना करके तीन रन बनाए. बड़े लक्ष्य के सामने वेस्टइंडीज का स्कोर 39 ओवर के बाद 5 विकेट पर 213 रन था, लेकिन होप की 83 गेंद पर खेली गई नाबाद 109 रन और शेफर्ड की आक्रामक पारी के दम पर वेस्टइंडीज ने 48.5 ओवर में 6 विकेट पर 326 रन बनाकर तीन मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की. होप ने अपनी पारी में चार चौके और सात छक्के लगाए. उन्होंने सैम कुरेन की चार गेंद पर तीन छक्के लगाए, जिससे वेस्टइंडीज को लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिली. कुरेन ने 9.5 ओवर में 98 रन दिए. होप ने अपनी पारी के दौरान वनडे में 5000 रन पूरे किये. शेफर्ड ने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए. इन दोनों के अलावा एलिक अथानाज ने 66, ब्रैंडन किंग ने 35 और शिमरोन हेटमायर ने 32 रन बनाए.

## फील्ड अपडेट

### श्रेयंका का ख्वाब विश्व कप स्वर्ण पदक जीतना



**मुंबई ।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरुआती सत्र में अपने हरफनमौला खेल से प्रभावित करने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम में जगह बनाने वाली युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल का ख्वाब देश के लिए विश्व कप और ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतना है. श्रेयंका ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला टीम के लिए डब्ल्यूपीएल में 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने के साथ ऑफ स्पिन गेंदबाजी से छह विकेट चटकाये थे. वह कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) में खेलने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी है. श्रेयंका ने अमेजन गयाना वॉरियर्स के लिए चार मैचों में नौ विकेट लिये. इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ छह, नौ और 10 दिसंबर को वानखेड़े मैदान पर खेली जाने वाली श्रृंखला के लिए वह भारतीय टीम में शामिल हुई है. श्रेयंका ने इंग्लैंड ए के खिलाफ भारत महिला ए की तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के बाद 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हमेशा से मेरा पहला लक्ष्य भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना रहा है.

### हार जाएं तो भी शैली नहीं बदलेंगे : मैकुलम



**बेंगलुरु ।** 'बैजबॉल' ने टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की बल्लेबाजी के आयाम को बदल दिया है और टीम के न्यूजीलैंड के कोच ब्रैंडन मैकुलम को स्पष्ट हैं कि भारत के खिलाफ पांच टेस्ट की श्रृंखला का नतीजा भले ही कुछ भी हो लेकिन उनकी टीम अपनी आक्रामक रणनीति पर बरकरार रहेगी. इंग्लैंड को अगले साल 25 जनवरी से हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में भारत के खिलाफ पांच टेस्ट की श्रृंखला खेलनी है और श्रृंखला के दौरान स्पिन की अनुकूल पिचें मिलने की उम्मीद है. 'बैजबॉल' शब्द मैकुलम के उपनाम 'बैज' और उनकी आक्रामक रणनीति के आधार पर गढ़ा गया है. इस शब्द को 'कोलिन्स शब्दकोश' में भी जगह मिली है. मैकुलम ने 'रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर इनावेशन लैब्स लीडर्स मीट इंडिया' में कहा, भारत में होने वाले पांच टेस्ट में हमें बेहद अच्छी भारतीय टीम के खिलाफ कड़ी चुनौती मिलेगी. मैं इसे लेकर रोमांचित हूं.

# बावुमा और रबाडा को भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से विश्राम

एजेंसी। जोहानिसबर्ग



दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा और तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को भारत के खिलाफ इस महीने होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला से विश्राम दिया गया है और वह इसके बाद होने वाली टेस्ट श्रृंखला में वापसी करेंगे. दक्षिण अफ्रीका खेल के तीनों प्रारूप में भारतीय टीम की मेजबानी करेगा. भारत इस दौरे में तीन टी20, तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगा. इस दौरे की शुरुआत 10 दिसंबर को डरबन में पहले टी20 मैच से होगी. क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को कहा, कप्तान तेम्बा बावुमा और कैगिसो रबाडा उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर रखा गया है. यह दोनों खिलाड़ी इसके बाद टेस्ट श्रृंखला में वापसी करेंगे. भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों टीम के बीच पहला टेस्ट मैच 26 दिसंबर से सेंचुरियन में खेला जाएगा. बावुमा की अनुपस्थिति में एडेन मार्कराम सीमित ओवरों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका की अगुवाई करेंगे. अब तक एक वनडे और 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स को पहली बार टेस्ट टीम में जगह दी गयी है, जबकि हेनरिक क्लासेन को टेस्ट टीम से बाहर रखा गया है. तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्ज़ी, मार्को यानसन और लुंगी एनगिडी को भी वनडे से बाहर रखा गया है. यह तीनों खिलाड़ी पहले दो टी20 मैच और दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किए गए हैं.

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के महत्वपूर्ण अंक और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए दक्षिण अफ्रीका ने भी भारत की तरह अपनी वनडे टीम में कई नए चेहरों को शामिल किया है.

**दक्षिण अफ्रीका की टीम**

**टी20 टीम:** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्ज़ी (पहला और दूसरा टी20), डोनोवन फरेरा, रीज़ा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन (पहला और दूसरा टी20), हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी (पहला और दूसरा टी20), एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज़ शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और लिज़ाद विलियम्स.

**वनडे टीम:** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नांद्रे बर्गर, टोनी डी ज़ोरज़ी, रीज़ा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोंगवाना, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज़ शम्सी, रासी वान डेर डुसेन, काइल वेरेन और लिज़ाद विलियम्स.

**टेस्ट टीम:** टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्ज़ी, टोनी डी ज़ोरज़ी, डीन एल्गर, मार्को यानसन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कीगन पीटरसन, कैगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरिन.

### टी20 विश्व कप से पूर्व तीसरे स्पिन विकल्प बन उभरे रवि बिश्नोई

**बेंगलुरु ।** रवि बिश्नोई को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए जब भारतीय टीम में चुना गया तो यह स्पष्ट संकेत था कि अगले साल टी20 विश्व कप के मद्देनजर वह टीम प्रबंधन की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा हैं. भारत को विश्व कप से पहले छह टी20 खेलने हैं और समझा जाता है कि 23 वर्ष के बिश्नोई को युजवेंद्र चहल पर तरजीह मिलनी तय है. चहल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं है. चहल ने इस साल नौ टी20 मैचों में नौ विकेट लिये, जबकि बिश्नोई ने 11 मैचों में 18 विकेट चटकाये. आस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में संपन्न श्रृंखला में बिश्नोई 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' रहे, जिन्होंने पांच मैचों में नौ विकेट लिये. विशाखापत्तनम में पहले मैच में चार ओवर में 54 रन देने के अलावा बिश्नोई ने बाकी मैचों में शानदार गेंदबाजी की. आस्ट्रेलियाई कप्तान मैथ्यू वेड ने स्वीकार किया कि बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर भी बिश्नोई को खेलना आसान नहीं था.



### शेफलर ने हीरो वर्ल्ड चैलेंज का खिताब जीता

**नासाउ (बहामास)।** दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पहली बार हीरो वर्ल्ड चैलेंज का खिताब जीता जबकि टूर्नामेंट के मेजबान टाइगर वुड्स ने अच्छी वापसी की. शेफलर ने अंतिम दौर से पहले तीन शॉट की बढ़त बना रखी थी. उन्होंने अंतिम दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला और अपना कुल स्कोर 268 तक पहुंचाया. उन्हें खिताब जीतने पर 10 लाख अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार मिला. मैट फिट्ज़पैट्रिक ने अंतिम दौर में आठ अंडर 64 का कार्ड खेला, जिससे वह पांच स्थान आगे बढ़कर दूसरे नंबर पर रहे. जस्टिन थॉमस ने पांच अंडर 67 के कार्ड से अपना कुल स्कोर 272 पर पहुंचाया और तीसरा स्थान हासिल किया. सभी की निगाहें टाइगर वुड्स पर टिकी थी. उन्होंने अंतिम दौर में 72 का कार्ड खेला. इससे पहले शुरुआती तीन दिन उनका स्कोर 75, 70 और 71 रहा था.

**टूर्नामेंट** राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग का समापन, 86 प्वाइंट के साथ रेलवे ओवरऑल चैंपियन बना, राजस्थान बना उप विजेता

# तीन गोल्ड के साथ झारखंड की बेटी सरिता बनीं साइकिलिस्ट ऑफ द चैंपियनशिप

खेल संवाददाता। रांची



भारतीय साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और झारखंड साइकिलिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में खेलगांव रांची के सिदो कान्हु वेलोड्रम स्टेडियम में 75वां सीनियर महिला एवं पुरुष, 52वां जूनियर, 38वां सब जूनियर बालक व बालिका राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप का समापन हुआ. प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक के साथ झारखंड की सरिता कुमारी बेस्ट विमेंस साइकिलिस्ट ऑफ द चैंपियनशिप बनी. वहीं तीन स्वर्ण एक रजत के साथ राजस्थान के खेताराम पुरुष वर्ग में चैंपियन बने. 86 प्वाइंट के साथ रेलवे ओवरऑल चैंपियन बना. वहीं राजस्थान 73 प्वाइंट के साथ उपविजेता बना. सीनियर में रेलवे विजेता और राजस्थान उपविजेता, जूनियर में राजस्थान विजेता और तमिलनाडु उपविजेता, सब जूनियर और यूथ में राजस्थान विजेता और मणिपुर उपविजेता बना. इस प्रतियोगिता में देश भर के लगभग 600 साइकिल राइडर, जिसमें 330 पुरुष व 230 महिला खिलाड़ी 86-86 स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के लिए स्पर्धा कर रहे थे. इसमें झारखंड ने 4 गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल समेत कुल 7 मेडल जीते. झारखंड ने की सरिता ने इस प्रतियोगिता में 3 गोल्ड मेडल जीता. सरिता ने टाइम ट्रायल के 500 मीटर में गोल्ड, 200 मीटर स्प्रिन्ट में गोल्ड और केयरिंग रेस में गोल्ड जीता. सब जूनियर ब्वॉयज के टीम स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड जीता. वहीं नाररायण ने स्प्रिन्ट में सिल्वर और टाइम ट्रायल में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया. टाइम ट्रायल में विकास ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया.

**खास बातें**

- जूनियर में राजस्थान की टीम चैंपियन, तमिलनाडु उप विजेता
- विभिन्न स्पर्धाओं में झारखंड की झोली में सात मेडल आए

चैंपियनशिप के पांचवें दिन समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय हांसदा, शब्बीर हुसैन, एशियन साइकिलिंग कन्फेडरेशन के सेक्रेटरी सरदार ओमकार सिंह, विशिष्ट अतिथि मनिंदर पाल सिंह महासचिव साइकलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, अम्लान कुसुम सिंह , उपाध्यक्ष झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन,अम्लान कुसुम सिन्हा उपस्थित थे. कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेन्द्र पाठक ,उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा, झारखंड साइकलिंग संघ के उपाध्यक्ष सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, दिवाकर सिंह, दिलीप गुप्ता, जीतेंद्र महतो, नरेश कुमार, चंद्र बहादुर सिंह, राजकुमार मेहता,सोमित्रों बोराल,अनीता कुमारी, मो दानिश का योगदान रहा.


विमेंस साइकिलिस्ट ऑफ चैंपियनशिप सरिता.

▼ ब्रीफ खबरें

## 'जश्न-ए-रेख्ता' आठ दिसंबर से आयोजित

**नयी दिल्ली।** जश्न ए रेख्ता का आठवां संस्करण राष्ट्रीय राजधानी के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें गीतकार जावेद अख्तर, संगीतकार विशाल व रेखा भारद्वाज, निर्देशक अनुराग कश्यप, लेखक-हास्य कलाकार वरुण ग्रोवर जैसे दिग्गज कलाकर भाग लेंगे. उर्दू भाषा और हिंदुस्तानी संस्कृति का यह महोत्सव आठ दिसंबर से शुरू हो रहा है, जिसमें गजल, सूफी संगीत, कव्वाली, दास्तानगोई, परिचर्चा, मुशायरा, काव्य पाठ, फूड फेस्टिवल और पुस्तक प्रदर्शनी सहित कई प्रस्तुति होंगी.

## विमान दुर्घटनाग्रस्त दो पायलट की मौत

**नयी दिल्ली।** हैदराबाद के समीप सोमवार सुबह भारतीय वायु सेना का एक प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार दो पायलट की मौत हो गयी. अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायु सेना ने दुर्घटना की वजह का पता लगाने के लिए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' के आदेश दिए हैं.यह दुर्घटना तेलंगाना में मेडक जिले के तूपरन मंडल में हुई. भारतीय वायु सेना के एक अधिकारी ने कहा कि हैदराबाद स्थित वायु सेना अकादमी से नियमित प्रशिक्षु उड़ान के दौरान एक पिलाटस पीसी 7 एमके द्वितीय प्रशिक्षु विमान आज सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गया.

## तुर्किये में 5.1 तीव्रता का भूकंप, दहशत

**अंकारा।** उत्तर पश्चिम तुर्किये में सोमवार को मध्यम तीव्रता का भूकंप आया. भूकंप से लोग दहशत में आ गए और घरों से बाहर निकल आए. भूकंप से जानमाल के नुकसान की अभी कोई सूचना नहीं है. आपदा प्रबंधन एजेंसी एएफएडी के अनुसार 5.1 तीव्रता के भूकंप का केंद्र बर्सा प्रांत के जेमलिक शहर के पास मरमारा सागर में था. भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजकर 42 मिनट पर (अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सुबह सात बजकर 42 मिनट) लगभग समुद्र में नौ किलोमीटर की गहराई में आया था.

## 2025 में रिलीज होगी फिल्म 'हाउसफुल 5'

**मुंबई।** अक्षय कुमार और रितेश देशमुख अभिनीत फिल्म 'हाउसफुल 5' छह जून 2025 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी. फिल्म निर्माण कंपनी ने यह जानकारी दी. 'दोस्ताना' और 'ड्राइव' जैसी फिल्मों के निर्देशक तरुण मनसुखानी फिल्म 'हाउसफुल 5' का निर्देशन करेंगे. साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित यह फिल्म पहले अगले साल दीपावली के मौके पर रिलीज होने वाली थी. फिल्म निर्माण कंपनी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि हाउसफुल फ्रैंचाइजी को मिली भारी सफलता का श्रेय दर्शकों को जाता है.

## आग से एक कारखाना व दो मकान क्षतिग्रस्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आग लगने की एक घटना में एक कारखाना और दो मकान क्षतिग्रस्त हो गए. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि आग रविवार को देर रात लगी और इसने दो मकानों और एक कारखाने को अपनी चपेट में ले लिया. उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया तथा आग पर काबू पा लिया गया. अधिकारी ने कहा कि आग लगने के कारण पता लगाया जा रहा है.

## ट्रेन की चपेट में आया नाबालिग, हुई मौत

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में रेल की पटरी के पास लगे पेड़ से बेर तोड़ते वक्त 11 वर्षीय लड़के की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई. अपर पुलिस अधीक्षक (देहात क्षेत्र) सागर जैन ने सोमवार को बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र के परागपुर गांव के रहने वाले रईस नामक व्यक्ति का 11 वर्षीय बेटा शाह आलम रविवार देर शाम अपने दोस्तों के साथ रेल की पटरी के पास लगे बेर के पेड़ से फल तोड़ने गया था. इसी दौरान वह वहां से गुजर रही किसी ट्रेन की चपेट मे आ गया. उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

## गर्मजोशी के साथ स्वागत...



श्रीलंकाई सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल विकुम लियानगे का नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर निरीक्षण के आगमन पर सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने स्वागत किया. -फोटो : पीटीआई

आओ जानें

## विश्व के अधिकांश धरोहर स्थल

| | | | |
|---|---|---|---|
| इटली | 59 | पोलैंड | 17 |
| चीन | 57 | पुर्तगाल | 17 |
| जर्मनी | 52 | चेकिया | 17 |
| फ्रांस | 52 | बेल्जियम | 16 |
| स्पेन | 50 | दक्षिण कोरिया | 16 |
| भारत | 42 | स्वीडन | 15 |
| मेक्सिको | 35 | पेरू | 13 |
| यूके | 33 | स्विट्ज़रलैंड | 13 |
| रूस | 31 | नीदरलैंड | 13 |
| ईरान | 27 | ऑस्ट्रिया | 12 |
| जापान | 25 | अर्जेंटीना | 12 |
| यूएस | 25 | डेनमार्क | 11 |
| ब्राज़ील | 23 | इथियोपिया | 11 |
| कनाडा | 22 | बुल्गारिया | 10 |
| तुर्की | 21 | क्रोएशिया | 10 |
| ऑस्ट्रेलिया | 20 | इंडोनेशिया | 10 |
| ग्रीस | 19 | दक्षिण अफ्रीका | 10 |

### संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन पीएम के समर्थन में जमकर हुई नारेबाजी

# गुस्सा छोड़ आगे बढ़े विपक्ष: मोदी

भाषा।नयी दिल्ली

सोमवार को शीतकालीन सत्र के पहले दिन आसन पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के आने से पहले मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत से उत्साहित पार्टी के सदस्यों ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में जमकर नारेबाजी की. लोकसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही शुरू करते ही छह पूर्व सदस्यों के निधन के बारे में सदन को सूचित किया. इसके बाद सदस्यों ने कुछ देर मौन रखकर दिवंगत पूर्व सांसदों को श्रद्धांजलि दी. वहीं, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने भी सदन के पूर्व सदस्यों का पिछले दिनों निधन हो जाने का जिक्र किया और दिवंगत पूर्व सदस्यों के सम्मान में कुछ क्षणों का मौन रखा.

**पीएम का विपक्षी दलों से आग्रह, नकारात्मकता को पीछे छोड़ें :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी दलों से आग्रह किया कि संसद के शीतकालीन सत्र में वे विधानसभा चुनावों में मिली पराजय का 'गुस्सा' ना निकालें बल्कि उससे सीख लेते हुए पिछले नौ सालों की नकारात्मकता को पीछे छोड़ें और सकारात्मक रूख के साथ आगे बढ़ें, तभी उनके प्रति लोगों का नजरिया बदल सकता है.

सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि यदि विपक्षी दल 'विरोध के लिए विरोध' का तरीका छोड़ दें और देश हित में सकारात्मक चीजों में साथ दें तो देश के मन में उनके प्रति आज जो नफरत है, हो सकता है वह मोहब्बत में बदल जाए. चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों को 'बहुत ही उत्साहवर्धक' करार देते हुए उन्होंने कहा कि देश ने नकारात्मकता को नकारा है.

**कांग्रेस और राकांपा ने की किसानों की कर्ज माफी की मांग :** महाराष्ट्र और पंजाब के किसानों का कर्ज माफ करने की मांग सोमवार को लोकसभा में उठाई गई. सदन में शून्यकाल के दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सुप्रिया सुले और कांग्रेस के जसबीर सिंह गिल ने क्रमश: महाराष्ट्र और पंजाब के किसानों की 'दयनीय स्थिति' का मुद्दा उठाया और कर्जमाफी की मांग केंद्र से की.

**हंगामे के कारण 12 बजे तक संसद की कार्यवाही स्थगित रही :** बसपा के सांसद दानिश अली मानसून सत्र में भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी की 'आपत्तिजनक' टिप्पणी के मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए सोमवार को गले में तख्तियां लटकाकर लोकसभा में पहुंचे, जिस पर हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही शुरू होने के करीब 10 मिनट बाद दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई.

### तीन राज्यों में भाजपा ने भारी बहुमत से जीत हासिल की

चार में से तीन राज्यों में भाजपा ने रविवार को भारी बहुमत से जीत हासिल की. मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख राज्य में उसने सत्ता में वापसी की वहीं राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने में सफल रही. तेलंगाना में भले ही भाजपा सत्तासीन होने में विफल रही लेकिन दक्षिणी राज्य में उसने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर मैं वर्तमान चुनाव नतीजे के आधार पर कहूं तो विपक्ष में जो बैठे हुए साथी हैं उनके लिए यह स्वर्णिम अवसर है. इस सत्र में पराजय का गुस्सा निकालने की योजना बनाने के बजाय, इस पराजय से सीखकर, पिछले नौ साल में चलाई गई नकारात्मकता की प्रवृत्ति को छोड़कर, इस सत्र में अगर सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ेंगे तो देश उनकी तरफ देखने का दृष्टिकोण बदलेगा.

**सत्र शुरू**

- देश हित और सकारात्मक चीजों में साथ दे विपक्ष
- देश ने नकारात्मकता को नकारा है : पीएम मोदी

### केंद्रीय जनजातीय विवि स्थापित वाला विधेयक पेश

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तेलंगाना में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने संबंधी एक विधेयक लोकसभा में पेश किया. विधेयक मे कहा गया है कि सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना आने वाले वर्षों में क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करेगी. यह उच्च शिक्षा तक लोगों की पहुंच और गुणवत्ता में वृद्धि करेगा.



संसद के शीतकालीन सत्र पर मीडिया को संबोधित करते पीएम मोदी

### राज्यसभा में उपाध्यक्षों के पैनल का पुनर्गठन

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को उच्च सदन के उपाध्यक्षों के नए पैनल की घोषणा की. धनखड़ ने संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन में इसकी घोषणा की. उन्होंने कहा कि उच्च सदन के उपाध्यक्षों के पैनल का पुनर्गठन किया गया है, जो चार दिसंबर 2023 से प्रभावी होगा. पुनर्गठित पैनल में कांग्रेस की फूलो देवी नेताम, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एस फॉन्गनान और दर्शना सिंह, मनोनीत सोनल मान सिंह, बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा, वाईआरएस कांग्रेस के वी विजयसाई रेड्डी, तृणमूल कांग्रेस के सुखेंदु शेखर राय, निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा शामिल हैं.

## आठ साल की आदिवासी बच्ची को उठा जंगल ले गया तेंदुआ

### एक माह में तेंदुए के हमलों मे पांच बच्चों की मौत

भाषा।बलरामपुर (उप्र)

बलरामपुर जिले के सोहेलवा क्षेत्र में जंगल के पास बच्चों के साथ खेलने गई आठ वर्षीय एक आदिवासी बच्ची को तेंदुआ उठा ले गया. उसका क्षत-विक्षत शव जंगल में पाया गया है. पिछले एक माह के दौरान तेंदुए के हमलों की घटनाओं में पांच बच्चों की मौत हो चुकी है.

क्षेत्रीय वन अधिकारी मनोज कुमार ने सोमवार को बताया कि पचपेड़वा विकास खंड के भगवानपुर कोडर गांव में चंद्र प्रकाश नामक व्यक्ति की आठ वर्षीय बेटी अनुष्का पास-पड़ोस में रहने वाले बच्चों के साथ रविवार को खेलने गई थी, तभी झाड़ियों में छिपकर बैठे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और जबड़े से पकड़कर उसे उठा ले गया. घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बच्ची की तलाश शुरू की. देर शाम उसका क्षत विक्षत शव जंगल में पाया गया. जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है. तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाने और अन्य उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं.

**खास बातें**

- जंगल में पाया गया बच्ची का क्षत-विक्षत शव
- तेंदुए को पकड़ने के लिए दिया गया निर्देश

## चार राज्यों के चुनावी नतीजे गले उतर पाना मुश्किल : मायावती

भाषा।लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम लोगों के गले से नीचे उतर पाना बहुत मुश्किल हैं और ऐसे रहस्यात्मक मामले पर गंभीर चिंतन और उसके समाधान की जरूरत है. मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर डाले गए सिलसिलेवार संदेशों में विस्तार से अपनी बात कही और चुनाव परिणाम के संदर्भ में जमीनी रिपोर्ट लेकर आगामी लोकसभा चुनाव की नए सिरे से तैयारी के लिए आगामी 10 दिसंबर को लखनऊ में पार्टी की अखिल भारतीय बैठक बुलाई है. उन्होंने कहा कि देश के चार राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम एक पार्टी के पक्ष में एकतरफा होने से लोगों का अचंभित और चिंतित होना स्वाभाविक है.

चुनाव के पूरे माहौल को देखते हुए ऐसा विचित्र परिणाम लोगों के गले के नीचे उतर पाना बहुत मुश्किल है. बसपा अध्यक्ष ने कहा कि यह ऐसा रहस्यात्मक मामला है जिस पर गंभीर चिंतन व उसका समाधान जरूरी है. लोगों की नब्ज पहचानने में भयंकर भूल-चूक चुनावी चर्चा का नया विषय है.

### समस्याओं का समाधान जल्द करें, सीएम योगी ने दी हिदायत, कहा-

# कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

भाषा।गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करने की हिदायत देते हुए सोमवार को आगाह किया कि इस काम में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के मुताबिक गोरखपुर के दौरे पर गए मुख्यमंत्री ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में 'जनता दर्शन' में लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाएं और उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें संतुष्ट करें. इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन कार्यक्रम में करीब 300 लोगों से मुलाकात की. उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा. आदित्यनाथ ने सभी फरियादियों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है.



उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं. उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए.

### एबीवीपी के 69वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आठ दिसंबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 69वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे. छात्र संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जुड़े छात्र संगठन का राष्ट्रीय सम्मेलन 10 दिसबर तक चलेगा. एबीवीपी ने कहा कि शाह सुबह 11 बजे दिल्ली में बुराड़ी के डीडीए ग्राउंड में नवनिर्मित टेंट सिटी इंद्रप्रस्थ नगर में 'अमृत महोत्सव' राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे. इस सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से 10,000 से अधिक छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है. सम्मेलन के दौरान शिक्षा, पर्यावरण, खेल, कला और समसामयिक मामलों सहित देश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी.

### विधानसभा चुनाव में अपने प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस ने कहा-

# हम भाजपा से ज्यादा दूर नहीं

भाषा।नयी दिल्ली

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में अपने प्रदर्शन को निराशाजनक करार देते हुए सोमवार को कहा कि नतीजे भले ही उसकी उम्मीद के मुताबिक नहीं हैं, लेकिन मत प्रतिशत के मामले में वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से ज्यादा दूर नहीं है. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मत प्रतिशत के इस अंतर को मिटाया जा सकता है तथा ये आंकड़े उम्मीद जगाते हैं. मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है तो तेलंगाना में कांग्रेस ने जीत हासिल की. वह राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता में थी जो उसे गंवानी पड़ी है. रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''यह सच है कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है. नतीजे हमारी उम्मीदों के मुताबिक़ नहीं आए हैं. लेकिन वोट शेयर के मामले में कांग्रेस भाजपा से ज़्यादा दूर नहीं है. उन्होंने कहा कि इस अंतर को मिटाया जा सकता है. ये आंकड़े वापसी के लिए आशा और उम्मीद जगाते हैं.

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा को 46.3 प्रतिशत और कांग्रेस को 42.2 प्रतिशत वोट मिले. मध्य प्रदेश में भाजपा को 48.6 प्रतिशत और कांग्रेस को 40.4 प्रतिशत मत हासिल हुए. राजस्थान में भाजपा को 41.7 प्रतिशत और कांग्रेस 39.5 प्रतिशत वोट मिले. जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया!.

**बोले जयराम**

- मत प्रतिशत के अंतर को मिटाया जा सकता है
- राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता गंवानी पड़ी

**मौसम** चक्रवाती तूफान के प्रभाव से चेन्नई और आसपास के जिलों में भारी बारिश हुई

# चक्रवाती तूफान में बदल सकता है 'मिगजॉम'

भाषा।भुवनेश्वर

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने सक्रिय चक्रवाती तूफान 'मिगजॉम' के सोमवार तक गंभीर चक्रवाती तूफानी में बदलने की संभावना है. 'मिगजॉम' के प्रभाव की वजह से ओडिशा राज्य के कुछ हिस्सों में मध्यम बारिश हुई. भारत मौसम विज्ञान (आईएमडी) विभाग ने यह जानकारी दी. विभाग ने ओडिशा के पांच दक्षिणी जिले मलकानगिरी, कोरापुट, रायगढ़, गजपति और गंजम जिलों को अलर्ट पर रखा है. आईएमडी ने सोमवार को सात सेमी से ग्यारह सेमी बारिश को लेकर 'येलो अलर्ट' चेतावनी जारी की है, वहीं पांच दिसंबर को इन क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश की संभावना को लेकर 'ऑरेंज अलर्ट' चेतावनी जारी की गई.

चक्रवाती तूफान 'मिगजॉम' के प्रभाव से चेन्नई और इसके आसपास के जिलों में सोमवार को भी भारी बारिश जारी रही. इस तूफान के पांच दिसंबर को आंध्र प्रदेश के समुद्र तट पर पहुंचने की संभावना है.

**जनजीवन प्रभावित**

- तिरुवल्लूर जिले में रविवार देर रात भारी बारिश
- ओडिशा के पांच दक्षिणी जिलों में येलो अलर्ट

### चक्रवात का मछलीपट्टनम के समुद्र तट से टकराने की संभावना



**70 उड़ानें रद्द :** सूत्रों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण चेन्नई हवाई अड्डे का संचालन सुबह नौ बजकर 40 मिनट से 11 बजकर 40 मिनट तक निलंबित कर दिया गया है तथा हवाई अड्डे पर आने और जाने वाली लगभग 70 उड़ानें रद्द कर दी गईं. उन्होंने बताया कि रनवे और टरमैक भी बंद हैं. चक्रवाती तूफान 'मिगजॉम' के प्रभाव के कारण चेन्नई और आसपास के चेंगलपेट, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों में रविवार देर रात से भारी बारिश जारी है.

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, चक्रवाती तूफान तीन दिसंबर को रात साढ़े ग्यारह बजे पुडुचेरी से करीब 210 किलोमीटर पूर्व-उत्तरपूर्व, चेन्नई से 150 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में केंद्रित है. इसके पांच दिसंबर को पूर्वाह्न उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर मजबूत होकर आंध्र प्रदेश के नेल्लोर और मछलीपट्टनम के समुद्र तट से टकराने की संभावना है. चक्रवात की वजह से रेल एवं हवाई सेवाओं को रद्द किया गया है या उनमें देरी हुई है.

## अमेरिकी जहाज ने दक्षिण चीन सागर में घुसपैठ की : चीन

भाषा।बीजिंग

चीन की सेना ने दावा जताया है कि अमेरिका के एक नौसैन्य जहाज ने विवादित द्वीप 'सेकंड थॉमस शोल' के समीप समुद्र में सोमवार को अवैध रूप से घुसपैठ की. यह द्वीप दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपीन के बीच क्षेत्रीय विवाद की जड़ है. पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के साउदर्न थिएटर ने एक बयान में कहा कि अभियान के दौरान यूएसएस गैब्रियल गिफोड्र्स पर नजर रखने के लिए चीन के नौसैन्य बल को तैनात किया गया. अमेरिकी नौसेना ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है.

चीन और फिलीपीन की नौसेना और तटरक्षक बल के जहाजों के बीच हाल के दिनों में 'सेकंड थॉमस शोल' के आसपास बार-बार टकराव हुआ है. चीन ने फिलीपीन को जर्जर अवस्था में पड़े एक जहाज की मरम्मत करने से रोकने की कोशिश की है जिसे उसने 1999 में एक सैन्य चौकी के रूप में तैनात किया था. चीनी सेना की आक्रामकता से परेशान फिलीपीन ने अमेरिका की मदद मांगी और इस साल की शुरुआत में देश में अमेरिकी सेना की मौजूदगी का विस्तार करने पर सहमति जतायी.

**खास बातें**

- नजर रखने के लिए चीन के नौसैन्य बल तैनात
- अमेरिकी नौसेना ने कोई टिप्पणी नहीं की है

# दिसंबर आते ही चांडिल डैम में चहल-पहल शुरू, उमड़ रहे सैलानी

प्रकृति के सानिध्य का लुत्फ उठाने डैम पहुंचने लगे सैलानी



चांडिल डैम में वोटिंग का लुत्फ उठाते सैलानी.

संवाददाता । चांडिल

साल का अंतिम माह शुरू होते ही लोग पुराने साल की विदाई और नए साल के स्वागत में जश्न मनाने की तैयारी करने लगे हैं. इसके साथ ही लोग छुट्टियों के दिन मनोरम स्थलों का भ्रमण करना शुरू कर दिए हैं. इसी क्रम में प्रकृति के सानिध्य का अहसास करने के लिए दूर-दराज से सैलानी चांडिल डैम पहुंचने लगे हैं. चारों ओर हरे-भरे जंगलों से घिरे चांडिल डैम का विशाल भूभाग पर कलकल करती स्वच्छ जलधारा लोगों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करती है. प्रतिवर्ष चांडिल डैम के हृदयस्पर्शी वातावरण को निहारने के लिए प्रतिवर्ष पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार समेत देश के कई राज्यों से लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं. नये वर्ष के स्वागत में जश्न मनाने के लिए चांडिल डैम सैलानियों की पहली पसंद बन गया है.

**सैलानियों को नहीं मिलतीं सुविधाएं:** वैसे तो बारह महीने चांडिल डैम में सैलानी आते हैं, लेकिन सर्दी का मौसम शुरु होते ही यहां सैलानियों की संख्या में बढ़ोतरी हो जाता है. केंद्र और राज्य सरकार के उदासीन रवैये के कारण पर्यटकों को यहां विशेष सुविधा नहीं मिल पाती है. नौका विहार की सुविधा छोड़ कर यहां सैलानी के लिए अन्य कुछ भी सुविधा उपलब्ध नहीं है. यहां ना दो पल चैन से बीताने के लिए बैठने की व्यवस्था है और ना पीने के लिए स्वच्छ पेयजल की. अगर राज्य और केंद्र सरकार संयुक्त रूप से चांडिल बांध स्थल में आधुनिक सुविधा युक्त पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करे तो राजस्व में वृद्धि होगी.

## आओ जानें

## 5 दिसंबर का इतिहास

- 1898 : प्रसिद्ध उर्दू कवि जोश मलीहाबादी का जन्म
- 1941 : प्रसिद्ध भारतीय महिला चित्रकार अमृता शेरगिल का लाहौर में निधन
- 1969 : निशानेबाज अंजलि भागवत का जन्म
- 1971 : भारत ने बंगलादेश को एक देश के रूप में मान्यता दी
- 1998 : रूस भारतीय नौसेना के लिए 'क्रिवाक श्रेणी' के बहुउद्देश्यीय युद्धपोत देने पर सहमत
- 1999 : युक्ता मुखी ने जीता मिस वर्ल्ड का खिताब
- 2001 : अफ़ग़ानिस्तान में हामिद करजई के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन पर चारों खेमे सहमत
- 2005 : ब्रिटेन ने कानून बनाकर समलैंगिकता को वैध करार दिया
- 2013 : दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला का निधन
- 2016 : पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता का निधन

# आदित्यपुर का रापचा बनेगा मॉडल गांव, टीम का दौरा

संवाददाता । आदित्यपुर



उन्नत भारत अभियान के तहत गम्हरिया प्रखंड का रापचा गांव मॉडल गांव बनेगा. रापचा गांव को उन्नत भारत अभियान एनआईटी की टीम निरंतर आगे बढ़ाने में लगी है. रविवार को गांव का दौरा कर टीम के लोगों ने युवाओं से भेंट की और उन्हें तीरंदाजी के संसाधन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है. ताकि यहां के युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी में नाम रोशन कर सके.

बता दें कि उन्नत भारत मिशन अभियान को अमलीजामा पहनाने में (एनआईटी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर की टीम निरंतर लगी हुई है. इसी योजना के तहत रविवार को एनआईटी की टीम गम्हरिया प्रखंड के रापचा गांव पहुंची थी और वहां के युवाओं को खेल प्रतिभा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के प्रयास में जुट गई है.

इसकी जानकारी देते हुए उन्नत भारत अभियान के क्षेत्रीय समन्वयक और एनआईटी के प्रोफेसर डॉ रंजीत प्रसाद ने बताया कि भारत की 70% प्रतिशत आबादी गांवों में बसती है. गांवों के संपूर्ण विकास के बगैर हम विकसित राष्ट्र नहीं बन सकते हैं. गांव की जमीनी हकीकत को जानने के लिए जरूरी है गावों में जाना और जमीनी हकीकत को परखना. इसी बात को ध्यान में रखते हुए रविवार को एनआईटी जमशेदपुर की उन्नत भारत की टीम ने अपने सेवा गांव रापचा का दौरा किया, जिसमें उन्नत भारत अभियान की संस्थान समन्वयक डॉ कणिका प्रसाद, डॉ शैलेश कुमार झा, डॉ रिंकू गोड्डा व अनुरुद्ध कुमार शामिल थे. टीम रापचा गांव में वैसे युवाओं से मुलाकात की जो तीरंदाजी का अभ्यास कर रहे हैं. युवाओं ने बताया कि इस रापचा गांव से कई लोग तीरंदाजी में अपना हुनर दिखा चुके हैं. कई लोगो को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान भी मिली है.

## अच्छी खबर : 2 करोड़ रुपये से बन रहा 4 मीटर चौड़ा ब्रिज

# नए साल में चालू होगा गोमो रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज

सतीश गोस्वामी । गोमो (धनबाद)

धनबाद रेल मंडल के गोमो स्टेशन पर दो करोड़ रुपये की लागत से बन रहे फुट ओवरब्रिज का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है. फिलहाल, ब्रिज की सीढ़ी की सतह पर टाइल्स लगाने का काम चल रहा है. एक पार्ट का काम दो सप्ताह में पूर्ण होने की उम्मीद है. इसके बाद दूसरे पार्ट का काम पूरा किया जाएगा. वहीं, ब्रिज के ऊपर शेड निर्माण का काम भी तेजी से चल रहा है. इसे इस माह के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है. इसके बाद नए साल में इस आधुनिक फुट ओवरब्रिज को चालू कर दिया जायेगा. फुट ओवरब्रिज की चौड़ाई 4 मीटर है. इस पर दो लिफ्ट भी लगाई जा रही है. एक प्लेटफॉर्म नंबर दो पर और दूसरी प्लेटफॉर्म नंबर एक पर होगी.



### निर्माण पिछले 6 वर्षों से चल रहा है

ज्ञात हो कि फुट ओवरब्रिज का निर्माण पिछले 6 वर्षों से चल रहा है. कोरोना काल के दौरान दो साल तक काम बंद था. ओवरब्रिज का निर्माण वर्ष 2018-19 में स्टेशन के उत्तरी छोर के सर्कुलेटिंग एरिया से प्लेटफॉर्म नंबर 2 तक शुरू किया गया था. दूसरे पार्ट में स्टेशन की दक्षिणी दिशा का काम भी वर्ष 2018-19 में ही शुरू हुआ था. लेकिन कोरोना के दौरान निर्माण कार्य पूरी तरह ठप रहा. रेलवे बोर्ड के निर्देश पर पिछ्ले छह माह से निर्माण कर में तेजी आई है. रेलवे अधिकारियों की मानें, तो नए साल में जनवरी के अंत तक फुट ओवरब्रिज को आम लोगों के आवागमन के लिए चालू कर दिया जाएगा.

### सीढ़ियां चढ़ने में काफी दम लगाना होगा

फुट ओवरब्रिज की सीढ़ियां खड़ी हैं. ऐसे में 19 खड़ी सीढ़ियों पर चढ़ने में काफी दम लगाना होगा. इस संबंध में एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे अभियंता की ओर से दिए गए नक्शे के आधार पर निर्माण कार्य चल रहा है. वहीं, वर्तमान अभियंता का कहना है कि उनके कार्यकाल में ब्रिज का निर्माण नहीं शुरू हुआ है. जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि हीरामन नायक ने कहा कि रेलवे अधिकारियों को इस पर ध्यान देना चाहिए था. खड़ी सीढ़ियों पर चढ़ने-उतरने में लोगों को परेशानी होगी.

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए आचार्यकुलम की निधि का चयन



संवाददाता । रांची

विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के ऊर्जा संरक्षण राष्ट्रीय अभियान - 2023 के अंतर्गत राज्यस्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दामोदर वैली कारपोरेशन ने किया. पलाश सभागार डोरंडा रांची में आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में राज्य भर के 100 स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया. आचार्यकुलम की छात्रा निधि रानी को (ग्रुप ब ) द्वितीय पुरस्कार के रूप में 30,000 रुपये नगद प्रदान किए गए. साथ ही उनका चयन राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के लिए किया गया, जिसका आयोजन 11 दिसंबर 2023 को नई दिल्ली में किया जाएगा. इसके साथ ही आचार्यकुलम की छात्रा प्रतिभा हेंब्रम को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 7,500 की नगद राशि प्रदान की गई. विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौरा ने छात्र-छात्राओं के अद्भुत और मनोहर कलाकृतियों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया तथा उनके बेहतर प्रदर्शन की कामना की. कला शिक्षक विजय कुमार जयसवाल व शिक्षक रवि वर्मा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने अद्भुत कलाकृतियों का प्रदर्शन किया. विद्यालय के प्रबंधक स्वामी दिव्यदेव जी ने चित्रकला के प्रति बच्चों के लगन रुचि की सराहना करते हुए राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यार्थी निधि रानी को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की.




मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - दीपक कुमार अम्बष्ठ*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)